नई दिल्ली
मंगलवार 3 मार्च 2026
फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष
पूर्णिमा : 29, अंक : 319
पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00

**मौसम**
अधि. 35
न्यून. 20

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### साल का पहला चंद्रग्रहण आज

**ग्रहण दोपहर 3.20 बजे से शाम 6 बजकर 46 मिनट तक**



भोपाल। भोपाल सहित देशभर में मंगलवार को साल का पहला चंद्रग्रहण रहेगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल सुबह 6:20 बजे से शुरू होगा। सूतक काल लगते ही मंदिर में दर्शन, हवन-पूजन, जप, अनुष्ठान और अन्य ▸▸ शेष पेज 5 पर

बिना लीडर के ही जंग में अकेला पड़ा ईरान रिवॉल्यूशनरी गार्ड मनमर्जी से कर रहे हमले

# अब ईरान की तरफ जर्मनी, ब्रिटेन व फ्रांस की भी मिसाइलें, पुतिन नाराज, बोले-ईरान के 'संपर्क' में

*हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रुकने के कारण सोमवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में करीब 10% की भारी उछाल दर्ज की गई*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/तेल अवीव/तेहरान




अमेरिका और इजराइल की तरफ से ईरान पर हमला बोले जाने के बाद पश्चिम एशिया में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। जंग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब ईरान की तरफ ब्रिटेन, फ्रांस व जर्मनी की मिसाइलें भी तन गईं हैं। वहीं, ईरान बिना नेतृत्व के अकेले ही जंग लड़ रहा है। उसके रिवॉल्यूशनरी गार्ड अपनी मनमर्जी से हमला कर रहे हैं। इसलिए, उसके टारगेट स्पष्ट नहीं हो रहे हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने इन हमलों को अनैतिक बताया है। उन्होंने कहा है कि वे ईरान के बचे हुए नेताओं के संपर्क में हैं। माना जा रहा है कि इय जंग में यदि रूस कूद गया तो भयंकर तबाही मच जाएगी। उधर, ईरान ने इजराइल और क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर पलटवार किया है। यूएई के एक होटल में ड्रोन गिरने से आग लग गई। इसके अलावा क्षेत्र में कई नागरिक जुटाव वाले इलाकों में भी लगातार अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। पश्चिम एशिया में मौजूदा समय में जैसी स्थितियां पैदा हुई हैं, उनसे क्षेत्र में बसे भारतीय नागरिकों का एक वर्ग भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। ईरान ने कहा है कि रविवार को उसकी परमाणु साइट पर अमेरिका और इजराइल ने हमला किया है। आईएईए में ईरान के राजदूत रेजा नजाफी ने कहा कि नतान्ज न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमला हुआ। तेल ▸▸ शेष पेज 5 पर



### एफ-15 क्रैश पर अमेरिका का बयान

अमेरिकी सेना ने सोमवार को बताया कि ईरान के हमलों के दौरान एक लड़ाकू मिशन में कुवैत ने गलती से अमेरिकी वायुसेना के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमानों को मार गिराया। सभी छह एयरक्रू सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे, उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनकी हालत स्थिर है। कुवैत ने इस घटना को स्वीकार किया है और जारी अभियान में सहयोग के लिए अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के प्रयासों के प्रति आभार जताया है।



### वार अपडेट

1. **ईरान बोला-** हमारी परमाणु साइट पर हमला
2. **ईरान का दावा-** हमने नेतन्याहू के दफ्तर को उड़ाया
3. इजराइल ने हमले की खबर का खंडन किया
4. इस जंग में अब तक ईरान के 555 लोग मारे गए
5. कुवैत में यूएस दूतावास परिसर में धुएं का गुबार
6. कुवैत ने गलती से मार गिराए यूएस के 3 फाइटर जेट्स
7. कई तेल रिफाइनरियों में भी मिसाइल हमले, ज्यादातर बंद
8. पश्चिम एशिया में तनाव से बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 1048 अंक टूटा

### न्यूक्लियर प्लांट पर हमले के संकेत नहीं

वियना में इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की इमरजेंसी मीटिंग हुई। डिप्लोमेट्स ने कहा कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि शनिवार के हमलों में ईरानी न्यूक्लियर फैसिलिटीज पर हमला हुआ था। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी कमीशन के चीफ राफेल मारियानो ग्रॉसी ने चेताया है कि अभी तक ईरान की सीमा से लगे देशों में रेडिएशन लेवल में ▸▸ शेष पेज 5 पर

### खामेनेई की पत्नी की भी मौत


मंसूरे खोजस्ते

इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह भी घायल हो गई थीं, जिनका उपचार अस्पताल में कराया जा रहा था। खामेनेई की पत्नी मंसूरे की भी उपचार के दौरान ▸▸ शेष पेज 5 पर

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ राजधानी में हुई बैठक के बाद दिए संयुक्त प्रेस बयान में बोले पीएम

# पश्चिम-एशिया की स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय, बातचीत से निकले समाधानः प्रधानमंत्री मोदी

- ***समूची मानवता के लिए साझा-गंभीर चुनौतियों में शामिल हैं आतंकवाद, कट्टरता और अलगाववाद***
- ***दोनों देश 2026 के अंत तक 'सीपा' समझौते को देंगे अंतिम रूप***
- ***2030 तक दोगुना होगा व्यापार, 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य***
- ***दोनों देशों के बीच दुर्लभ खनिजों, यूरेनियम की सप्लाई सहित हुए कई अहम समझौतों पर हुए हस्ताक्षर, की गई जरूरी घोषणाएं***

***कनाडा के पेंशन फंड ने भारत में किया 100 बिलियन डॉलर का निवेश***



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के युद्ध के बीच अपने संबंधों को एक बार फिर से सामान्य बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे भारत और कनाडा के प्रधानमंत्रियों के बीच सोमवार को राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों शीर्ष नेताओं की बातचीत के केंद्र में आपसी संबंधों को भविष्य में और अधिक प्रगाढ़ बनाने के अलावा वर्तमान में बेहद तनावपूर्ण बने हुए पश्चिम-एशिया के हालात के मुद्दे को प्रमुखता से शामिल किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बैठक के तुरंत बाद दिए संयुक्त प्रेस बयान में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि क्षेत्र में वर्तमान में बनी हुई परिस्थिति हमारे देश के लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत संवाद और कूटनीति के जरिए सभी विवादों का समाधान निकालने का समर्थन करता है। साथ ही हम सभी पक्षों से आक्रामकता से दूरी बनाते हुए नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह करते हैं। पश्चिम-एशिया में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए भारत, सभी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### यूं और मजबूत होगी शांति की आवाज

प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक तनाव को लेकर भारत एक स्पष्ट सोच रखता है। जिसके तहत हमने हमेशा शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया है। पीएम ने दो बड़े लोकतंत्रों के रूप में भारत-कनाडा के साथ आने के बारे में बताते हुए कहा कि इससे शांति की आवाज को और अधिक मजबूती मिलती है। उन्होंने कनाडा को हिंद-प्रशांत क्षेत्र का एक जरूरी साझेदार बताया। साथ ही इंडियन ओसियन रिम एसोसिएशन में संवाद भागीदार बनने के उनके निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे हमारे समुद्री सहयोग और अधिक गहरा होगा।

### खामनेई की मौत पर नहीं हुई चर्चा

बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने ये साफ किया कि भारत-कनाडा के शीर्ष नेताओं की वार्ता में ईरान-पश्चिम एशिया संकट के मामले पर गंभीरता के साथ चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मुद्दे को पीएम कार्नी के समक्ष उठाया और उन्हें भारत के रुख को समझाया। जिसमें हालांकि भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका के हवाई हमलों में बीते दिनों मारे गए ईरान के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामनेई की मौत के मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इतना जरूर है कि मामले पर उनकी क्षेत्र के कई राष्ट्रप्रमुखों के साथ बातचीत जारी है, जिसमें इजरायल और यूएई शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अपनी इन चर्चाओं के बारे में कनाडा के प्रधानमंत्री को रूबरू कराया है। जिसका लब्बोलुआब यही है कि इसमें भारत की तरफ से क्षेत्र में बनी हुई परिस्थिति के आक्रामक रुख धारण करने को लेकर चिंता जताई गई है। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे संवाद और कूटनीति इस समस्या के समाधान की असली वजह बनेगा?

### वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता से उत्पन्न दबाव के बीच तैयार होगा साझेदारी का नया ब्लूप्रिंट

- **राजधानी में आयोजित भारत-कनाडा सीईओ मंच को संबोधित करते हुए बोले प्रधानमंत्री मोदी।**
- **दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को दिए मजबूत साझेदारी के पांच मूल्यवान सुझाव।**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के चिंताजनक माहौल के बीच सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की पहली चार दिवसीय आधिकारिक भारत यात्रा का अंतिम दिन था। इस दौरान उन्होंने सबसे पहले नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आयोजित की गई एक अहम द्विपक्षीय बैठक में भाग लिया और उसके बाद दोनों शीर्ष नेता भारत-कनाडा सीईओ मंच की बैठक में शामिल हुए। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री के कार्यकाल को अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ है। लेकिन इससे पहले ही हमारे संबंधों ने एक हल्के वर्ष की छलांग लगा ली है। बीते कुछ महीनों में दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ा है, स्पष्टता आई है और संबंधों में नई गति देखने को मिली है। ये सब कुछ ऐसे समय पर हो रहा है। जब पूरी दुनिया आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है और वहीं, अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था भी दबाव का सामना ▸▸ शेष पेज 5 पर

# वंतारा फाउंडेशन डेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक वर्ष बाद, अनेक जानवर स्वस्थ होकर फिर से जंगल में लौटे








एजेंसी ▸▸ जामनगर

वंतारा फाउंडेशन डेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के एक वर्ष बाद, अनेक जानवर स्वस्थ होकर फिर से जंगल में लौटेजामनगर, गुजरातः वंतारा फाउंडेशन डे के अवसर पर, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसके उद्घाटन के एक वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, वंतारा ने वन्यजीव बचाव, उन्नत चिकित्सीय देखभाल और विज्ञान-आधारित संरक्षण में अपने एक वर्ष के मापनीय प्रभाव पर प्रकाश डाला।

अनंत मुकेश अंबानी द्वारा स्थापित वंतारा ने विभिन्न प्रजातियों के हजारों बचाए गए वन्य जीवों—जिनमें बड़े बिल्लीनुमा जीव, सरीसृप, प्राइमेट्स (वनमानुष वर्ग), पक्षी तथा अन्य स्तनधारी शामिल हैं—को स्वस्थ किया है। बीते वर्ष में इसकी पशु-चिकित्सा टीमों ने कई जटिल शल्य प्रक्रियाएं कीं और अनेक जानवरों को उनके प्राकृतिक आवास में पुनर्वासित किया, साथ ही बचाव, उपचार और पूर्ण स्वस्थ होने के बाद कई जानवरों को पुनः जंगल में छोड़ा।अपने पहले वर्ष में, अनंत अंबानी को वन्यजीव की विशेष देखभाल और संरक्षण में उनके उल्लेखनीय वैश्विक योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'ग्लोबल ह्यूमेन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। जो करुणा और विज्ञान-आधारित संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। वंतारा के कार्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर EARAZA और SEAZA की सदस्यता, ग्लोबल ह्यूमेन कंजर्वेशन सर्टिफिकेशन तथा प्राणी मित्र पुरस्कार 2025 के माध्यम से भी मान्यता मिली है। सम्मान से आगे बढ़ते हुए, संगठन ने दीर्घकालिक प्रभाव निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया है—सैकड़ों पशु-चिकित्सकों को संरक्षण चिकित्सा में प्रशिक्षित किया, 50 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम आयोजित किए, और हजारों बच्चों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जोड़ा, ताकि अगली पीढ़ी को संरक्षण के प्रति प्रेरित किया जा सके।पिछले एक वर्ष में, वंतारा ने संकटग्रस्त और शोषणपूर्ण परिस्थितियों से जानवरों का बचाव किया है, साथ ही उन्हें विश्व-स्तरीय पशु-चिकित्सीय देखभाल और दीर्घकालिक, विशेष सहायता प्रदान की है। लकड़ी ढुलाई, सर्कस, सवारी और भीख मांगने जैसी गतिविधियों से बचाए गए 250 से अधिक हाथियों—जो गठिया और अन्य आयु-संबंधी बीमारियों से ग्रस्त थे—को विशेष देखभाल दी जा रही है। वंतारा भीड़भाड़ वाली सुविधाओं से बचाए गए हजारों मगरमच्छों की निरंतर देखभाल भी करता है। भारत के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर सहयोग के माध्यम से, वंतारा करुणा, कल्याण और विज्ञान पर आधारित एक वैश्विक संरक्षण मॉडल को प्रतिबिंबित करता है।वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र (पश्चिम क्षेत्र) के रूप में नामित वंतारा ने वन्यजीव स्वास्थ्य को व्यापक रोग निगरानी और समन्वित प्रतिक्रिया प्रणालियों में एकीकृत कर भारत के 'वन हेल्थ' पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ किया है। इसकी वैज्ञानिक संरचना में एक केंद्रीय वैज्ञानिक प्रयोगशाला और 11 उपग्रह प्रयोगशालाएं शामिल हैं, जिनमें 70 से अधिक विशेषज्ञ कार्यरत हैं और जो प्रतिदिन 2,000 से अधिक नैदानिक नमूनों की जांच करती हैं। इनकी क्षमताओं में बायो-बैंकिंग, नेक्स्ट-जनरेशन सीक्वेंसिंग, आणविक निदान, पैथोलॉजी, परजीविविज्ञान और विषविज्ञान शामिल हैं।प्रतिदिन हजारों जानवरों की देखभाल का समर्थन करते हुए, वंतारा पूरी तरह स्वचालित प्रणालियों के माध्यम से 1,56,000 किलोग्राम उच्च-गुणवत्ता वाला पोषण तैयार करता है, जिसे 50 तापमान-नियंत्रित वाहनों के माध्यम से वितरित किया जाता है और 200 प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा प्रबंधित किया जाता है। इसके अतिरिक्त, 1,000 से अधिक किसान चारा और पशु-आहार की खेती में सहयोग करते हैं। इस एकीकृत देखभाल के व्यापक स्तर के साथ 200 सदस्यों की चौबीसों घंटे सक्रिय प्रतिक्रिया टीम भी कार्यरत है, जिसने 50 से अधिक अंतरराष्ट्रीय बचाव अभियानों तथा 15 वन्यजीव त्वरित प्रतिक्रिया एवं बचाव टीम तैनातियों में सहयोग प्रदान किया है।

## दोस्त ही निकला कैंटीन मालिक की हत्या का मास्टरमाइंड

# हत्या के बाद शव टुकड़े -टुकड़े कर वृंदावन में फेंका, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




द्वारका में लूटपाट के इरादे से 48 वर्षीय कैंटीन मालिक की दोस्त ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को टुकड़े-टुकड़े करके उत्तर प्रदेश में वृंदावन के पास यमुना नदी में फेंका। पुलिस ने 18 फरवरी को हुई हत्या के सिलसिले में एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी हैप्पी उर्फ सूरज (29) ने लगभग एक साल पहले छत्तीसगढ़ सदन में कैंटीन चलाने वाले अनरूप गुप्ता (48) से दोस्ती की थी। सूरज ने देखा कि गुप्ता अक्सर सोने के आभूषण पहनता है और उसे यह भी पता चला कि वह अपने परिवार से अलग रहता है। 18 फरवरी को हैप्पी ने गुप्ता को मटियाला एक्सटेंशन स्थित अपने किराए के मकान में पार्टी के लिए बुलाया और वहां आरोपियों ने उसे कथित तौर पर रस्सियों से बांध दिया। लाठियों से पीटने के बाद पैसे मांगे। गुप्ता ने उन्हें बताया कि उसकी सोने की अंगूठियां और ब्रेसलेट छत्तीसगढ़ सदन में खड़ी उसकी एसयूवी कार में हैं। इसके बाद आरोपियों ने कार की चाबियां छीनी और गाड़ी को मटियाला ले जाकर सोने के गहनें उसमें से निकाल लिए। हालांकि, जब अनरूप गुप्ता ने पैसे देने से इंकार कर दिया, तो उसे फिर से पीटा गया और चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई। हैप्पी ने कथित तौर पर एक बड़ा चाकू खरीदा और शव के टुकड़े किये। शरीर के अंगों को प्लास्टिक के तीन बैगों में पैक किया गया। गुप्ता की एसयूवी का उपयोग करके बैगों को वृंदावन ले जाकर यमुना नदी में फेंक दिया गया। जांचकर्ताओं को गुमराह करने के प्रयास में उन्होंने गुप्ता का मोबाइल फोन कार के अंदर ही छोड़ दिया और उसे बंद नहीं किया। उन्होंने पीड़ित के फोन से छत्तीसगढ़ सदन कैंटीन के कर्मचारियों को संदेश भेजकर कैंटीन बंद करने और घर जाने के लिए कहा। गुप्ता के परिवार को भी संदेश भेजा गया जिसमें कहा गया कि वह छुट्टियां मनाने गोवा जा रहा है और उसे परेशान न किया जाए। सिंह ने कहा कि यह मामला तब सामने आया जब गुप्ता के परिवार ने 23 फरवरी को दिल्ली पुलिस के द्वारका नॉर्थ थाने में उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई, क्योंकि वह उससे संपर्क नहीं कर पा रहे थे। गुप्ता की एसयूवी भी लापता थी। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान पीड़ित की गतिविधियों का पता लगाने के लिए टोल प्लाजा और घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की लगातार तीन दिनों तक जांच की गई और जांच में पता चला कि गुप्ता ने 18 फरवरी को 'बाइक राइड' बुक की थी और छत्तीसगढ़ सदन में अपनी एसयूवी खड़ी करके मटियाला एक्सटेंशन की ओर रवाना हो गया था। सीसीटीवी कैमरा फुटेज में उसे वहां एक इमारत में प्रवेश करते हुए देखा गया। सिंह ने कहा कि मगर वह इमारत से बाहर आते नहीं दिखा और बाद में चार अन्य व्यक्तियों को भी उसी इमारत में प्रवेश करते देखा गया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की गहन जांच से पीड़ित की कार की संदिग्ध गतिविधि का पता चला और गाड़ी को इमारत के तहखाने में प्रवेश करते और बाहर निकलते हुए देखा गया और फिर 19 और 20 फरवरी की दरमियानी रात को यमुना एक्सप्रेसवे की ओर जाते हुए देखा गया। पुलिस ने बताया कि एनएचएआई के टोल डेटा से पुष्टि हुई कि एसयूवी वृंदावन गई थी और कुछ ही घंटों बाद नोएडा लौट आई थी। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस को भी दी गई तथा मथुरा जिले की पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करने के बाद यमुना नदी से शरीर के क्षत-विक्षत अंग बरामद किए गए। सीसीटीवी फुटेज की आगे की जांच की गई और मुख्य साजिशकर्ता हैप्पी उर्फ सूरज की पहचान हुई, जो हरियाणा के हांसी का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक हैप्पी को गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ के दौरान उसने अपने साथियों भूपेंद्र, बलराम, नीरज और अपनी सह-जीवन साथी राखी के साथ मिलकर कथित तौर पर साजिश रचने की बात कबूल की।

## दो नाबालिग भाईयों पर चाकू से हमले में एक पकड़ा

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिले के शालीमार बाग इलाके में दो नाबालिग भाइयों पर चाकू से हमला करने के मामले में एक 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सुमित ने पुरानी रंजिश के चलते इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार यह वारदात 23 फरवरी को हैदरपुर के एक सरकारी स्कूल के मैदान में घटी थी। पीड़ित 16 वर्षीय लड़के और उसके 17 वर्षीय भाई पर स्कूल के छात्रों के बीच चल रही प्रतिद्वंद्विता के कारण हुए झगड़े में सुमित और उसके साथियों ने चाकू से हमला किया था। बच्चों की मां के शोर मचाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे थे तब कहीं जाकर हमलावर वहां से भागे थे। शिकायत और बयान के आधार पर 24 फरवरी को शालीमार बाग थाने में हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि एक टीम ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान सुमित ने हमले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

## प्लास्टिक दाना, फोम सीट और फर्नीचर के एक गोदाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली के टिकरी इलाके में सोमवार सुबह एक प्लास्टिक दाना, फोम सीट और फर्नीचर के गोदाम में भीषण आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा की तीन दर्जनभर गाड़ियां मौके पर पहुंची और शाम करीब सवा छह बजे आग पर काबू पाया जा सका। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

मिली जानकारी के अनुसार टिकरी के नेताजी सुभाष विहार इलाके के पास सुबह 7:49 बजे आग लगने की सूचना पुलिस व दमकल को मिली थी। देखते देखते आग इतनी भयावह हो गई कि उसकी लपटें और काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। आग की सूचना मिलते ही मौके पर तीन दर्जन से अधिक दमकल गाड़ियां

■ कोई हताहत नहीं

मौके पर पहुंची। करीब 10 घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। देर शाम तक कूलिंग का काम जारी था। आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है। शुरुआती जांच के बाद आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने की जांच पुलिस करेगी। गोदाम से कुछ ही दूरी पर ठेला लगाने वाले रवि ने बताया कि आग लगने के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी पुलिस द्वारा कर दी थी। एहतियातन आसपास की फैक्ट्रियों को भी खाली करा लिया गया था। आग काफी तेजी से फैली। धुएं के कारण आसपास के इलाकों में विजिबिलिटी कम हो गई थी और लोगों को सांस लेने में कठिनाई का सामना भी करना पड़ा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी जतिन, पुत्रः** लेखराज, **पताः** 16/115, आई ब्लॉक, हरध्यान सिंह मार्ग, बापा नगर, करोल बाग, **दिल्ली FIR No. 393/2022, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जतिन,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जतिन, FIR No. 393/2022, U/s: 138 NI Act, पुलिस थानाः करोल बाग, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.04.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निशांत बांगड़
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
(केंद्रीय) कमरा नं. 180
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/2491/CD/2026
(Court Matter)

## तीन बैंकों और छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी के तीन बैंकों और छह स्कूलों को सोमवार को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद कई सुरक्षा एजेंसियों को इन परिसरों में भेजा गया और व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि जिन बैंकों को धमकियां मिलीं उनमें कनॉट प्लेस स्थित एक्सिस बैंक की शाखा, भारतीय स्टेट बैंक की एम्स शाखा और पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित एसबीआई की शाखा शामिल हैं।

इसी तरह आधा दर्जन स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिलें। जिन छह स्कूलों को धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए उनमें दिल्ली कैंट का आर्मी पब्लिक स्कूल, सलवान पब्लिक स्कूल, सरदार पटेल विद्यालय, जनकपुरी का मीरा पब्लिक स्कूल, रामजस पब्लिक स्कूल और राजेंद्र नगर का रामजस स्कूल शामिल हैं। डीएफएस के अनुसार, संस्थानों को ईमेल प्राप्त होने के बाद सुबह 8.20 बजे से बम की धमकियों से संबंधित कॉल आने शुरू हो गए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ते, खोजी दल और दमकल विभाग की टीमों को तुरंत अलग-अलग स्थानों पर भेजा गया। स्कूल परिसर में प्रशासन द्वारा ईमेल देखे जाने के तुरंत बाद एहतियात के तौर पर छात्रों और कर्मचारियों को बाहर निकाल लिया गया। अभिभावकों को सूचित कर दिया गया और उनसे नहीं घबराने का अनुरोध किया गया। पुलिस ने बताया कि कई घंटों की जांच पड़ताल के बाद भी कुछ संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। ईमेल के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### पिछले एक वर्ष के दौरान 1460 सफ़ाई कर्मचारियों को किया गया पक्का

## करुणामूलक आधार पर 86 आश्रितों को नियुक्ति, कर्मचारियों के कल्याण के लिए निगम प्रतिबद्ध : महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम ने करुणामूलक आधार पर 86 मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नियुक्ति प्रदान की है। इन सभी आश्रितों को पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग में दैनिक वेतनभोगी सफ़ाई कर्मचारी के पद पर नियुक्त किया गया है। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इक़बाल सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। महापौर ने कहा कि यह कदम उन परिवारों को संबल प्रदान करने की दिशा में उठाया गया है, जिन्होंने अपने परिजन को सेवा के दौरान खोया है।

### कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाए जाते रहेंगे

महापौर ने कहा कि निगम अपने कर्मचारियों को केवल कार्यबल के रूप में नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य के रूप में देखता है। दिल्ली नगर निगम द्वारा कर्मचारियों के हितों की रक्षा, कार्यस्थल पर बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए हर संभव कदम उठाए जाते रहेंगे।

### पारदर्शी तरीके से जारी रखी जाएगी नियुक्ति प्रक्रिया

पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर ने बताया कि पिछले एक वर्ष के दौरान दिल्ली नगर निगम ने 1460 सफ़ाई कर्मचारियों को पक्का किया है। इसके अतिरिक्त 562 मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को करुणामूलक आधार पर दैनिक वेतनभोगी सफ़ाई कर्मचारी के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा यह प्रक्रिया आगे भी तीव्र गति से और पारदर्शी तरीके से जारी रखी जाएगी, ताकि पात्र आश्रितों को समय पर सहायता मिल सके।

### पदोन्नति की प्रक्रिया को तेज कर दिया

कपूर ने कहा कि भाजपा सफ़ाई कर्मचारियों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम ने सेनेटरी गाइड, सहायक सेनेटरी इंस्पेक्टर, सेनेटरी इंस्पेक्टर तथा सेनेटरी अधीक्षक के पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया को तेज कर दिया है, जिससे कर्मचारियों को समयबद्ध पदोन्नति का लाभ मिल सके और उनके मनोबल में वृद्धि हो।

उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन कर्मचारियों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संवेदनशील और प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली नगर निगम में भाजपा की सरकार कर्मचारियों के कल्याण, सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है तथा भविष्य में भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतबीर** पुत्र सुरेश निवासी मकान नं. 145, गांव टिकरी कलां, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 555/2022 धारा 323/325/34 भा.द.स. थाना मुंडका, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सतबीर** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सतबीर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 555/2022 धारा 323/325/34 भा.द.स. थाना मुंडका, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सतबीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **01.04.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री गौरव सिंगल,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–6, (पश्चिम)**
**कमरा नं. 355,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/2728/OD/2026

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 84 दिनांक 25.02.2026, धारा 127 (6) थाना शिवाजी कालोनी रोहतक ।

गुमशुदा की तलाश बारे –



नाम- निन्नु
पिता-पुत्र- रणजीत
पता- गाँव कुईचवर जिला देवरिया उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार अमर सिह यादव राजेन्द्र कालोनी रोहतक।
उम्र-18 वर्ष।
हुलिया- रंग बदामी, शरीर पतला, लम्बुतरा चेहरा व कद 5 फुट 3 इंच

दिनांक 15.02.2026 को निन्नु पुत्र रणजीत निवास गाँव कुचईवर जिला देवरिया उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार अमर सिहं यादव राजेन्द्र कालोनी रोहतक। उम्र- 18 वर्ष। बिना किसी को बताए घर से कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

1. प्रबंधक थाना शिवा जी कालोनी रोहतक - 7082999110,7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता रोहतक - 9992129734

पीआरडीएच-1084/11/4525/2026/43440/88/7 दि. 02.03.26

# मंगोलपुरी में युवक के सीने में मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मंगोलपुरी के वाई ब्लॉक में रविवार देर रात पार्क में बैठे एक युवक के सीने में चाकू मारने का मामला सामने आया है। हमला करने के बाद आरोपी फरार हो गये। आरोपियों की संख्या चार से पांच बताई गई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घायल को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां से उसे अन्य अस्पताल के लिये रेफर किया गया है।

मिली सूचना के अनुसार घायल का नाम 18 वर्षीय रेहान है। शुरुआती जांच में पता चला कि आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। रेहान परिवार के साथ मंगोलपुरी वाइ ब्लॉक में रहता है। रविवार की रात करीब आठ बजे वह अपने एक दोस्त के साथ पार्क में बैठा था। पास में ही कई अन्य लोग भी मौजूद थे। तभी इरफान नाम का शख्स अपने दोस्तों के साथ पार्क में आया। रेहान कुछ समझ पाता इससे पहले इरफान ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों के देख आरोपी अपने दोस्तों के साथ फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली है। जल्द ही सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे। बताया जा रहा है कि मंगोलपुरी थाना क्षेत्र में दो महीने में चाकूबाजी की यह सातवीं घटना है। जिनमें पांच लोगों की चाकू लगने से मौत हो चुकी है। जबकि दो लोग घायल हुये। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन इस तरह की वारदात से डर का माहौल है।

## सुनियो योजना की अंतिम तिथि बढ़ी, उठाए लाभ : महापौर

हरिभूमि न्यूज नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को कहा कि अब संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) को 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है और उन्होंने दिल्ली के उन सभी योग्य संपत्ति करदाताओं से इस योजना के तहत लाभ उठाते हुए इस अवसर का उपयोग करने की अपील की है। महापौर ने कहा कि हम सभी संपत्ति मालिकों/कब्जाधारियों से अपील करते हैं कि वे 'सुनियो योजना' के तहत इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और बिना किसी ब्याज व जुर्माने के अपने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स का निपटान करें। उन्होने यह भी बताया कि यह योजना 31 मार्च, 2026 के बाद आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। महापौर ने आगे कहा कि हमने विलंब शुल्क में कोई वृद्धि नहीं की है, बल्कि इसे पूर्व विस्तारित अवधि अर्थात फरवरी माह के दौरान लागू दर 5 प्रतिशत के समान ही रखा है।

## 'एमसीडी वेबसाइट से सीएम और विधायकों के नाम हटे, फिर भी चार वार्डों की जानकारी अधूरी'


हरिभूमि
एमसीडी वेबसाइट पर जनप्रतिनिधियों की सूची अधूरी, लोग परेशान

■ 'हरिभूमि' की खबर का हुआ असर, प्रशासन की कार्यशैली पर अभी भी सवाल

दया राम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की आधिकारिक वेबसाइट **https://mcdonline.nic.in/portal/** पर जनप्रतिनिधियों की जानकारी अपडेट न होने का मामला सामने आने के बाद 'हरिभूमि' में प्रकाशित खबर का असर दिखा है। 23 फरवरी 2026 को 'हरिभूमि' में खबर प्रकाशित होने के बाद निगम प्रशासन ने वेबसाइट पर पार्षदों की सूची से मुख्यमंत्री और विधायकों के नाम हटा दिए हैं। हालांकि, इसके बावजूद अब भी चार निगम वार्डों के नाम और संबंधित जानकारी अपडेट नहीं की गई है, जिससे डिजिटल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल बने हुए हैं। बता दें कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराए गए उपचुनाव 2025 में वार्ड संख्या 163, 164, 173 और 198 के नाम नहीं बदले गए हैं जबकि पार्षदों से नाम अपडेट कर दिए गए हैं।

### आईटी विभाग पूरी तत्परता से नहीं कर रहा कार्य

हरिभूमि की खबर के बाद आंशिक सुधार तो किया गया है, किंतु चार वार्डों की जानकारी अब भी अपडेट न होना दर्शाता है कि निगम का आईटी विभाग पूरी तत्परता से कार्य नहीं कर रहा है। जब केंद्र और राज्य स्तर पर 'डिजिटल इंडिया' और पारदर्शिता की बात की जाती है, तो स्थानीय निकायों की वेबसाइट का नियमित और सटीक रूप से अपडेट रहना सुशासन की मूल आवश्यकता है।

### नागरिकों के लिए डिजिटल जानकारी हो स्पष्ट

जनहित में निगम प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि संबंधित अधिकारी शेष त्रुटियों को भी शीघ्र दूर करें और सभी वार्डों की अद्यतन जानकारी सार्वजनिक करें, ताकि नागरिकों को सही जानकारी मिल सके और प्रशासन की डिजिटल योग्यता पर उनका विश्वास बना रहे। साथ ही यह भी बता दूं कि विज्ञापन विभाग के अधिकारी बदल चुके हैं लेकिन वेबसाइट पर अभी भी बने हुए हैं।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला कैंट में लोनिवि कॉलोनी में 20 मिमी मोटी प्रीमिक्स कार्पेट के प्रावधान द्वारा रोड का सुधार + 3 कार्य। | 25.02.2026 05.03.2026 | 53.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417362462 pwd-eepd2-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में नये बस स्टैंड का निर्माण (सोलर पावर प्लांट का प्रावधान) + 1 कार्य। | 27.02.2026 09.03.2026 | 26.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed- hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में गांव भाटोल जाट्टान में राजकीय पशु चिकित्सा डिस्पेंसरी का पुनर्निर्माण (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 27.02.2026 05.03.2026 | 51.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प कैथल | कैथल जिले में गांव सोंगल में जूडो हॉल के स्थान पर बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण (सीएम घोषणा 25131 दिनांक 22.02.2019 के तहत)। | बंद होने की तिथि 09.03.2026 | 375.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में कोर्ट कॉम्पलैक्स में कमजोर गवाह न्यायालय के लिए विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 1.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में कोर्ट नं. 13 का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 1.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव सलवान ब्लॉक असंध, जिला करनाल में मनसा देवी रोड पर मास्टर अमरीश पुत्र राजपाल के खेत से जोगिन्दर पुत्र हुकम सिंह के खेत तक आईएलपीबी रास्ता के निर्माण का विस्तृत आकलन, स्कीम-एचजीवीवाई + 6 कार्य। | 28.02.2026 09.03.2026 | 264.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | वार्ड नं. 16, हिसार टाउन पर डी-सिल्टेड गाद को शहर से बाहर निपटान समेत गाद निकालने के कार्य के लिए आवश्यक गाद निकालने की मशीनरी का उपयोग करते हुए यांत्रिक तरीके से सीवरेज मैनहोल की गाद निकालना इत्यादि + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.03.2026 | 11.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा झज्जर | आरडी 0.000 से 42.590 कि.मी. तक आउटफॉल ड्रेन नं. 8 की क्रिटिकल पहुंचों की गाद निकालना और मजबूतीकरण + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.03.2026 | 455.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9050805156 xenjwsdnjjr@rediffmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नरवाना | बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमण्डल नरवाना में धमतान डिस्टी. में बाढ़ के पानी का पुनःउपयोग करने के लिए गांव उझाना में आरडी 92000-आर धमतान डिस्टी. पर पम्प हाउस का निर्माण + 1 कार्य। | 25.02.2026 11.03.2026 | 84.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9660864175 xen-wsnrw.irr@gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | ड्रेन के ओवरफ्लो से आबादी को बचाने के लिए ट्रिब्यूटरी ड्रेन नं. 3 के आरडी 95620 और आरडी 142500 पर 2 अदद वीआर ब्रिजेज का पुनर्निर्माण/निर्माण और ट्रिब्यूटरी ड्रेन नं. 3 के डिजाइन सेक्शन की ब्रिंगिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.03.2026 | 111.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/220/43457/I/88/7 दि. 02.03.26

## खबर संक्षेप

### सीएम रेखा नहीं देंगी फ्री सिलेंडर : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि रेखा गुप्ता को सीएम बने एक साल हो चुका है लेकिन आज तक उन्होंने एक को भी फ्री गैस सिलेंडर नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि एक साल बाद अब रेखा सरकार केवल 15.50 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को मुफ्त सिलेंडर देने की बात कर रही है। जबकि दिल्ली में 17 लाख से कहीं अधिक राशन कार्ड धारक परिवार है, और लाखों परिवारों की वेरिफिकेशन होनी अब भी बाकी है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होली दिवाली मुफ्त गैस सिलेंडर, लखपति बिटिया योजना और पिंक कार्ड की सुविधा देने की घोषणा करने पर ही करोड़ों रुपये खर्च करके तालकटोरा स्टेडियम में अपना चेहरा चमकाने की राजनीति कर रही है।

### धुलेंडी : दोपहर 2.30 बजे से चलेगी मेट्रो सेवाएं

**नई दिल्ली।** रंगों के पर्व धुलेंडी के अवसर पर बुधवार को दिल्ली एनसीआर में मेट्रो सेवाएं दोपहर 2.30 बजे से चलेगी। जबकि इससे पहले सभी लाइनों पर दिल्ली मेट्रो सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रहेगी। जिसमें एयरपोर्ट एक्सप्रेस मेट्रो लाइन भी शामिल है। इस बारे में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन अनुज दयाल ने बताया कि गत वर्षों की तरह इस बार भी रंगोत्सव धुलेंडी के दिन दिल्ली मेट्रो की सेवाओं में बदलाव किया गया है। दयाल के अनुसार होली के त्योहार के दिन यानी 4 मार्च, 2026 (बुधवार), एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर दोपहर 2:30 बजे तक मेट्रो सर्विस उपलब्ध नहीं होंगी। इस तरह 4 मार्च को सभी लाइनों पर टर्मिनल स्टेशनों से मेट्रो ट्रेन सर्विस दोपहर 2:30 बजे से ही शुरू होगी और उसके बाद अपने सामान्य समय अनुसार चलती रहेंगी।

### धुलेंडी : दोपहर बाद केवल 25 प्रतिशत बसें होंगी सड़कों पर

**नई दिल्ली।** होली (धुलेंडी) के अवसर पर बुधवार को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस सेवाओं में बदलाव किया गया है। इस बारे में डीटीसी के जनसंपर्क प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि इस बार धुलेंडी का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा इसलिए सेवाओं में बदलाव किया गया है। जिसके तहत धुलेंडी के दिन सुबह की पाली यानी दोपहर दो बजे से पहले सभी रूटों पर बस सेवाएं पूर्ण रूप से बंद रहेगी। राकेश के अनुसार यात्रियों की भारी कमी के चलते दोपहर दो बजे के बाद भी केवल 25 प्रतिशत बसें ही सड़कों पर उतारी जाएगी। राकेश ने स्पष्ट किया कि 3 मार्च 2026 यानी मंगलवार को होलिका दहन पर्व मनाया जाएगा। लेकिन इससे बस सेवाओं में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। सभी रूटों पर पूर्व निर्धारित समय अनुसार उचित संख्या में बसें सड़कों पर होगी। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके अगर सेवा संबंधित कोई जानकारी चाहिए तो डीटीसी के कॉल सेंटर पर कॉल करके जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिल्ली सरकार की 'लखपति बिटिया' और 'पिंक स्मार्ट कार्ड' योजना का किया शुभारंभ

# दिल्ली सरकार ने होली पर महिलाओं को दिया चार योजनाओं को तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' भव्य कार्यक्रम में दिल्ली की महिलाओं और बेटियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रपति ने दिल्ली सरकार की महिला सशक्तिकरण से जुड़ी महत्वपूर्ण पहलों, दिल्ली लखपति बिटिया योजना, होली एवं दिवाली पर निःशुल्क गैस सिलेंडर योजना और सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड का औपचारिक शुभारंभ किया।

साथ ही, लाडली योजना के अंतर्गत 40 हजार 642 बालिका लाभार्थियों के खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि भी डीबीटी के माध्यम से ट्रांसफर की। इस अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में लाभार्थी महिलाएं और बालिकाएं उपस्थित थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि 'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार', सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समृद्ध दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। उन्होंने भारतीय परंपरा में नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि के रूप में पूजनीय बताते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, रानी गाइडिनल्यू और सरोजिनी नायडू जैसी महान महिलाओं के योगदान को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं सेना, विज्ञान, खेल, राजनीति, प्रशासन और व्यापार सहित हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्हें हिंसा, आर्थिक असमानता, सामाजिक उपेक्षा और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है, जिन्हें दूर करना आवश्यक है।

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि स्त्री और पुरुष जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं और दोनों के समान रूप से सशक्त होने पर ही राष्ट्र प्रगति कर सकता है। उन्होंने कहा कि वास्तविक सशक्तिकरण तब संभव है जब महिलाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता, आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर, समान अधिकार, सुरक्षा और शिक्षा प्राप्त हो। उन्होंने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना और मातृत्व संबंधी योजनाओं जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों ने




#### महिलाओं के साथ परिवार भी सशक्त होंगे: उपराज्यपाल

इस अवसर पर उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने कहा कि यह कार्यक्रम दिल्ली में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण कदम है। आज शुरू की गई इन योजनाओं का सीधा लाभ राजधानी की लाखों महिलाओं को मिलेगा। आज शुरू की गई पहलों से न केवल महिलाएं, बल्कि उनके परिवार भी सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए दूरदर्शी दृष्टिकोण आवश्यक है और 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना' इसका सशक्त उदाहरण है। इस योजना के माध्यम से बेटियों के जन्म से लेकर उनकी उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने दिल्ली सरकार को बधाई दी और इसे बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की आधारशिला बताया।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है। साथ ही, पंचायती राज संस्थाओं और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाकर वुमेन-लेड डेवलपमेंट की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

बेटियों को शिक्षित करना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें सुरक्षित वातावरण देना आवश्यक है, ताकि वे बिना भय और दबाव के अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकें। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि आधी आबादी के सशक्त हुए बिना यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।

#### बेटी का जन्म से आत्मनिर्भरता तक का सफर अब दिल्ली सरकार का संकल्प: रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार महत्वपूर्ण योजनाओं की शुभारंभ पर कहा कि बेटी का जन्म से आत्मनिर्भरता तक का सफर, अब दिल्ली सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि यह केवल योजनाओं का शुभारंभ नहीं, बल्कि नारी सम्मान, आत्मनिर्भरता और विश्वास के विस्तार का सशक्त संकल्प है। जब बेटी सशक्त होती है तो परिवार सशक्त होता है, जब महिला आत्मनिर्भर बनती है तो समाज आत्मविश्वासी बनता है और जब नारी शक्ति आगे बढ़ती है तो विकसित दिल्ली का मार्ग और स्पष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन दिल्ली के इतिहास में ऐतिहासिक क्षण के रूप में दर्ज होगा, क्योंकि यह मंच बेटी के जन्म से लेकर उसे आत्मनिर्भर बनाने तक की पूरी यात्रा को सम्मान देने का पर्व है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति को देश की करोड़ों बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष, सादगी और साहस यह संदेश देता है कि सपनों की कोई सीमा नहीं होती।

## जेएनयू : प्रशासनिक तानाशाही के विरुद्ध एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को प्रशासनिक दमनकारी नीति और 'निष्कासन राज' के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर को लगभग 5-6 घंटों तक घेरकर रखा एवं छात्र हित और जेएनयू प्रशासन के तुगलकी फरमान के विरुद्ध तीखे सवाल पूछे साथ ही छात्र-विरोधी नीतियों पर सीधा जवाब भी मांगा। एबीवीपी जेएनयू इकाई अध्यक्ष मयंक पांचाल ने कहा कि यह विरोध केवल एक शुरुआत है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चीफ प्रॉक्टर ने अपने कार्यकाल को दमन का केंद्र बना दिया है। 5 लाख का जुर्माना और हमारे साथियों का निष्कासन प्रशासन के डर का प्रतीक है। जहाँ एक ओर जर्जर हॉस्टल और मेस की समस्याओं पर प्रशासन मौन रहता है, वहीं दूसरी ओर छात्र-हितों की बात करने वाले कार्यकर्ताओं पर लाखों का जुर्माना लगाकर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ति किया जाता है। हम सीपीओ मैनुअल को कूड़ेदान में फेंकने और छात्रों को न्याय दिलाने तक चीफ प्रॉक्टर कार्यालय से पीछे नहीं हटेंगे। प्रशासन को अपनी तानाशाही का हिसाब देना ही होगा।

एबीवीपी मंत्री प्रवीण कु पीयूष ने कहा कि प्रशासन की पक्षपाती कार्य और वामपंथी जेएयूएसयू का दोहरा चरित्र आज सबके सामने बेनकाब हो चुका है। जब हमारे कार्यकर्ताओं पर लाखों का जुर्माना लगा था, तब ये लोग प्रशासन के साथ सांठगांठ कर रहे थे। हम निष्कासन और अवैध जुर्मानों के इन आदेशों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

## नए केंद्रीय विद्यालय से बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षा : रेखा

### मुख्यमंत्री ने खजूरी खास में केंद्रीय विद्यालय के स्थायी भवन का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नए केंद्रीय विद्यालय के बनने से बच्चों को बेहतर और आधुनिक शिक्षा मिलेगी। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास में केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और इसके स्थायी भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन भी किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह करावल नगर और पूरे उत्तर-पूर्वी दिल्ली क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने बताया कि इस इलाके में लंबे समय से अच्छी शैक्षणिक सुविधाओं की कमी थी और अब तक यह क्षेत्र मात्र एक केंद्रीय विद्यालय पर निर्भर था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद, पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय क्षेत्र के विद्यालयों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। कक्षाओं के अभाव में बच्चों को अलग-अलग दिनों में बुलाकर पढ़ाई कराई जाती थी और एक ही कमरे में दो-दो कक्षाएं संचालित होती थीं, जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होती थी। वर्तमान में 'ट्रिपल इंजन सरकार' के समन्वित प्रयासों से शिक्षा, सड़क, पेयजल, सीवर, फ्लाईओवर, फुटओवर ब्रिज, अस्पताल और अन्य बुनियादी विकास परियोजनाओं को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है और इनका प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्रीय विद्यालय के निर्माण से क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा उपलब्ध होगी और यह संस्थान आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनेगा। उन्होंने बताया कि करावल नगर क्षेत्र में मेट्रो परियोजना शीघ्र शुरू होने वाली है।

#### सरकारी विद्यालय विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित होंगे : आशीष सूद

इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह केवल एक विद्यालय का उद्घाटन नहीं, बल्कि उस क्षेत्र के समग्र विकास का नया अध्याय है, जो वर्षों तक बुनियादी शैक्षणिक अवसंरचना की कमी से जूझता रहा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक शिक्षा का विकास सीमित क्षेत्रों तक ही दिखाई देता था, जबकि उत्तर-पूर्वी दिल्ली के विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए 4-5 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता था। इसकी वजह से नए विद्यालयों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। मंत्री सूद ने कहा कि 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद बनी वर्तमान सरकार ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए दूसरा केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने का कार्य किया है।

### कर्मयोगी आवासीय योजना 2025 के सफल आवेदकों को 12 मार्च तक जमा करना होगा : डीडीए

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने कर्मयोगी आवास योजना 2025 के आवेदकों के लिए जरूरी सूचना जारी करते हुए कहा है कि सभी रिवाइज्ड डिमांड-कम-अलॉटमेंट लेटर (डीएलए) जारी कर दिए गए हैं। डीडीए ने सभी सफल अलॉटियों से कहा है कि 12 फरवरी 2026 के ऑफिस ऑर्डर के अनुसार पार्किंग एरिया का खर्च शामिल नहीं किया गया है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इस योजना के अनुसार पेमेंट टाइमलाइन में किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसलिए सभी सफल आवेदकों को इंटरेस्ट चार्ज से बचने के लिए पूर्व में डीडीए द्वारा तय समय सीमा के अंदर ही अपनी पूरी पेमेंट करनी होगी। देरी होने पर डीडीए की नियम व शर्तें लागू होगी उसमें किसी प्रकार की कोई छूट नहीं मिलेगी। डीडीए ने कहा है कि सभी सफल आवेदक प्राधिकरण के आवास पोर्टल से अपना रिवाइज्ड डिमांड-कम-अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर सकते हैं। बता दें कि डीडीए की इस योजना का लाभ वर्तमान सरकारी कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी दोनों के लिए रखा गया था। जबकि योजना में शामिल सभी फ्लैट्स रेडी टू मूव हैं। कर्मयोगी आवास योजना के तहत नरेला में तैयार 1168 फ्लैट्स पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध कराए गए थे। जबकि इनकी प्रक्रिया ऑनलाइन रखी गई थी ताकि आवेदक घर बैठे बुकिंग कर सकें।

### भाजपा सरकार ने पिंक कार्ड अनिवार्य कर गरीब पूर्वांचली महिलाओं का हक मारा : सौरभ

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली। दिल्ली की भाजपा सरकार की पिंक कार्ड योजना पर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने डीटीसी बसों में पिंक कार्ड अनिवार्य कर गरीब पूर्वांचली महिलाओं का हक मारा है। जब दिल्ली में रह रही हर महिला डीटीसी में मुफ्त सफर कर रही थी तो पिंक कार्ड की क्या जरूरत थी? एक साल बाद ही भाजपा सरकार ने की यूपी, बिहार, हरियाणा समेत अन्य राज्यों की महिलाओं से अपनी नफरत को सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि जिस योजना में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं थी, अब उसमें दलालों और अफसरों की चांदी कटेगी। आखिर रेखा गुप्ता सरकार पिंक कार्ड बनाने के लिए जनता का पैसा क्यों बर्बाद कर रही है। सौरभ ने कहा कि अब महिलाओं को पिंक टिकट की जगह पिंक कार्ड दिया जाएगा।

### इस बार एक दिन बाद होगा रंगों का महापर्व धुलेंडी

# महिलाओं ने हर्षोल्लास से किया होली पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

होली महापर्व को लेकर इस बार दुविधा अंतिम समय तक बनी रही और राजधानी के कई क्षेत्रों में सोमवार को महिलाओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ होली पूजन किया। जबकि रात के समय बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका का दहन किया गया। परंपरा से जरा हटके इस बार होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों का महापर्व धुलेंडी नहीं मनाया जाएगा। बल्कि एक दिन बाद 4 मार्च 2026 बुधवार को धुलेंडी पर्व मनाया जाएगा। दिल्ली सरकार ने भी धुलेंडी पर्व 4 मार्च 2026 बुधवार को मानते हुए अवकाश घोषित किया है। अधिकांश जगह सुबह से ही



महिलाओं ने अपनी परंपरा व रीति रिवाज के अनुसार होलिका पूजन किया। कई जगह महिलाएं समूह में परंपरागत लोक गीतों को गाते हुए होलिका पूजन किया। महिलाओं ने पूजा कर अपने परिवार, रिश्तेदारों आदि की खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

#### कैबिनेट मंत्रियों ने दी होली की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। दिल्ली के सभी कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की और अहंकार पर अटूट भक्ति की विजय का पावन प्रतीक होलिका दहन की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और अहंकार पर भक्ति की विजय के पावन प्रतीक पर्व होलिका दहन की हार्दिक शुभकामनाएं। आइए, इस अवसर पर हम सभी अपने जीवन से नकारात्मकता, द्वेष और कुविचारों का दहन कर प्रेम, सौहार्द और सद्भाव का प्रकाश फैलाने का संकल्प लें। वहीं मंत्री आशीष सूद ने कहा कि असत्य, अत्याचार, अराजकता और अहंकार पर विजय के प्रतीक होलिका दहन की आप सभी को बधाई। आइए, आज के इस पावन पर्व पर हम सामाजिक बुराइयों का दहन कर जीवन में सौहार्द और समरसता के भाव को आत्मसात करने का संकल्प लें। वहीं मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की और अहंकार पर अटूट भक्ति की विजय का पावन प्रतीक होलिका दहन हम सभी को यह संदेश देता है कि सत्य और विश्वास की शक्ति सदैव विजयी होती है। इस पवित्र अवसर पर आप सभी को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। वहीं मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को होलिका दहन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का यह पावन अवसर हम सभी के जीवन से नकारात्मकता, भय और निराशा का अंत कर सुख, समृद्धि और नव ऊर्जा का प्रकाश फैलाए। वहीं मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी सभी को होलिका दहन की शुभकामनाएं दी हैं।

# होली पर छात्र जीवन में नई ऊंचाइयों को छूने का लें संकल्प : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रंग जीवन में खुशियों का प्रतीक हैं और इस होली के पावन अवसर पर सभी छात्र संकल्प लें कि वे पढ़ लिखकर बड़े-बड़े प्रशासनिक पदों को हासिल करेंगे और नई ऊंचाइयों को छूते हुए देश और समाज का नाम रोशन करेंगे। उक्त बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सिविल लाइंस स्थित विधानसभा उपाध्यक्ष एवं विधायक मोहन सिंह बिष्ट के सरकारी आवास पर आर्थिक रूप से कमजोर स्कूली छात्रों के साथ आयोजित 'होली मिलन समारोह' में कही। इस समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेरे लिए इससे अच्छी होली हो ही नहीं सकती। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति



अगर अपनी छोटी-सी जिम्मेदारी निभाए तो देश दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ सकता है, जहां सरकार भी काम करें और लोग भी मिलकर काम करें। इस मौके पर सीएम और विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने सभी छात्रों को स्कूल बैग, गुलाल और पिचकारियां वितरित की। इस मौके पर बच्चों ने धार्मिक व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को और भी रंगीन बना दिया। स्पेशल सीपी देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने छात्रों को होली की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्वाइंट सीपी डॉ. एके सिंगला ने सभी से सुरक्षित और आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। अरविंदर सिंह लवली ने बच्चों को मेहनत से पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

**खबर संक्षेप**

### पानीपत के हड़ताली मजदूरों के समर्थन में सीटू ने ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद ने आज पानीपत के हड़ताली मजदूरों की मांगो के समर्थन में जिला उपायुक्त के कार्यालय में सात सूत्री मांगों का ज्ञापन दिया। यह मांग पत्र तहसीलदार सुमेर सिंह को सौंपा गया। सीटू की जिला कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रधान निरंतर पाराशर, सेक्रेटरी वीरेंद्र सिंह डंगवाल, उपाध्यक्ष शिव प्रसाद, सह सचिव वीरेंद्र पाल और रंजीत चौधरी उपस्थित रहे।



### आधार अपडेट कराने पर मजदूर ने 50 हजार गवाएं

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर थाना एरिया में जालसाजों ने आधार नंबर अपडेट कराने वाले एक मजदूर के बैंक खाते से 50 हजार रुपए निकाल लिए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भोड़ाकलां गांव निवासी प्रकाश चंद ने बताया कि वह रंग-पेंट का काम करता है। सितंबर 2025 में उसने अपना आधार कार्ड अपडेट



### लड़ाई-झगड़ा के दो अलग-अलग मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने लड़ाई-झगड़े के एक मामले में आरोपी राजेंद्र सिंह व अरूण निवासी नंगला इन्क्लेव तथा अपराध शाखा सेक्टर-65 की टीम ने कृष्ण उर्फ भोला वासी गांव बढराम जिला पलवल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को थाना मुजेसर में लड़ाई-झगड़े की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता राजेश निवासी पर्वतीय कॉलोनी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसका भतीजा प्रिंस मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के लिए गया था, जहां कुछ युवकों ने उसके साथ झगड़ा किया।



# फूलों की रंगत से झूमी संस्था ह्यूमन लीगल, अनोखा होली मिलन समारोह

कार्यक्रम में फूल मालाओं का वितरण, पर्यावरण-अनुकूल रंग खेल और भजन-कीर्तन हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




ह्यूमन लीगल संस्था ने फूलों से सजी अनोखी होली मिलन समारोह आयोजित किया। दिल्ली से आए प्रसिद्ध सिंगर कुमार दीपक ने होली के मधुर गीतों से सभी की शाम बांध दी, जिससे अस्पताल परिसर रंग-गंध और संगीत की मस्ती में डूब गया। कार्यक्रम में फूल मालाओं का वितरण, पर्यावरण-अनुकूल रंग खेल और भजन-कीर्तन हुए। 100 से अधिक अस्पताल, स्टाफ और संस्था के सदस्य शामिल हुए। संस्था अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने बताया कि यह आयोजन अस्पताल कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए था। सिंगर दीपक ने 10 लोकप्रिय होली गीत गाए, जिनमें रंग बरसे, ने खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथियों ने फूलों की होली को सराहा, जो प्रदूषण-मुक्त उत्सव का प्रतीक बनी। राष्ट्रीय महासचिव राधिका बहल ने पानी बचाने और फूलों की होली पर जोर दिया।

संस्था की महासचिव राधिका बहल के नेतृत्व में सैकड़ों सदस्यों और अतिथियों ने चंदन तिलक, फूलों के रंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से त्योहार मनाया। ह्यूमन लिगल संस्था के होली मिलन समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनोज अग्रवाल ने संस्था के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की, जबकि हरियाणा कांग्रेस व्यापार सेल के चैयरमेन लखन सिंगला ने भाईचारे पर जोर दिया। दोनों ने होली को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया। रंग-बिरंगे फूलों से होली खेली गई, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते है। पार्षद शैफाली सिंगला वार्ड ने महिलाओं की भूमिका पर जोर दिया, जबकि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रकोष्ठ भाजपा के करण सिंगल ने सामाजिक एकता की अपील की। दोनों ने होली को प्रेम और सद्भाव का प्रतीक बताया।

वही संस्था के वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश खटाना ने कहा कि समारोह सामाजिक सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित था। अतिथियों ने होली को प्रेम, एकता और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताया। संस्था के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी सदस्यों ने नशा-मुक्त और सौहार्दपूर्ण उत्सव की शपथ ली। संस्था के पदाधिकारी गुलशन कुमार कोषाध्यक्ष, अमित साहनी उपाध्यक्ष, मनोज राजपूत प्रदेश अध्यक्ष समेत प्रबुद्धजन शामिल हुए।

### होली महापर्व: यज्ञ आहुति, भक्ति, समर्पण और शांति का दिव्य रंगोत्सव

# श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम, सिद्धदाता आश्रम में नवकुंडीय यज्ञ के संग मनाया गया होली महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**श्री पुरुषोत्तमाचार्य महाराज के सान्निध्य में लोकमंगल का संकल्प**



सूरजकुंड मार्ग स्थित श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम.सिद्धदाता आश्रम में होली महापर्व श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मनाया गया। देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, नवकुण्डीय यज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

आश्रम के अधिष्ठाता एवं श्रीरामानुज संप्रदाय की तीर्थपीठ इंद्रप्रस्थ एवं हरियाणा के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में विश्व शांति, समृद्धि और लोकमंगल के लिए विशेष नवकुंडीय यज्ञ आयोजित किया गया। स्वामीजी ने वैदिक विधि-विधान से आहुति अर्पित करते हुए जनकल्याण की कामना की। आश्रम में वैकुंठवासी श्रीमद जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज द्वारा होली महापर्व पर शुरू की गई हवन की प्राचीन परंपरा को श्री स्वामी जी महाराज ने आगे बढ़ाया है। नवकुंडीय यज्ञ में दी गई आहुति से शारीरिक, दैविक और भौतिक ऊष्मा का शमन होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस अवसर पर स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज नें अपने प्रवचन में कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि भक्त प्रह्लाद की अटूट आस्था और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि जब अहंकार और अधर्म के प्रतीक हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र की भक्ति को रोकना चाहा, तब होलिका की अग्नि भी सच्चे भक्त का कुछ नहीं बिगाड़ सकी। यह पर्व सिखाता है कि जो ईश्वर की शरणागित पा जाते हैं, तो ईश्वर की कृपा पात्र बनता है, उसके सभी संकट स्वतः दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि कलियुग में मनुष्य के लिए सबसे सरल और अंतिम उपाय समर्पण या शरणागति है। अपने जीवन रूपी रथ की लगाम श्रीनारायण को सौंप दें, जैसे प्रह्लाद या अर्जुन ने समर्पण किया था। जब जीवन ईश्वर को अर्पित होता हैए तब सुखए शांति और समृद्धि की कमी नहीं रहती। इस अवसर पर आश्रम की वार्षिकी सुदर्शनलोक स्मारिका-2026 का विमोचन किया गया। श्रद्धालुओं के साथ शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। कुछ श्रद्धालुओं ने श्रीनारायण गौशाला में गाय पूजन के बाद पारंपरिक होली खेली और भोजन प्रसाद ग्रहण किया।

# होली पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस कसेगी शिकंजा, लगाए गए 37 नाके

शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम में होली के पर्व पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। हालांकि होली का पूजन व दहन सोमवार को हुआ, लेकिन दुल्हेंडी का त्योहार बुधवार को मनाया जाएगा। होली के रंग वाले दिन शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए गुरुग्राम पुलिस द्वारा पुलिस जोन पूर्व में नौ नाके, पश्चिम जोन में नौ नाके, साउथ जोन में पांच नाके तथा मानेसर जोन में 14 नाके लगाने की तैयारी की है। बाइक पर सवार होकर हुड़दंग करते हुए शान्ति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ भी गुरुग्राम पुलिस सख्त कार्रवाई अमल में लाएगी। इसके अलावा बाइक से पटाखे छोड़ने वाले, गाड़ियों पर सायरन लगाने पर भी तुरंत चालान के साथ-साथ केस दर्ज करने की तैयारी है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में गस्त के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। ट्रैफिक के सुगम, व्यवस्थित व सुचारु संचालन के लिए समुचित संख्या में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। गुरुग्राम में संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है, जहां पर समुचित संख्या में पुलिस बल तैनात किया है। इसके अलावा सिनेमा हाल, मॉल्स, बस स्टैंड समेत सभी सार्वजनिक स्थानों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं सोमवार को हुए होली दहन के स्थानों पर भी समुचित संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहे। हालांकि रंग बुधवार को खेला जाएगा, लेकिन पुलिस ने पहले ही पूरी तैयारी कर ली है। होली के त्योहार के समय चोरी, स्नैचिंग की वारदातें करने वाले गैंग सक्रिय हो जाते हैं, जिन पर भी गुरुग्राम पुलिस की पैनी नजर रहेगी और इन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी व अपराध शाखा प्रभारी भी नियमित रुप से अपनी पुलिस टीमों के साथ गस्त करेंगे। गुरुग्राम पुलिस की इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर है।

### बैठक का उद्देश्य वाहनों के जाम से रुकावटों को दूर करना

# अस्पतालों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग पर नियंत्रण के लिए बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

विगत 2 मार्च 2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात जयवीर सिंह की अध्यक्षता में शहर के प्रमुख अस्पतालों के प्रशासनिक विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य अस्पतालों के बाहर लगने वाले जाम, सड़क किनारे खड़े वाहनों और एम्बुलेंस मार्ग में हो रही रुकावट को दूर करना था।

बैठक में एसएसबी अस्पताल, एकॉर्ड अस्पताल, एशियन चिकित्सा विज्ञान संस्थान, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल तथा यथार्थ अस्पताल के प्रशासनिक विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर यातायात थाना प्रभारी, निरीक्षक अनोज तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक के दौरान अस्पतालों के प्रशासनिक विभाग को स्पष्ट रूप से बताया गया कि अस्पतालों के बाहर सड़क किनारे वाहन खड़े होने से यातायात प्रभावित होता है और कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल तक पहुंचाने में कठिनाई आती है। विशेष रूप से एम्बुलेंस के लिए बनाए गए आपातकालीन मार्ग को हर स्थिति में खाली रखने के निर्देश दिए गए ताकि किसी भी आपात स्थिति में एम्बुलेंस को आने-जाने में कोई बाधा न हो। अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि वे एक सप्ताह के भीतर अपनी पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करें। अस्पताल परिसर के अंदर उपलब्ध स्थान का सही उपयोग किया जाए तथा आवश्यकता पडऩे पर पार्किंग क्षमता बढ़ाने के कदम उठाए जाएं। निजी सुरक्षा कर्मियों को यह जिम्मेदारी दी जाए कि कोई भी वाहन सड़क पर खड़ा न होने दें। इसके साथ ही अस्पताल के बाहर और अंदर व्यवस्था संभालने के लिए अलग से ट्रैफिक मार्शल तैनात किए जाएं, जो वाहनों को निर्धारित स्थान पर खड़ा करवाएं और आवागमन को सुचारु रखें।

अस्पतालों को यह भी कहा गया कि प्रवेश और निकास द्वार पर स्पष्ट संकेत लगाए जाएं, एम्बुलेंस मार्ग को चिन्हित किया जाए तथा भीड़भाड़ के समय अतिरिक्त कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए, ताकि अव्यवस्था की स्थिति न बने। सड़क किनारे खड़े वाहनों को तुरंत हटवाने के लिए भी अस्पताल प्रशासन को जिम्मेदारी दी गई है।

### जनप्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त के साथ की बैठक

# नगर निगम संपत्ति कर बढ़ोतरी के खिलाफ़ व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ गाजियाबाद महानगर के व्यापारी खुलकर सामने आ गए हैं। उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई वृद्धि का घोर विरोध किया। व्यापारियों ने जन प्रतिनिधियों के प्रति भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। वहीं पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में नगर निगम सम्पत्ति कर के विषय में एक बैठक हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा, अजीतपाल त्यागी, महापौर सुनीता दयाल व नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक तथा नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

इस बैठक में गम्भीर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय हुआ कि सम्पत्ति कर के विषय में विधिक राय ली जायेगी। साथ में इस विषय पर हम सभी जनप्रतिनिधि शासन से वार्ता कर जनता के हित में उचित निर्णय कराने का प्रयास करेंगे तथा इस विषय पर पुनः नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक करेंगें। व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोपीचंद वह महामंत्री अशोक चावला ने कहा कि नगर निगम द्वारा जनता के अपेक्षाओं के विपरीत 300प्रतिशत तक की संपत्ति कर में वृद्धि की गई है और हाईकोर्ट ने भी अपना निर्णय नगर निगम के पक्ष में दिया है । उन्होंने कहा कि गाजियाबाद के जनपतिनिधि भी इसको लेकर मौन है । जिस कारण जनता का उत्पीड़न व आर्थिक बोझ निश्चित रूप रूप से उन पर बढ़ेगा। गोपीचंद ने कहा की यदि नगर निगम में अधिकारियों की ही चलानी है तो पूर्ण रूप से नगर निगम की संरचना अधिकारियों पर ही कर दिया जाए और जन प्रतिनिधियों को वहां से हटा दिया जाए क्योंकि जनप्रतिनिधि अधिकारियों के सामने कुछ नहीं कर पाते हैं। बेतहाशा संपत्ति कर में वृद्धि इसका जीता जाता उदाहरण है।

# ब्रेजा कार ने बुजर्ग को कुचला, मौत

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना एरिया के कासन गांव में खेत से आ रहे एक बुजुर्ग को ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। बुजुर्ग की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई कर रही है। जानकारी अनुसार, कासन गांव निवासी धर्म सिंह (66) खेती-बाड़ी का काम करते थे। उनके भतीजे नरेश कुमार ने बताया कि एक मार्च की दोपहर करीब 12.30 बजे वह व उसका चाचा धर्म सिंह खेत में काम करके वापस घर खरखड़ी रोड से आ रहे थे। धर्म सिंह भतीजे नरेश कुमार से करीब 100 कदम पीछे चल रहा था।

इसी दौरान कासन गांव की ओर से आ रही तेज रफ्तार में आ रही ब्रेजा कार ने धर्म सिंह को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। नरेश कुमार ने अपने चाचा धर्म सिंह को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान धर्म सिंह की मौत हो गई। निजी अस्पताल से धर्म सिंह की मौत की सूचना मिलने पर आईएमटी मानेसर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

### चाइल्ड हेल्पलाइन तथा मानस ऐप के बारे दी जानकारी

# सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद



फरीदाबाद पुलिस द्वारा आमजन को पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण सेवाओं के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग सेल द्वारा सुषमा स्वराज महिला महाविद्यालय बल्लभगढ़ में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, बाल विवाह निषेध कानून तथा आपातकालीन सहायता सेवाओं के प्रति जागरूक करना था। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत जितेश मल्होत्रा सहायक पुलिस आयुक्त बल्लभगढ़ द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशा हमारे समाज की एक गंभीर समस्या है, जो न केवल व्यक्ति बल्कि परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान निरीक्षक सुनीता प्रभारी सामुदायिक पुलिसिंग सेल फरीदाबाद ने क्राइम अगेंस्ट वूमेन तथा चाइल्ड मैरिज एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि बाल विवाह हमारे समाज की एक कुप्रथा है, जो बेटियों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से कमजोर बनाती है तथा उनके अधिकारों और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। इस प्रकार की प्रथाएं महिलाओं के प्रति होने वाले अत्याचारों को बढ़ावा देती हैं, इसलिए संबंधित कानूनों की जानकारी रखना और उनका पालन करना अत्यंत आवश्यक है।

### फायर फाइटर भवी चंद शर्मा व रणबीर को श्रद्धांजलि अर्पित

# सरकार के उदासीन रवैया से नाराज कर्मचारियों ने भेजा हड़ताल का नोटिस: शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद




नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की इकाई हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर सोमवार को एन एच-1 नेहरू ग्राउंड स्थित फायर स्टेशन पर सैकड़ो कर्मचारियों ने फायर फाइटर भवी चंद शर्मा व रणवीर को अर्पित की श्रद्धांजलि फायर अफसर को 8 व 9 अप्रैल को की जाने वाली हड़ताल का दिया, नोटिस कर्मचारियों ने सभा में पानीपत रिफाइनरी के कर्मचारियों के साथ की जा रही तानाशाही बर्बरता का भी विरोध जताया। कर्मचारियों ने कहा कि श्रम संहिता लागू होने से पहले ही सरकार व मैनेजमेंट ने मजदूर कर्मचारी विरोधी रुख अपनाया, प्रजातंत्र में फंडामेंटल अधिकारों पर हमला।

श्रद्धांजलि सभा में अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फैडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा सर्व कर्मचारी, संघ हरियाणा व नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री मुख्य रूप से उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 16 फरवरी कालका जी इंडस्ट्री में भारी आगजनी एवं केमिकल के ड्रामा में विस्फोट हो गया था जिससे 35 लोग घायल हुए और लोगों का भारी नुकसान भी हुआ इस घटना में घायल पीड़ितों में से उपचार के दौरान 6 लोगों की मृत्यु हो गई आज कर्मचारियों ने सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए फायर के शहीद भविष्य शर्मा व रणवीर को शहीद का दर्जा देने, परिवार को एक एक करोड़ रूपया आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं बच्चों के पढ़ाई का खर्च उठाने की मांग करते हुए इस घटना की न्यायिक जांच घायलों को 10-10 लाख आर्थिक सहायता, मुफ्त इलाज एवं पुलिस कर्मचारियों को भी अन्य शहीदों की भांति । कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि अग्नि कांड/ब्लास्ट प्रकरण के मृतक फायर योद्धाओं को शहीद का दर्जा देने में की जा रही देरी से फायर कर्मचारियों एवं परिजनों में नाराजगी बढ़ रही है। उन्होंने विगत दिनों कैबिनेट मंत्री राव नरवीर के फायर कर्मियों को गैर जिम्मेदार बताने की घोर निंदा करते हुए श्री शास्त्री ने कहा कि हरियाणा फायर कर्मी निष्ठावान एवं समर्पित हैं, 16 फरवरी को सेक्टर-24 मुजेसर में आगजनी की घटना में आमजन की जान और माल की रक्षा करते हुए अपनी जान कुर्बान करके साबित कर दिया है। फायर कर्मी केवल आजीविका चलाने के लिए नौकरी नहीं करते बल्कि सामाजिक देश हित में सेवार्थ भावना से कार्य करते हैं।

श्रद्धांजलि सभा में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान करतार सिंह, सचिव बलबीर सिंह बालगुहेर, दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ उप प्रधान शब्बीर खान, सर्किल सचिव कृष्ण कालीरमन, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य सचिव अनु, ऑडिटर परसराम अधाना, सचिव अजय शास्त्री, सहसचिव वेद शर्मा, संघ के जिला प्रधान दिलीप बोहत, जिला सचिव अनिल चिंडालिया, फायर विभाग के मेघश्याम, जोगेंद्र, बृजमोहन आदि।

# एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक की अध्यक्ष ने दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का किया दौरा

### दौरे की शुरुआत सराय काले खां नमो भारत स्टेशन से हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद



एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक की अध्यक्ष सुश्री ज़ो जियाई ने सोमवार को एआईआईबी के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली–मेरठ नमो भारत कॉरिडोर का दौरा किया। उनका स्वागत एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने किया। साथ ही एनसीआरटीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दौरे की शुरुआत सराय काले खां नमो भारत स्टेशन से हुई, जहां एआईआईबी की अध्यक्ष को भारत के प्रथम नमो भारत के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें परियोजना का समग्र विवरण, इसमें उपयोग की गई उन्नत तकनीकों तथा अग्रणी पहलों की जानकारी शामिल थी।

सराय काले खां इस कॉरिडोर के प्रारंभिक और सबसे बड़े स्टेशनों में से एक है। यह एक मल्टी-मोडल ट्रांजिट हब भी है।

## खबर संक्षेप

### बरेली में 166वीं बार निकली ऐतिहासिक राम बरात



लखनऊ। होली से पहले बरेली में आस्था और परंपरा के संगम से ऐसा रंग जमा, जिसमें शहरवासी सराबोर हो गए। बरेली में 166वीं बार ऐतिहासिक राम बरात निकाली गई। बराती बने हुरियारों ने जमकर होली खेली। शहर के ब्रह्मपुरी स्थित नृसिंह मंदिर से सुबह करीब 10 बजे पूजा-पाठ के बाद राम बरात की शुरुआत हुई। रघुवर दूल्हा बनकर रथ पर निकले तो जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया।

### खड़े ट्रक से टकराई बस 3 की मौत, 31 घायल



**लखनऊ।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गईं। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं।

### 11 हजार करोड़ के ग्रीन टेक प्रोजेक्ट को लगी मुहर

**रांची।** झारखंड में न्यू एज ग्रीन एडवांस्ड टेक्नोलॉजी स्टील प्रोजेक्ट में 11 हजार करोड़ रुपए के निवेश, हाइड्रोजन ईंधन-आधारित ट्रकों के निर्माण और अन्य विकास परियोजनाओं को लेकर सोमवार को रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ टाटा सन्स के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के बीच उच्चस्तरीय बैठक हुई। इस वार्ता में राज्य में औद्योगिक विस्तार और दीर्घकालिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर सहमति बनी। बैठक के बाद चंद्रशेखरन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि झारखंड टाटा समूह की औद्योगिक यात्रा का आरंभिक केंद्र रहा है।



खास होगी अयोध्या की होली उड़ेगा गुलाल

# सीएम योगी के भेजे हर्बल गुलाल से लगेगा रामलला को टीका

**अयोध्या के राम मंदिर में इस साल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेलने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व पर मंदिरों के लिए हर्बल गुलाल भेजा है।**

**खास बातें**
- रामलला के लिए 56 भोग बनेगा
- फूलों की होली खेलने की व्यवस्था की गई है
- मंदिरों के कपाट चंद्र ग्रहण के मौके पर 3 मार्च को बंद रहेंगे





एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर में इस साल हर्बल गुलाल और फूलों से होली खेलने की तैयारी की जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने होली के पर्व पर मंदिरों के लिए हर्बल गुलाल भेजा है। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि सीएम के भेजे हर्बल गुलाल को प्रभु राम लला सहित अन्य विग्रहों को अर्पित कर इससे होली खेली जाएगी। इसके अलावा फूलों की होली खेलने की भी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि होली के मुख्य पर्व पर रामलला के लिए, 56 भोग बनेगा उनका आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होली की शुरुआत रंगभरी एकादशी से ही हो चुकी है। इस दौरान रोजाना प्रभु रामलला को गुलाल से टीका कर उन्हे रंग गुलाल अर्पित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मंदिर में सांस्कृतिक दल होली गीत फगुआ आदि का गायन कर रहे हैं। पर्व पर रामलला के दर्शन करने के लिए देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ 1 लाख के करीब पहुंच गई है। अयोध्या के 5 हजार से अधिक मंदिरों में रंगभरी एकादशी से रंगोत्सव चल रहा है, जो 4 मार्च तक जारी रहेगा।

**श्रद्धालुओं की भीड़ 1 लाख के पार**

### मंदिरों के कपाट 3 मार्च को बंद रहेंगे

अयोध्या के मंदिरों के कपाट चंद्र ग्रहण के मौके पर 3 मार्च को बंद रहेंगे। वहीं राम जन्म भूमि मंदिर ने अपने अपने संध्या आरती व भोग आरती के समय के साथ चंद्रग्रहण की समय सारणी जारी कर दी है। उस दिन राम लला के दर्शन का समय आधा घंटा बढ़ाने का निर्णय किया है। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण राम जन्म भूमि मंदिर के कपाट सुबह 9:30 बजे से रात 8:30 बजे तक बंद रहेगा। इस दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश मंदिर में बंद रहेगा।

### दर्शन की अवधि आधा घंटा बढ़ाई गई

मंदिर के कपाट संध्या आरती के समय से खुल जाएंगे। उसी के साथ दर्शन भी शुरू हो जाएगा। चंद्र ग्रहण के चलते राम लला के दर्शन की अवधि आधा घंटा बढ़ा दी गई है। चंद्र ग्रहण की तिथि को प्रभु रामलला की भोग आरती रात 9:30 बजे होगी और दर्शन 10:30 की जगह 11 बजे रात तक चलेगा।

यूपी में आयोजनों की गति बढ़ी

# यूपी की हवा में घुले चुनावी रंग, हर महीने मेगा प्रोजेक्ट के शुभारंभ की तैयारी में योगी सरकार

**यूपी में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यूपी सरकार और संगठन ने सियासी कमर कस ली है। कई प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाओं को फिनिशिंग टच दिया जा रहा है।**

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की हवा में अब चुनाव के रंग घुलने लगे हैं। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग वोटर लिस्ट को पुख्ता बनाने में जुटा है। इधर, सियासी दलों ने भी बूथवार चक्रव्यूह तैयार करना शुरू कर दिया है। इस बीच सरकार-संगठन ने भी सियासी मोर्चेबंदी के साथ ही उपलब्धियों के मोर्चे पर भी नाकाबंदी शुरू कर दी है। इस साल अमूमन हर महीने एक मेगा प्रोजेक्ट के लोकार्पण, निवेश और विकास के मोर्चे पर बढ़े आयोजनों की तैयारी है। इसमें अधिकतर कार्यक्रमों में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे, जिससे 'डबल इंजन' के दम का संदेश दिया जा सके।

पिछले तीन महीने में यूपी में आयोजनों की गति बढ़ी है और इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ ही केंद्रीय नेतृत्व की भी सक्रियता बढ़ी है। इस प्रक्रिया को और तेज करने के लिए प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में इन आयोजनों को और विस्तार देने की तैयारी है। एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि जिले से प्रदेश स्तर और राष्ट्रीय महत्व वाली परियोजनाएं जो अंतिम चरण में हैं उनको फिनिशिंग टच देने की प्रक्रिया तेज हो गई है।



**विकास और सियासी संदेश एक साथ**

पिछले तीन महीनों में यूपी के आयोजनों को लेकर पीएम की सक्रियता बढ़ी है। 25 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस दौरान सरकार की उपलब्धियों के साथ ही उन्होंने विपक्ष को भी निशाने पर लिया। जनवरी के पहले सप्ताह में वह वाराणसी में खेल से जुड़े आयोजन में वर्चुअल जुड़े थे। 24 जनवरी को यूपी के स्थापना दिवस पर योगी और केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंच साझा किया। पिछले महीने 21 फरवरी को मोदी नोएडा में सेमीकंडक्टर यूनिट के आयोजन में वर्चुअल जुड़े तो इसके अगले दिन उन्होंने मेरठ से दिल्ली तक रैपिड रेल का उद्घाटन किया। विपक्ष पर सवाल और समर्थकों को सियासी संदेश देने के लिए भी मोदी ने मेरठ के मंच को चुना। उन्होंने जहां संसद में कांग्रेस को व्यवहार को लेकर तीखा हमला बोला, वहीं, यूपी में योगी सरकार की उपलब्धियों को भी सराहा।

### इन परियोजनाओं का हो सकता है शुभारंभ

- देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेस-वे
- नोएडा में बन रहा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट
- लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे
- इन्वेस्ट यूपी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी

### चुनाव के पहले मथ लेंगे प्रदेश

सूत्रों का कहना है कि कार्यक्रमों की रूपरेखा इस तरह से तैयार की जा रही है कि विकास योजनाओं और उनके लोकार्पण के जरिए ही केंद्रीय-प्रदेश नेतृत्व चुनाव शुरू होने से पहले पूरे यूपी को मथ चुका होगा। इसके अलावा भी प्रदेश व जिला स्तर के अन्य विकास कार्यों की सूची प्रभारी मंत्रियों के जरिए बनाई जा रही है, जिससे चुनावी मंच से वादे नहीं बल्कि उनकी अमल की तस्वीर दिखा जनता से यूपी मे तीसरा टर्म मांगा जा सके। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार-संगठन के लिए यह रणनीति कारगर रही थी।

### गंगा एक्सप्रेस-वे, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पाइपलाइन में

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इसी महीने वाराणसी दौरा भी प्रस्तावित है। इसमे वहां रोप-वे सहित अन्य बड़ी परियोजनाओं को वह हरी झंडी दिखा सकते है। वहीं, देश के सबसे लंबे एक्सप्रेसवेज में शुमार गंगा एक्सप्रेस-वे का कार्य भी अंतिम चरण में है। अगले महीने तक योगी सरकार इसका भी लोकार्पण पीएम के हाथों करवाने की तैयारी कर रही है।

यूपी में होली से पहले भीषण खूनी संघर्ष

# कुल्हाड़ी से काटकर चार की हत्या दो अन्य गंभीर रूप से घायल



एजेंसी ▶▶ बहराइच

जिले में होली से पहले खूनी होली खेली गई। पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने के पैसे न मिलने से नाराज बेटे ने अपने मां-बाप, दादी व बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।

सो रहे अन्य परिवारजन शोर शराबा सुनकर घर के आंगन में पहुंचे तो देखा कि चार लाशें खून से लथपथ पड़ी है। चारों ओर से घिरा देख आरोपी खुद पर भी ईट से हमला कर जान देने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे बहराइच से लखनऊ के ट्रामा सेंटर को रेफर किया गया है घटनास्थल का एसपी ने निरीक्षण किया।

रुपईडीहा इलाके के बसंतपुर रुदल में रात करीब 12:30 बजे जब पूरा गांव गहरी नींद में था, तब गांव निवासी बदलूराम के घर से उठी चीख-पुकार ने सन्नाटे को चीर दिया। बदलूराम का बेटा निरंकार पिता द्वारा बेची गई जमीन व गहने का पैसा न देने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। बात इतनी बढ़ गई कि निरंकार अपना आपा खो बैठा और पास में रखी कुल्हाड़ी से पिता पर हमला कर मौत ज घाट उतार दिया।

बदलूराम को बचाने दौड़े उसकी 56 वर्षीय पत्नी संजू देवी, बेटी पार्वती व 80 वर्षीय मां सिताला को भी कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दिया। रात में शोर शराबा सुन गांव के ग्रामीण बदलूराम के घर पहुंचे तो देखा कि आंगन में चार लार लाशें बिछी हुई हैं। पुलिस ने निरंकार को हिरासत में लेकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटनास्थल का पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डीपी तिवारी ने बताया कि फोरेन्सिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए हैं। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पेज एक का शेष

### ग्रहण दोपहर 3.20 बजे ...

धार्मिक क्रियाएं पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। सूतक काल समाप्त होने के बाद रात करीब 7 बजे शुद्धि करने के बाद मंदिर खोले जाएंगे । लेकिन शहर के लखेरापुरा स्थित श्रीजी का मंदिर खुला रहेगा। मां चामुंडा दरबार

गुरु पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा यानी होली पर इस बार चंद्र ग्रहण का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इससे पहले 3 मार्च 2007 और 13 मार्च 1979 को होली पर चंद्र ग्रहण लगा था। इसके बाद 25 मार्च 2043 को होली पर ग्रस्तोदय चंद्रग्रहण का योग बनेगा। उन्होंने बताया कि ग्रहण दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से लेकर शाम 6 बजकर 46 मिनट तक रहेगा। श्रीजी मंदिर लखेरापुरा चौक के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि प्रभु श्री वल्लभाचार्य व पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार ग्रहण को संकटकाल का समय माना जाता हैं, ऐसे में भक्तों को भगवान से दूर न रहते हुए उनकी शरण में रहना चाहिए। इसके चलते मंदिर के पट ग्रहण के समय खुले रहेंगे।

चंद्रग्रहण का समय : शुरुआतः दोपहर 3:20 बजे, पूर्ण ग्रहण शुरूः शाम 4:34 बजे, पूर्ण ग्रहण समाप्तः शाम 5:33 बजे, ग्रहण का समापनः शाम 6:46 बजे

### अब ईरान की तरफ ...

अवीव और यरुशलम में सायरन बज रहे हैं। यह भी जानकारी मिली है कि यरुशलम के अल-कुद्स में भीषण विस्फोट हुए हैं। सऊदी अरब की सरकारी तेल कंपनी सऊदी अरामको ने सोमवार को दम्माम के पास स्थित अपनी तेल रिफाइनरी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। तेल रिफाइनरी का नाम रास तनूरा है, जिसे ईरानी ड्रोन ने निशाना बनाया। रिफाइनरी की क्षमता प्रति दिन पांच लाख बैरल से अधिक कच्चे तेल की है। इन हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रुकने के कारण सोमवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में करीब 10% का भारी उछाल दर्ज किया गया।

**पीएम मोदी ने बहरीन के राजा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से बात कीः** पीएम नरेंद्र मोदी ने बहरीन के राजा हमाद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और पीएम मोहम्मद बिन सलमान से बात की है। पीएम मोदी ने इन दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की और दोनों देशों में भारतीय समुदाय की भलाई पर चर्चा की। इस संघर्ष को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की मौजूदगी में सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में कहा कि दुनिया में चल रहे कई तनावों पर भारत का रुख साफ है। हमने हमेशा शांति और स्थिरता बनाए रखने की बात कही है। भारत बातचीत और डिप्लोमेसी के जरिए सभी विवादों को सुलझाने का समर्थन करता है।

### न्यूक्लियर प्लांट पर...

सामान्य बैकग्राउंड लेवल से ज़्यादा बढ़ोतरी नहीं देखी गई है। संभावित रेडियोलॉजिकल रिलीज़ से इनकार नहीं कर सकते, जिसमें बड़े शहरों जितने बड़े या उससे भी बड़े इलाकों को खाली कराना शामिल है। उन्होंने कहा कि ईरानी न्यूक्लियर रेगुलेटरी अथॉरिटीज़ से संपर्क करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

### खामेनेई की ...

मौत हो गई। मंसूरे खोजस्ते बागेरजादेह की उम्र 79 वर्ष थी, जिनका जन्म ईरान के मशहद में हुआ था। वह इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) के पूर्व उप निदेशक हसन खोजस्ते बगेरजादेह की बहन थीं। खामेनेई की पत्नी भी उस समय तेहरान में खामेनेई के परिसर में उनके साथ मौजूद थीं जब अमेरिका और इज़रायल द्वारा हमला किया गया था।

### पश्चिम-एशिया की स्थिति...

देशों के साथ मिलकर काम करता रहेगा। उन्होंने ये भी कहा कि दोनों देशों को इसे लेकर कोई शक नहीं है कि आतंकवाद, कट्टरता और अलगाववाद केवल हमारे लिए ही नहीं बल्कि समूची मानवता के लिए गंभीर चुनौतियां हैं। जिसे देखते हुए इनके खिलाफ हमारा करीबी सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां बता दें कि प्रधानमंत्री कार्नी बीते शुक्रवार से भारत की पहली आधिकारिक यात्रा पर थे। जिसके तहत पीएम मोदी के साथ उनकी ये बैठक हुई। जिसके परिणामस्वरूप दुर्लभ खनिजों और यूरेनियम की सप्लाई सहित कुल करीब दो दर्जन से अधिक (25) समझौते-एमओयू और घोषणाएं निकलकर सामने आई हैं।

**न्यायिक प्रक्रिया से आगे बढ़ें संवेदनशील मामले :** पी.कुमारन ने खालिस्तानी चरमपंथ, सीमापार संगठित अपराध और आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में पीएम कार्नी की पीएम मोदी के साथ बैठक से ठीक पहले कनाडा के मीडिया में अनाम वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के हवाले से प्रकाशित किए गए भारत विरोधी बयानों पर कहा, भारत पूरी दृढ़ता के साथ सीमापार संगठित अपराधों, हिंसा को लेकर लगाए जाने वाले तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करता है। ये दावे तथ्यों से परे आधारहीन होने के साथ ही राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। जिन्हें लेकर हमारे द्वारा कई बार दूसरे पक्ष (कनाडा) से पुख्ता प्रमाण देने का अनुरोध किया गया है। भारत मानता है कि इस प्रकार की चिंताओं को लेकर सार्वजनिक बयानबाजी से इतर एक भरोसेमंद कानूनी व न्यायिक प्रक्रिया के तहत ही आगे बढ़ाया जाना चाहिए। निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा में स्थापित न्यायिक प्रक्रिया के तहत आपराधिक मुकदमा चल रहा है। जिसके पूरा होने के बाद ही पूर्ण ज्यूरी ट्रायल शुरू होगा। भारत न्यायिक प्रक्रिया को लेकर नियमित रूप से अपनी प्रतिबद्धता जताता रहा है। हम मानते हैं कि संवेदनशील मामलों को बिना किसी सार्वजनिक बयानबाजी में पड़े न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से ही आगे बढ़ाया जाना चाहिए। बताते चलें कि 2023 में कनाडा में हुई निज्जर की हत्या के बाद से ही दोनों देशों के संबंध पटरी से उतर गए थे।

**कार्नी को याद आए स्वामी विवेकानंदः** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने साझा प्रेस बयान में बीते एक दशक में पीएम मोदी के कार्यकाल में भारत में हुई प्रगति की सराहना की। साथ ही स्वामी विवेकानंद के विचारों को याद करते हुए साझा साझेदारी के संबंध में इसे अपनाने का संकल्प भी जताया। उन्होंने कहा, विवेकानंद एक महान दार्शनिक थे और उन्होंने करीब एक शताब्दी पूर्व की गई वैंकूवर की अपनी यात्रा में कहा था 'उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए'। कार्नी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने इस विचार को अपनी यात्राओं और पुस्तकों के माध्यम से चरितार्थ करने की कोशिश की थी।

**2026 के अंत तक होगा 'सीपा' :** पीएम मोदी ने कहा कि चर्चा में हमने आर्थिक और रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया है। भारत-कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों में गहराई से विश्वास रखते हैं। दोनों विविधता का जश्न मनाते हैं, मानवता की भलाई हमारा साझा विजन है। जो हमें प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। बैठक में हमने इसे साझेदारी के अगले स्तर के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को आगामी पांच वर्षों में यानी वर्ष 2030 तक 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विदेश मंत्रालय में सचिव ने बताया कि बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) को लेकर टर्म ऑफ रेफरेंस (टीओआर) पर सहमति जताई गई है, भविष्य में इसे लेकर चर्चाएं जोर पकड़ेंगी। जबकि समझौते को इस साल के अंत तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा। सीईपीए की मदद से दोनों देशों में निवेश और रोजगार के नए अवसरों का निर्माण होगा और अगले पांच वर्षों में व्यापार को दोगुना किया जाएगा। बिजनेस लीडर्स से मुलाकात में मिले सुझावों के आधार पर दोनों देश आर्थिक साझेदारी का रोडमैप तय करेंगे। कनाडा के पेंशन फंड ने भारत में 100 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। जो देश की विकास की कहानी में उनके गहरे विश्वास को प्रदर्शित करती है।

**स्थापित होगा भारत-कनाडा रक्षा संवाद :** उन्होंने रक्षा-सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ते सहयोग को आपसी विश्वास और संबंधों की परिपक्वता का प्रतीक बताया। दोनों रक्षा उद्योग, समुद्री क्षेत्र जागरुकता व सैन्य सहयोग बढ़ाने पर काम करेंगे। इसे ध्यान में रखकर हमने भारत-कनाडा रक्षा संवाद की स्थापना करने का निर्णय लिया है। तकनीक-नवाचार के मामले में दोनों स्वाभाविक साझेदार हैं। जिसकी बदौलत हम अपने विचारों को वैश्विक समाधान में तब्दील कर सकते हैं। पीएम मोदी ने बीते महीने भारत में हुए एआई सम्मेलन में कनाडा की भागीदारी को लेकर प्रधानमंत्री कार्नी के प्रति आभार जताया। साथ ही कहा कि हमने एआई, सेमीकंडक्टर, क्वांटम, सुपरकंप्यूटिंग में सहयोग बढ़ाने पर सहमति प्रदान की है।

**यूरेनियम सप्लाई ऐतिहासिक समझौता :** प्रधानमंत्री ने दुर्लभ खनिजों, असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में दीर्घावधि यूरेनियम सप्लाई समझौतों का अपने संबोधन में विशेष तौर पर जिक्र किया और कहा, दुर्लभ खनिजों पर हुआ एमओयू एक लचीली सप्लाई चेन को मजबूती देगा। अंतरिक्ष क्षेत्र में दोनों देशों के स्टार्टअप और उद्योगों को जोड़ा जाएगा। असैन्य परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में हमने यूरेनियम की ऐतिहासिक दीर्घावधि सप्लाई समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भविष्य में दोनों देश छोटे मॉड्यूलर और एडवांस रिएक्टरों पर भी मिलकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण भी आर्थिक स्थिरता का ही भाग है। ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देश अगली पीढ़ी की साझेदारी बना रहे हैं। जिसमें हाइड्रोकार्बन के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन व एनर्जी स्टोरेज पर बल दिया जाएगा।

**आईएसए, जीबीए से जुड़ेगा कनाडाः** उन्होंने कहा कि कनाडा ने वैश्विक सौर संघ (आईएसए) और ग्लोबल बॉयोफ्यूल संघ से जुड़ने का निर्णय लिया है। साझा प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए हम इस साल इंडिया- कनाडा रिन्यूएबल एनर्जी एंड स्टोरेज समिट का आयोजन करेंगे। कृषि में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए संबंधित तकनीक, खाद्य सुरक्षा हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। इस दिशा में भारत-कनाडा पल्स प्रोटीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। लोगों के बीच संबंध हमारी असली ताकत हैं। इन्हें मजबूत बनाने के लिए कई निर्णय लिए हैं। एआई, स्वास्थ्य देखभाल, कृषि, नवाचार में कई विश्वविद्यालयों के बीच नई घोषणाएं हो रही हैं। हम कनाडा के विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खोलने पर भी सहमत हुए हैं। स्वदेशी, ट्रायबल समुदाय हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत का अहम हिस्सा हैं।

**एमओयू-समझौतों का सारः** -दीर्घावधि यूरेनियम सप्लाई को लेकर भारत के एटॉमिक एनर्जी विभाग और कनाडा केमको के बीच एक व्यापारिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जिसके तहत केमको भारत को यूरेनियम अयस्क सांद्रक की सप्लाई करेगा। ये तत्व यूरेनियम के खनन के बाद अयस्क से प्राप्त होने वाला पहला परिष्कृत उत्पाद है, जिसका इस्तेमाल मुख्यतः परमाणु ईंधन के लिए संवर्धन की प्रक्रिया में किया जाता है। भारत मानता है कि ये समझौता उसके परमाणु विस्तार की दिशा में उठाया गया एक अहम कदम है। जो वर्ष 2047 के उसके विकसित भारत के विजन के तहत इस अवधि तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति के लिए परमाणु कार्यक्रम में भी योगदान करेगा।

-दुर्लभ खनिजों को लेकर दोनों देशों के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जो दोनों के लिए दुर्लभ खनिजों के मामले में साझा रूप से लाभप्रद, सुरक्षित, लचीली और मूल्यवान सप्लाई चेन की स्थापना को लेकर सहयोग से संबंधित है। जिससे दोनों जगहों पर दुर्लभ, सामरिक खनिजों से जुड़े प्रोजेक्ट की पहचान, खनन, निवेश बढ़ाने व तकनीकी ज्ञान-अच्छी आदतों के आदान-प्रदान बढ़ाएगा।

-आपसी रूप से फायदेमंद 'सीपा' समझौते को लेकर वार्ता की शुरुआत के मद्देनजर दोनों देशों ने टीओआर को मंजूरी दे दी है। जो इस महत्वाकांक्षी, संतुलित व साझा लाभप्रद समझौते से जुड़ी बातचीत को गति, फ्रेमवर्क के साथ समयबद्ध समापन को लेकर जरूरी दिशा प्रदान करेंगे। सीपा में व्यापार व अन्य स्वीकृत नीतिगत मुद्दे भी शामिल होंगे

-तकनीक-नवाचार को लेकर भारत, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक त्रिपक्षीय एमओयू हुआ। जिसका उद्देश्य उभरती हुई तकनीक-नवाचार में सहयोग को बढ़ाना है। इसके केंद्र में तीनों देशों की साझेदारी (एसीआईटीआई) अहम है।

-एआईसीटीई-मिटॉक्स के बीच एमओयू हुआ। जिसके तहत 2027 से 300 योग्य भारतीय छात्रों को कनाडा के शोध संस्थानों में विज्ञान, इंजीनियरिंग, गणित, सोशल साइंस, ह्यूमैनिटी जैसे विषयों को लेकर पूर्ण वित्तीय मदद के साथ इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी। जो 12 सप्ताह की होगी और इसे कनाडाई अकादमिक फैकल्टी की देखरेख में संचालित किया जाएगा। साथ ही दोनों के बीच सांस्कृतिक, नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग के लिए एमओयू हुआ है।

**यह हैं अहम घोषणाएंः** -दोनों देशों के विश्वविद्यालयों के बीच एआई, स्वास्थ्य-देखभाल, कृषि-नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग-साझेदारी बढ़ाने के लिए 24 एमओयू हुए हैं, कनाडा ने आईएसए, जीबीए में शामिल होने का निर्णय लिया है, 17 से 30 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किए जाने वाले भारत ट्राइब्स फेस्ट में कनाडा शामिल होगा, कनाडा के विश्वविद्यालयों ने संयुक्त प्रतिभा-नवाचार रणनीति की घोषणा की है, भारत-कनाडा संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी।

### वैश्विक आर्थिक ...

कर रही है। इस नजरिए से देखें तो आज की हमारी ये बैठक दोनों देशों की साझेदारी का एक नया ब्लूप्रिंट तैयार करेगी। उन्होंने भारत में जारी टी-20 क्रिकेट में कनाडा की टीम के खेलने पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इसी तर्ज पर दोनों देशों को अपने निर्णयों में निडरता के साथ तेजी और जीत वाली साझेदारी पर ध्यान देना चाहिए। जिससे भारत-कनाडा भविष्य को एक साथ मिलकर आकार देंगे।

**यूं स्वाभाविक साझेदार हैं दोनों देश :** उन्होंने कहा कि दोनों देश शानदार लोकतंत्र होने के अलावा दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी हैं। हमारा समाज साझा मूल्यों पर आधारित है। जिसमें लोकतंत्र, विविधता और विकास हमें स्वाभाविक साझेदार के रूप में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। हमारी वार्ता में हमने साझा विजन को गति प्रदान करने के लिए द्विपक्षीय व्यापार को 50 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने और जल्द ही व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीपा) को अंतिम रूप देने का अहम निर्णय लिया है। उन्होंने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से सरकारी विजन को हकीकत में तब्दील करने का अनुरोध किया।

**इस तरह से रिफार्म एक्सप्रेस बना भारत :** प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत का आज दुनिया की तेजी से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनने के पीछे देश में मौजूद मजबूत घरेलू मांग, युवा आबादी, निवेश की बड़े पैमाने पर बनी हुई संभावना और डिजिटल तकनीक की ताकत मुख्य वजह बनकर उभरी है। जो हमारी निर्बाध गति से दौड़ते रिफार्म एक्सप्रेस का नतीजा है। भारत ने नीतिगत सरलता के साथ ही लॉजिस्टिक आधुनिकीकरण, टैक्स-बैंकरप्सी सुधार तक हर क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी पर जोर दिया है। दोनों देशों की जीडीपी 6 ट्रिलियन से अधिक है। लेकिन हमारी वास्तविक ताकत हमारी आकांक्षाओं में है।

पीएम ने दिए ये पांच सुझाव

उन्होंने दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधियों को पांच जरूरी सुझाव भी दिए हैं। जिसमें,

पहला-स्वच्छ ऊर्जा।

दूसरा-इंफ्रास्ट्रक्चर और कैपिटल भागीदारी।

तीसरा-एआई।

चौथा-मैन्युफैक्चरिंग और तकनीक।

पांचवां-फूड प्रोसेसिंग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमारी साझेदारी केवल राष्ट्रीय राजधानियों तक ही सीमित नहीं चाहिए। बल्कि इसे हमें राज्यों और प्रांतों तक ले जाना चाहिए। अल्बर्टा के प्राकृतिक संसाधनों को गुजरात-राजस्थान के नवीकरणीय महत्वाकांक्षा से जोड़ने, ओंटेरियो की मैन्युफैक्चरिंग ताकत को तमिलनाडु, महाराष्ट्र के औद्योगिक गलियारे से जोड़ने, मॉन्ट्रियाल के टैक इकोसिस्टम को बेंगलुरु व हैदराबाद के नवाचार हब के साथ जोड़ने पर जोर दिया। जिसके बाद ही ये साझेदारी नीति से समृद्धि में तब्दील हो पाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

संदर्भः निविदा सूचना संख्या 82/2025–2026 दिनांक 23.01.2026
निविदा संख्या 07250207, अंतिम तिथि 13.03.26.

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा के विवरन में बदलाव किया गया है जो की इस प्रकार से है
(1) निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.02.26 से बढ़ाकर 13.03.26 कर दी गई है।
(2) निविदाओं की संख्या 961 से बढ़कर 3288 हो गई है।
(2) ईएमडी को अद्यतन कर दिया गया है।
अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित कर दिया गया है। 650/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वीरपाल पुत्र निवासी मकान नंबर 351, पहली मंजिल और जी/एफ टी– कैंप कृष्णा कॉलोनी काली बस्ती हस्ताल, उत्तम नगर, दिल्ली Ct. Cases No. 96/2017 U/S 135 Electricity Act,** अन्तर्गत थाना उत्तम नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरपाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **वीरपाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Ct. Cases No. 96/2017 U/S 135 Electricity Act,** अन्तर्गत थाना उत्तम नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वीरपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री हरलीन सिंह
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (दक्षिण–पश्चिम)
विशेष न्यायालय विद्युत, कक्ष संख्या 609
द्वारका कोर्ट्स, नई दिल्ली

DP/2741/DW/2026(Court Matter)





भारतीय जन-जीवन में फागुन का आगमन केवल ऋतु-परिवर्तन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना का सक्रिय समय होता है। इस चेतना को अपने अस्तित्व में संजोती, उसमें लोक व्यवहार और परंपराओं को पोसती स्त्री की सहभागिता, फागुन में नव-उमंग को संचारित करती है। इससे घर-परिवार और समाज में जीवंतता का इंद्रधनुषी रंग घुल-मिल जाता है।

# फागुन की थाप में स्त्री की भूमिका

आवरण कथा



कल्पना मनोरमा, साहित्यकार

फागुन वह महीना है, जब प्रकृति में दिखाई देने वाले परिवर्तन, पेड़ों पर बौर, टेसू के फूलों की केसरिया आभा, हवा की गंध, मनुष्य की स्मृतियों और संबंधों को अलग तरह से प्रभावित करते हैं। ऋतु का यह बदलाव बाहरी दृश्य से अधिक आंतरिक अनुभव का विषय बन जाता है। विशेषतः स्त्री के जीवन में फागुन एक साथ स्मृति, अनुभव, सजगता और सहभागिता का समय लेकर आता है। उल्लास की डोर हौले से पकड़ा देता है।

## स्पष्ट संकेतों के साथ फागुन का आगमन

प्रकृति के स्तर पर फागुन का आगमन स्पष्ट संकेतों के साथ होता है। हवा में महुए की गंध घुलने लगती है, टेसू के फूल, गेहूं, चने की पकी फसलें, खेतों और बागों को रंग देते हैं, धूप में हल्का सुनहरापन घुल जाता है। यह परिवर्तन केवल दृश्य नहीं, संवेदनात्मक भी होता है। गंध, रंग और ध्वनि मिलकर ऐसा वातावरण निर्मित करते हैं, जिसमें अतीत और वर्तमान का अंतर कम होने लगता है। ढोलक की थाप, फगुआ के गीत और गली-मोहल्लों की चहल-पहल सामूहिकता का आह्वान करती है। यह वह समय है, जब व्यक्ति अपने निजी जीवन से बाहर निकलकर समुदाय का हिस्सा बनता है। एक अपने से दृष्टि हटाकर कुनबे की तरफ देखता है।



## सामाजिक भेद से दूर होली का उल्लास

होली के दिन सामाजिक भेद कुछ समय के लिए हल्के पड़ जाते हैं। यह भेद मिटाना केवल खेल के लिए नहीं, प्रतीकात्मक क्रिया होती है। यह बताने के लिए कि सामाजिक ऊंच-नीच, औपचारिकता और दूरी का स्थान उत्सव में सीमित है। बड़े-छोटे, स्त्री-पुरुष, सभी एक साथ रंग में भीगते और गले मिलते हैं। ढोलक की थाप और फगुआ के गीत सामूहिक स्मृति को जीवित रखते हैं। लोकगीतों में पीढ़ियों का अनुभव, हास्य, व्यंग्य और जीवन-दृष्टि संचित रहती है। पारंपरिक समाज में वे प्रारंभ में चौखट के भीतर से देखती थीं, पर धीरे-धीरे सहभागिता का दायरा बढ़ता गया।

## उम्र के हिसाब से बदल जाता है फागुन का अर्थ

जीवन-चक्र के विभिन्न चरणों में फागुन का अर्थ बदलता है। बचपन में यह केवल खेल और आनंद का समय होता है- पिचकारी, रंग और खुली हंसी। किशोरावस्था में रंगों का अनुभव अधिक संवेदनशील हो उठता है, सामाजिक और शारीरिक चेतना जागृत होती है। विवाह के बाद नए परिवेश में स्त्री को संबंधों की मर्यादाएं समझनी होती हैं, किसके साथ कितनी सहजता उचित है, कहां संयम आवश्यक है। इस प्रक्रिया में वह अपने लिए संतुलित स्थान तय करती है। धीरे-धीरे वह समझती है कि उत्सव में भागीदारी का अर्थ भीड़ में विलीन हो जाना नहीं, बल्कि अपनी गरिमा बनाए रखते हुए शामिल होना है।



## रंगों का प्रतीकात्मक अर्थ आज भी है प्रासंगिक

समकालीन संदर्भ में भी फागुन का महत्व बना हुआ है, यद्यपि स्वरूप में परिवर्तन आया है। शहरी जीवन में सामूहिकता का रूप सीमित हो सकता है, पर रंगों का प्रतीकात्मक अर्थ अब भी प्रासंगिक है। सम्मान, सहमति और सहभागिता के नए मानक स्थापित हो रहे हैं। इस परिवर्तन में स्त्री की भूमिका अधिक स्पष्ट और मुखर हुई है। वह उत्सव की सहभागी ही नहीं, उसकी दिशा निर्धारित करने वाली भी है। अंततः फागुन एक ऐसा सांस्कृतिक क्षण है, जिसमें प्रकृति, समाज और व्यक्ति का अनुभव एक-दूसरे से जुड़ता है। यह स्मृति को सक्रिय करता है, संबंधों की परीक्षा लेता है और सामूहिकता की भावना को पुनर्स्थापित करता है। स्त्री के संदर्भ में फागुन का महीना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह इसमें श्रम, संवेदना, सावधानी और उल्लास, सभी को संतुलित करती है।

## केवल रंगों का पर्व नहीं फागुन

यदि उत्सव में आनंद और मर्यादा साथ चलें, तो फागुन केवल रंगों का पर्व नहीं, सामाजिक परिपक्वता का प्रतीक भी बन जाता है। इसी सांस्कृतिक संदर्भ में उत्तर प्रदेश के बरसाना की होली विशेष उल्लेखनीय है। यहां लट्ठमार होली की परंपरा केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक सामाजिक संवाद है। स्त्रियां लाठियां लेकर पुरुषों पर प्रहार करती हैं और पुरुष ढाल लेकर उसे खेल भाव से स्वीकारते हैं। यह आयोजन लोकविश्वास से जुड़ा है, जिसमें राधा-कृष्ण की लीलाओं का स्मरण निहित है। यहां स्त्री केवल दर्शक नहीं, सक्रिय केंद्र में होती है। उसकी उपस्थिति उत्सव की धुरी बनती है और प्रतिरोध भी विनोद के भीतर रूपायित होता है। श्रीकृष्ण के रंग-अनुराग का प्रसंग होली के पर्व को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विस्तार देता है। श्रीकृष्ण द्वारा गोपियों पर रंग डालने की कथा केवल राग-रंग का प्रसंग नहीं, बल्कि प्रेम की स्वीकृति और संवाद का प्रतीक है। राधा-कृष्ण की परंपरा में रंग एकतरफा नहीं, प्रत्युत्तर में लौटता है, यह समानता और सहभागिता का सांकेतिक रूप है। इस प्रकार फागुन का सांस्कृतिक अर्थ व्यक्तिगत स्मृतियों से लेकर लोक-परंपराओं और दार्शनिक प्रतीकों तक विस्तृत है। स्त्री की स्मृति, उसकी सजगता और उसकी सक्रिय भागीदारी इस पर्व को पूर्णता देती है। ❀

# स्त्री-शक्ति के सात रंग

महिलाओं को सशक्त बनने के लिए अपने जीवन में सशक्तिकरण के प्रतीक ये सात रंग भरने जरूरी हैं। ये रंग कौन से हैं, इनके बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

आह्वान

शिखर चंद जैन



महिलाओं को सशक्त बनाना किसी भी समाज-राष्ट्र की प्रगति के लिए सबसे प्रभावशाली कदम है। इसके लिए हर महिला को अपने जीवन में इन सात रंगों को सजाना होगा।

## पहचान का रंग

सशक्तिकरण की पहली सीढ़ी स्वयं को पहचानना है। एक स्त्री को समाज द्वारा तय की गई भूमिकाओं से इतर अपनी एक स्वतंत्र पहचान बनानी चाहिए। पुस्तक, 'आई नो व्हाई द केज्ड बर्ड सिंग्स' की लेखिका माया एंजेलो कहती हैं, 'हमारी पहचान हमारे अतीत से नहीं, बल्कि हमारे चयन से बनती है।'

## आर्थिक आत्मनिर्भरता का रंग

आज के दौर में 'फाइनेंशियल फ्रीडम' नारी शक्ति का मुख्य स्तंभ माना गया है। आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला न केवल अपने परिवार की रीढ़ बनती है, बल्कि देश की जीडीपी में भी योगदान देती है। आर्थिक स्वावलंबन, उद्यमिता और वित्तीय मजबूती ही असली सशक्तिकरण है।

## साहस का रंग

इतिहास से लेकर वर्तमान तक, महिलाओं का संघर्ष ही उनके साहस का वास्तविक परिचायक रहा है। चाहे वह झांसी की रानी की ऐतिहासिक वीरता हो या आज की महिला सैनिकों, वैज्ञानिकों और एथलीटों का संघर्ष। साहस, नारी का वह रंग है, जो उसे विपरीत परिस्थितियों में भी टूटने नहीं देता। मुसीबतों के सामने डटे रहना ही नारी शक्ति का सबसे गहरा रंग है।



## शिक्षा का रंग

शिक्षा केवल साक्षरता नहीं, बल्कि सोचने का नजरिया देता है। उच्च शिक्षा और तकनीक का ज्ञान महिलाओं को रूढ़िवादिता की बेड़ियों से मुक्त कर उन्हें वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाता है। यह रंग अज्ञानता के अंधेरे को दूर कर तार्किक सोच विकसित करता है।

## नेतृत्व क्षमता का रंग

आज के दौर में महिलाएं केवल आदेशों का पालन नहीं करतीं, बल्कि वे नेतृत्व भी करती हैं। कॉर्पोरेट बोर्डरूम से लेकर पंचायतों और संसद तक, महिलाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध किया है कि उनमें निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता होती है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करके दिखाया है कि महिलाएं केवल घर ही नहीं, बल्कि दुनिया चलाने की क्षमता रखती हैं।

## संवेदनशीलता का रंग

अकसर ही संवेदनशीलता को कमजोरी समझा जाता है, लेकिन नारी शक्ति का एक रंग उसकी संवेदनशीलता और भावनाओं में भी छिपा है। एक सशक्त महिला अपने आसपास के परिवेश को अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण बनाने का सामर्थ्य रखती है।

## सामाजिक न्याय का रंग

नारीवाद का आधुनिक रंग केवल अपने हक तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज में न्याय की स्थापना का रंग है। यह रंग एक न्यायपूर्ण और समतावादी समाज के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। सशक्तिकरण का यह रंग चुप रहने की परंपरा को तोड़कर बदलाव की आवाज बनने का आह्वान करता है। ❀

होली का त्योहार हर्षोल्लास से भरा होता है। लेकिन रंगों में मौजूद केमिकल्स कई बार आंखों और त्वचा के लिए नुकसानदेह साबित होते हैं। इनसे बचाव के लिए आपको किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए, बता रहे हैं डिटेल में।

# बरतें सावधानी-मनाएं सुरक्षित होली

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रॉबिन लोहिया

जनरल फिजिशियन, दिल्ली



बगैर सावधानी बरते और केमिकल वाले रंगों से होली खेलने की वजह से कई लोगों को स्किन और आंखों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं।

**हो सकती हैं ये स्किन प्रॉब्लम्स:** आमतौर पर बाजार में बिकने वाले होली के रंगों में लेड, मरकरी, क्रोमियम, कॉपर सल्फेट और इंडस्ट्रियल डाइज होते हैं, जो एलर्जी और इंफेक्शन का कारण बन जाते हैं। रंगों में मौजूद केमिकल्स त्वचा की प्राकृतिक नमी सोख लेते हैं, इससे रूखापन, जलन और खुजली जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। इनकी वजह से लाल चकत्ते, सूजन और फफोले जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं। इससे एक्जिमा, सोरायसिस या एटोपिक डर्मेटाइसिस जैसी समस्याएं परेशान करने लगती हैं। कुछ रंगों में ऐसे जहरीले तत्व पाए जाते हैं, जिनसे बैक्टीरियल इंफेक्शन का भी खतरा हो सकता है। इनकी वजह से नाखून टूटने और बाल झड़ने की भी समस्या हो सकती है। बच्चों और बुजुर्गों को रंगों से ज्यादा नुकसान पहुंचता है, क्योंकि उनकी त्वचा संवेदनशील और पतली होती है।



**बचाव के उपाय:** होली के दौरान त्वचा को सुरक्षित रखने के लिए हल्दी, चुकंदर, अनार, हरसिंगार और पलाश के फूलों से बना प्राकृतिक रंग ही इस्तेमाल करें। बेहतर यही होगा कि इन प्राकृतिक तत्वों को उबाल कर घर पर खुद ही रंग तैयार करें। समय की कमी के कारण अगर ऐसा संभव न हो तो बाजार से रेडिमेड कलर खरीदते समय हर्बल और नेचुरल का लेबल जरूर चेक करें। होली खेलने से पहले पूरे शरीर पर नारियल तेल और पेट्रोलियम जैली लगाएं। रंगों के असर से बचाव के लिए बालों में भी तेल लगाएं। ये चीजें त्वचा पर सुरक्षा कवच की तरह काम करती हैं, जिससे रंग त्वचा के भीतर गहराई तक घुस नहीं पाते। चेहरे के अलावा गर्दन और हाथ-पैरों का विशेष ध्यान रखें। होंठों और आंखों के आस-पास जैली लगाना न भूलें। होली खेलने के लिए घर से बाहर निकलते समय शरीर के खुले हिस्सों पर 50 प्रतिशत एसपीएफ पॉवर का सनस्क्रीन जरूर लगाएं, क्योंकि दिन के वक्त रंगों से होली खेलने पर त्वचा में जलन हो सकती है। रंगों से बचाव के लिए हमेशा फुल स्लीव्स की ड्रेस पहनें। नहाने के बाद एलोवेरा जैल या मॉयश्चराइजर लगाएं। खुजली या रैशेज हों तो एंटी एलर्जिक क्रीम लगाएं।



**आंखों की ऐसे करें केयर:** सूखे रंगों से आंखों के कॉर्निया में खरोंच आ सकती है। रंगों में मौजूद केमिकल्स से आंखों में जलन और खुजली हो सकती है। इसकी वजह से एलर्जिक कंजक्टिवाइटिस भी हो सकता है। गंभीर मामलों में केमिकल बर्न और इंफेक्शन भी हो सकता है।

**कैसे करें बचाव:** अगर कोई आपके चेहरे पर रंग लगा रहा है तो उस वक्त अपनी आंखें बंद कर लें। होली खेलने से पहले सनग्लास पहनना न भूलें। आंखों के चारों तरफ मॉयश्चराइजर या नारियल तेल लगाएं, इससे त्वचा पर रंग नहीं चिपकता है। अगर आंखों में रंग चला जाए तो तुरंत ठंडे पानी धो लें। आंखों को रगड़ें नहीं, इससे रंगों के कण बहुत गहराई से आंखों के भीतर चले जाते हैं। अगर आंखों में जलन हो रही हो तो ल्यूब्रिकेटेड आई ड्रॉप का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होगा। अगर आपकी आंखों में कॉन्टेक्ट लेंस लगा है तो होली खेलने से पहले उसे बाहर निकाल लें। अगर इन प्रयासों के बाद भी जलन कम न हो तो आई स्पेशलिस्ट से सलाह लें। होली खेलते समय बच्चों का विशेष ख्याल रखें। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आपके परिवार के लिए यह त्योहार सुरक्षित और खुशियों से भरा होगा। ❀

प्रस्तुतिः विनीता

बदलाव की राह

चैतन्या

# तब बनेंगी सभी महिलाएं सशक्त-खुशहाल

महिलाएं समाज को बहुत कुछ देती हैं। परिवार के लिए अपना जीवन अर्पित कर देती हैं। रिश्तों-नातों को सहेजते हुए खुद अपने आप की अनदेखी तक कर देती हैं। आर्थिक मोर्चे पर भी अपनों की जरूरतों के आगे मन की हर इच्छा को दोयम दर्जे पर रख देती हैं। बहुत सी स्त्रियां करियर छोड़ केवल घर-आंगन तक सिमट जाती हैं। हर भूमिका में स्त्रियां अपनों को भावनात्मक सहारा देती हैं। स्त्रियां आमतौर पर देने वाले पाले में ही रहती हैं। जरूरी है कि समाज, परिवार, रिश्तेदार, मित्र और सहकर्मी उनके लिए भी कुछ करने की सोचें। औपचारिकता भर नहीं बल्कि मन से महिलाओं के जीवन से जुड़े हर पहलू को बेहतर बनाने में हेल्पफुल बनें। याद रहे कि स्त्रियों की इस बेहतरी से समग्र समाज की बेहतरी भी जुड़ी है। इस साल इंटरनेशनल वुमेंस-डे (8 मार्च) की थीम 'गिव टू गेन' है। यह विषय महिलाओं की सहजता के लिए देने या कुछ करने के व्यापक असर पर बल देता है।



**समर्थन और सराहना:** घर हो या बाहर, स्त्रियां अकसर अकेली पड़ जाती हैं। मुश्किल घड़ी में भी पूर्वाग्रही सोच से ही उनके व्यक्तित्व को आंका जाता है। उनके फैसलों को तयशुदा समझ से जज किया जाता है। ऐसे में स्त्रियों को कुछ देने या उनके लिए कुछ करने की सोच समर्थन या सराहना के बिना अधूरी है। ऐसे में महिला दिवस की थीम 'गिव टू गेन' सभी को अपने विचार-व्यवहार का रिव्यू करने का आह्वान करती है। वर्कप्लेस से लेकर घर के आंगन तक, स्त्रियों के प्रति उदार बनने का संदेश देती हैं। उनकी भूमिका और भागदौड़ की सराहना करने की सोच जगाने वाली है।

**संसाधन और सुरक्षा:** महिलाओं के लिए हालात कई मोर्चों पर उलझाऊ हैं। कहीं काम करने के अवसर हैं तो सुरक्षित माहौल नहीं। जहां सेफ्टी है वहां सही अवसर नहीं हैं। नई शुरुआत के लिए जगह हो या धन, अपनी मर्जी से उपयोग कर लेने के हालात आज भी आम नहीं हैं। यही वजह है कि 'गिव टू गेन' का भाव संसाधन और सुरक्षा के मामले में आवश्यक है। इसीलिए महिलाओं को सुरक्षा और संसाधन दीजिए, ताकि वे अपनी काबिलीयत को सिद्ध कर सकें। थोड़े से सहयोग और अपनी योग्यता के बूते नवाचार करने वाली महिलाएं समाज-परिवार ही नहीं राष्ट्र को भी सशक्त बनाती हैं।

**शिक्षा और समानता:** बेटियों को बेटों के समान ही पढ़ने-लिखने का हक और माहौल देना तरक्की की साझी सोच की बुनियाद है। इस वर्ष की थीम असल में 'मेरा' से 'हमारा' के विचार को अपनाने पर बल देने वाली है। यह विषय कहता है कि इक्वेलिटी का वह परिवेश बने जिसमें समय, सहानुभूति और खुद को साबित करने का मौका सभी के हिस्से आए। हमारे यहां महिलाओं के साथ आज भी कार्यस्थल पर समान व्यवहार नहीं किया जाता। घरेलू जिम्मेदारियों को अकेले ही उठाने के चलते कामकाज के सही मौके उनकी झोली में नहीं आते। ऐसे में सभी के लिए बहुत जरूरी है कि बहू-बेटियों को बराबरी के अवसर देते हुए खुलकर जीने का स्पेस दें। ❀

नया दौर

अलका 'सोनी'

बीते कुछ दशकों में स्त्रियों के जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। संघर्ष से शुरू हुई उनकी यह यात्रा अब सृजन के नित नए आयाम गढ़ रही है।

# बदलता स्त्री-जीवन संघर्ष से सृजन की यात्रा

समकालीन समय में स्त्रियों का जीवन बहुआयामी परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। इसे हर जगह देखा और महसूस किया जा सकता है। यह सुखद परिवर्तन केवल स्त्री की बदलती बाहरी भूमिकाओं में ही नहीं, बल्कि मानसिकता, आत्मविश्वास और आत्मस्वीकृति का भी है। आज की स्त्री घर की चारदीवारी से निकलकर कार्यस्थलों, राजनीति, विज्ञान, साहित्य और कला जैसे विविध क्षेत्रों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है। परंतु परिवर्तन की उनकी इस यात्रा में संघर्ष, संतुलन और आत्मसंवाद की लंबी प्रक्रिया शामिल होती है। जिसे पार करते हुए वे आज अपनी सफलता की कहानी खुद ही बयां कर रही हैं।

**सपनों की नई परिभाषा:** पहले स्त्री के सपनों को परिवार की अपेक्षाओं के अनुरूप आकार दिया जाता था। वे जिम्मेदारियों से लदी नजर आतीं थीं। उनके लिए, अपने बारे में सोचना जैसे निषिद्ध था। लेकिन आज वे अपने सपनों को स्वयं परिभाषित कर रही हैं।



शिक्षा ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे अपने जीवन की दिशा स्वयं तय करना चाहती हैं, चाहे वह करियर का चयन हो, विवाह का निर्णय हो या मातृत्व का समय।

**जिम्मेदारियों का दोहरा दायित्व:** हालांकि परिवर्तन के इस दौर में स्त्री पर जिम्मेदारियों का भार बढ़ा ही है। घर और बाहर के बीच 'वर्क-पर्सनल लाइफ बैलेंस' उनके लिए रोज का अभ्यास है। यह दोहरा दायित्व कई बार मानसिक दबाव उत्पन्न करता है, किंतु यही दबाव उसे अधिक संगठित, संवेदनशील और दृढ़ भी बनाता है।

**डिजिटली भी हैं एक्टिव:** हमेशा से चुप और सिमटी रहने वाली स्त्रियों को सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों ने अभिव्यक्ति का नया माध्यम दिया है। अब उनकी आवाज सीमित दायरे तक नहीं रहती। उनकी गूंज हर तरफ सुनाई देती है। वे अपने अनुभव, विचार और रचनात्मकता को व्यापक रूप से समाज तक पहुंचा सकती हैं। इससे एक सामूहिक चेतना का निर्माण हो रहा है, जहां स्त्रियां एक-दूसरे के संघर्ष और उपलब्धियों से प्रेरणा लेती हैं। उनके सामने जानकारियों का एक नया संसार खुल रहा है। हालांकि अब भी यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि सब कुछ बदल गया है। लैंगिक असमानता, कार्यस्थल पर भेदभाव, घरेलू हिंसा और रूढ़िगत सोच अब भी मौजूद हैं। लेकिन आशा की किरण यह है कि अब स्त्री इन चुनौतियों को नियति मानकर स्वीकार नहीं करती। वह समाधान खोजती है और आवाज भी बुलंद करती है। ❀



# सीएम सैनी ने 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया, महिला, युवा, खिलाड़ी, किसान, उद्यमियों पर फोकस

# हरियाणा के बजट में भाइयों बहनों पर बरसा रंग

**किस क्षेत्र को कितना मिला**

हर क्षेत्र का बजट कुछ न कुछ बढ़ाया

**शिक्षा/खेल**
क्षेत्र के लिए 23603.69 करोड़ रुपये दिए गए

**सामाजिक न्याय**
क्षेत्र को 17250.72 करोड़ का आवंटन किया गया

**स्वास्थ्य**
क्षेत्र पर 14007.28 करोड़ खर्च होंगे

**गृह विभाग**
8475.01 करोड़ नागरिक सुरक्षा पर खर्च होंगे

**कृषि**
के लिए 8319.77 करोड़

**ऊर्जा**
6868 करोड़ आवंटित

**महिला एवं बाल विकास**
के लिए 2263.29 करोड़

**सहकारिता**
1970 करोड़

**पर्यावरण**
741.55 करोड़

## 3.10 घंटे तक मुख्यमंत्री ने विधानसभा में पढ़ा बजट भाषण

## 1,00,000 युवाओं को एआई की ट्रेनिंग, 6 मोबाइल स्किल लैब बनेंगी

**हरियाणा बजट 2026-27**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विधानसभा में बतौर वित्त मंत्री 2,23,658.17 करोड़ का बजट पेश किया। होली के अवसर पर पेश किए गए बजट में युवाओं, महिलाओं और खिलाड़ियों पर खूब रंग चढ़ा। इन वर्गों के लिए ढेर सारी घोषणाएं की गई हैं। वहीं कर्मचारियों, इंडस्ट्री और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र पर भी रंगों की फुहार की गई। इस बार का बजट पिछले बजट की तुलना में 10.28 प्रतिशत ज्यादा रहा। सैनी ने बजट भाषण की शुरुआत गुरु नानक देव जी के सिद्धांत, 'किरत कर, नाम जप, वंड छक' से की। केसरिया पगड़ी पहनकर आए सैनी ने 3 घंटे 10 मिनट तक बजट भाषण पढ़ा। उन्होंने कहा- प्रदेश में एग्री डिस्कॉम नाम से नया बिजली निगम बनाया जाएगा, जिसके तहत किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाएंगे। नए जिले हांसी को मॉडर्न जिले के रूप में विकसित किया जाएगा। हरियाणा रोडवेज द्वारा 50 नई इलेक्ट्रिक बसों की खरीद की जाएगी। ये बसें गुरुग्राम और चंडीगढ़ से मुख्य धार्मिक स्थलों जैसे कटरा, सालासर, खाटूश्याम, हरिद्वार, अमृतसर जाएंगी। इसके अलावा, महिला अपने नाम पर गाड़ी खरीदती है, तो उन्हें टैक्स में 1% की छूट मिलेगी। पुलिस भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 फीसदी रिजर्वेशन का प्रस्ताव रखा है। इस बजट में 12 बड़े फैसलों से हर वर्ग को सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया है, खासकर महिला, युवा, खिलाड़ी, किसान, उद्यमियों का ध्यान रखा गया है।

सीएम ने बजट में घोषणा की कि नगर निकायों की भूमि पर अतिक्रमित रिहायशी कब्जाधारियों को मालिकाना हक देने के लिए नीति लाई जाएगी। हिसार, यमुनानगर, रोहतक, पानीपत और अम्बाला में इंटीग्रेटिड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेंटर स्थापित किये जाएगे। पानी, सीवर के बिलों पर बकाया 140 करोड़ का सरचार्ज माफ, 5 शहरों में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट लगाए जाएगें।मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा विधानसभा में राज्य का बजट प्रस्तुत करने के बाद प्रैसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 जनवरी से 27 जनवरी तक गुरुग्राम से पंचकूला तक 13 बैठकों का आयोजन किया गया और विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हुए सुझावों में लगभग 5,000 सुझावों को बजट में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार होगा कि वर्ष 2025-26 के कुल बजट का 98 प्रतिशत हिस्सा खर्च हुआ है। वर्ष 2014-15 में प्रदेश की जीडीपी 4 लाख 37 हजार 145 करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2025-26 में बढ़कर अनुमानित 13 लाख 67 हजार 769 करोड़ रुपये है। राज्य की आर्थिक वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत अनुमानित है। वर्ष 2014-15 में प्रति व्यक्ति आय भी 1 लाख 47 हजार 382 रुपये थी, जो बढ़कर 3 लाख 95 हजार 618 रुपये तक पहुंच गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्व बैंक से 'हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट' के लिए 2,716 करोड़ रुपये तथा 'वाटर सिक्योर हरियाणा' परियोजना के लिए 5,715 करोड़ रुपये मिलेंगे। साथ ही हरियाणा ए.आई. मिशन के लिए 474 करोड़ रुपये की स्वीकृति विश्व बैंक से मिल जाएगी, जिसके तहत 1 लाख युवाओं को ए.आई. प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट सत्र में 12 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं, जिनमें 'हरियाणा एग्री डिस्कॉम' नाम से तीसरी बिजली वितरण कंपनी बनाई जाएगी, 3 लाख किशोरियों को एच.पी.वी. वैक्सीन लगाई जाएगी, घाटे में चल रही 300 पैक्स को लाभ में लाया जाएगा, निवेशकों के लिए नई 'मेक इन हरियाणा' नीति लागू की जाएगी और हांसी को अति आधुनिक मॉडल जिला बनाया जाने का निर्णय शामिल है।

### महिलाएं ↑ 3 लाख बनेंगी लखपति दीदी

- लोहारू, बरवाला, नरवाना, समालखा, महम, रादौर व पिहोवा में 7 नए महिला थाने बनेंगे। 3 लाख लखपति दीदी बनाई जाएंगी। अब तक 4,83,361 महिलाओं की पहचान हुई।
- पिंक कैब योजना के तहत वाहन चलाने का ट्रेनिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए 5 लाख रुपये तक का लोन लेने की सुविधा मिलेगी।
- 1.80 लाख आय वाली महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2,100 महीना मिलेंगे। एक हजार आंगनवाड़ी केंद्रों को प्ले-स्कूल और 'सक्षम आंगनवाड़ी' के रूप में अपग्रेड किया जाएगा।
- महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए गुरुग्राम में 'नारी मंडपम' स्थापित होगा। उचित मूल्य की 4 हजार नई दुकानों के आवंटन में महिलाओं को 33% आरक्षण। महिला-समर्थ संस्थान पुरस्कार योजना शुरू होगी।
- 3 राज्य उद्यमिता विकास संस्थानों में 30% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित। अभी छात्राओं के लिए 273 बसें हैं, अब इनकी संख्या बढ़ाकर 500 कर दी जाएगी।



### विद्यार्थी ↑ ट्रेनिंग प्रोग्राम में मिलेंगे 2000 रुपये

- 6 करोड़ की लागत से 6 मोबाइल स्किल लैब बनाई जाएंगी। एक लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की ट्रेनिंग दी जाएगी।
- पीएम सुगम योजना के अंतर्गत सोनीपत व कुरुक्षेत्र में 'हाई-एंड-स्पोक' आईटीआई क्लस्टर बनेंगे।
- 50 करोड़ से सेंटर बनेगा, जहां काम सीखने की ट्रेनिंग दी जाएगी और नए तरीके खोजे जाएंगे।
- ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले छात्रों को हर महीने 2000 मिलेंगे। करनाल, हिसार, रोहतक, गुरुग्राम और पलवल में 5 नए हॉस्टल बनाए जाएंगे।



### किसान ↑ कपास पर 4000 प्रोत्साहन राशि

- देसी कपास की खेती पर प्रोत्साहन राशि 3,000 की बजाय 4,000 प्रति एकड़ होगी धान छोड़कर दाल-तिलहन-कपास उगाने पर 2,000 प्रति एकड़ अतिरिक्त बोनस मिलेगा।
- 10 मंडियों में ऑर्गेनिक उत्पादन के लिए जगह मिलेगी।
- सीएम बागवानी बीमा योजना में फल व सब्जियों-मसालों पर मुआवजा बढ़ेगा।
- सिंगल बड तकनीक से गन्ना बिजाई पर 5,000 प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि।
- मधुमक्खी पालन भी मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना में शामिल होगी।
- प्रदेश में 7 वेटरनेरी डिस्पेंसरी और 4 गवर्नमेंट वेटरनेसी अस्पताल खुलेंगे हिसार में 30 करोड़ की लागत से पशु चिकित्सा महामारी विज्ञान केंद्र बनेगा।
- रेवाड़ी और अंबाला में 5 लाख लीटर क्षमता के 2 नए मिल्क प्लांट बनेंगे 8 नई एकीकृत खाद्य लैब बनेंगी। करनाल में दुग्ध व खाद्य परीक्षण लैब स्थापित की जाएगी।



### स्वास्थ्य ↑ सात जिलों में लगेंगी एमआरआई मशीनें

- 18 जिलों में सीटी स्कैन, 7 जिलों में एमआरआई मशीन लगेंगी।
- फरीदाबाद जिला अस्पताल 200 से 400 बिस्तर में अपग्रेड होगा।
- सोनीपत व रेवाड़ी जिला अस्पताल 200 से 300 बिस्तर में अपग्रेड होंगे।
- बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज में आईयूष वेलनेस सेंटर का निर्माण।
- सभी 23 जिला अस्पतालों में अमृत फार्मेसी स्टोर। निरोगी हरियाणा योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से बड़े नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा।
- फरीदाबाद, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, रेवाड़ी, कुरुक्षेत्र और जींद में 17 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुलेंगे।
- 100 नए स्वास्थ्य उपकेन्द्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनेंगे। यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और करनाल में 25 नए आयुष औषधालय बनेंगे।
- 50 नई एंबुलेंस, 150 बाइक एंबुलेंस और 157 नई बेसिक लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस आएंगी। मानेसर के ईएसआईसी अस्पताल को 200 बिस्तर में अपग्रेड करके नया मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा।



### कर्मचारी

**पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मुफ्त इलाज**

- औद्योगिक श्रमिकों की वार्षिक मुफ्त स्वास्थ्य जांच।
- पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मुफ्त इलाज व दवाइयां।
- श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय।
- केंद्रीय बलों के शहीद के परिवारों को 10 लाख अनुग्रह राशि। सैनिक/अर्धसैनिक कल्याण निगम की स्थापना।



### इंडस्ट्री पानीपत में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट

- 'लैंड ऑन लीज' पॉलिसी के तहत औद्योगिक प्लॉट लीज पर दिए जाएंगे।
- फरीदाबाद, गुरुग्राम, मानेसर और झज्जर में कॉमन इंडस्ट्रियल सेक्रेटेरिएट बनेंगे।
- छोटे व्यापारियों के लिए आग, चोरी से सुरक्षा के लिए बीमा योजना शुरू होगी। राई में देश का सबसे बड़ा होलसेल मार्केट कॉम्प्लेक्स बनेगा।
- गुरुग्राम, खरखौदा व पिंजौर में स्थापित होगी डेपिंग सिटी। पानीपत में ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट बनेगा।



### इन्फ्रास्ट्रक्चर

- करनाल, जींद, डबवाली, लाडवा, लोहारू, उचाना और कुरुक्षेत्र में नए विश्राम गृह।
- 5,000 किलोमीटर लंबी सड़कों का सुधारिकरण होगा। गुरुग्राम-पटौदी रोड 6 लेन और फरुखनगर बाईपास तैयार होगा।
- 18 नए आरओबी और 12 आरयूबी बनेंगे। पंचकूला के पिंजौर में हेलीपोर्ट बनाया जाएगा।
- करनाल में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट तैयार होगा। पिंजौर में मॉडर्न फिल्म सिटी बनेगी।
- करनाल के हसनपुर गांव में में डियर पार्क बनेगा।

---

**मप्र की नई स्पेसटेक पॉलिसी 2026 का गजट नोटीफिकेशन जारी**

# स्पेसटेक पॉलिसी आने के बाद अब एआई पॉलिसी का इंतजार

राज्य अब स्पेस, डेटा और एआई को साथ जोड़कर देख रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की नई स्पेसटेक पॉलिसी 2026 का गजट नोटीफिकेशन जारी हो गया है। यह पॉलिसी ऐसे समय आई है, जब भारत में स्पेस और जियोस्पेशल सेक्टर नीति, निवेश और व्यावहारिक उपयोग तीनों स्तरों पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।



मनोज मीक

जनवरी में भोपाल में इस नीति का औपचारिक शुभारंभ रीजनल एआई समिट के साथ होना बताता है कि राज्य अब स्पेस, डेटा और एआई को साथ जोड़कर देख रहा है। क्रेडाई भोपाल प्रेसिडेंट मनोज मीक ने कहा कि नीति में एचपीसी और डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर समर्थन का उल्लेख है। आज स्पेस सेक्टर पूरी तरह डेटा-हैवी हो चुका है।

**अन्य राज्य तेजी से आगे बढ़ चुके हैं**

*भोपाल के संदर्भ में यह नीति और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अभी बड़े तालाब और उसके कैचमेंट की निगरानी, कलियासोत और पूरे जल-तंत्र का मानचित्रण, मेट्रोपॉलिटन रीजन, मास्टर प्लान, अतिक्रमण और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई जैसे मुद्दे एक साथ सामने हैं। ऐसे में राजधानी को स्पेस-डेटा आधारित निर्णय केंद्र बनाया जा सकता है, जहां सैटेलाइट इमेजरी, एआई विश्लेषण और फील्ड प्रशासन एक प्लेटफॉर्म पर साथ काम करें। अन्य राज्य पहले ही तेजी से आगे बढ़ चुके हैं।*

**एआई पॉलिसी अभी नहीं आई सामने**

*एआई पॉलिसी औपचारिक रूप से सामने नहीं आई है, लेकिन सरकार ने एआई इकोसिस्टम, गवर्नेंस उपयोग की स्पष्ट दिशा दिखाई है। इसलिए स्पेसटेक पॉलिसी को एक अलग दस्तावेज नहीं, बल्कि मप्र की उभरती टेक-गवर्नेंस रणनीति के पहले ठोस स्तंभ के रूप में पढ़ा जाना चाहिए। समय पर स्पेस-डेटा, का मॉडल खड़ा हो गया, तो भोपाल नॉलेज एंड एआई सिटी को स्पेस एप्लिकेशन से जोड़ते हुए इसका स्वाभाविक संचालन-केंद्र बन सकता है।*

# लंबे समय बाद भोपाल भाजपा जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की सहमति से भाजपा भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती ने जिला कार्यकारणी की घोषणा की है। रविवार देर रात भाजपा की शहर कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की लिस्ट जारी हुई।

भोपाल भाजपा जिला कार्यकारिणी में आठ उपाध्यक्ष राम बंसल, भाषित दीक्षित, राजकुमार विश्वकर्मा, भीकम सिंह बघेल, अमन यादव, अभय पंडित, विनय ददनानी, गुंजन चौकसे बनाए गए हैं। दो महामंत्री प्रदीप शेखावत, मुकेश राय बनाए गए हैं। 7 जिला मंत्री राकेश कुकरेजा, जितेन्द्र अहिरवार, सरिता पिपलोदे, उत्कर्ष नायक, योगेश वासवानी, धर्मेन्द्र परिहार, संतोष हिरवे नियुक्त किए गए हैं। कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र द्विवेदी, सह कोषाध्यक्ष आशा पारोचे, कार्यालय मंत्री, डॉ. योगेन्द्र मुखरैया, सह कार्यालय मंत्री भूपेन्द्र माली, कार्यालय प्रभारी मुकुल लोखंडे, मन की बात प्रभारी सुमित पांडे, आईटी प्रभारी विश्वविजय सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी विभा गरुड को बनाया गया है।

**गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए की अरदास**

# सीएम साय ने होला मोहल्ला यात्रा के लिए बसों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



राजधानी के रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारे में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सिख संगत द्वारा आयोजित होला मोहल्ला यात्रा के लिए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारे में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए अरदास की। इसके बाद उन्होंने यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 1200 श्रद्धालु 17 बसों, 2 ट्रकों और अन्य वाहनों के साथ महाराष्ट्र स्थित तख्त श्री हजूर साहिब और कर्नाटक के गुरुद्वारा नानक झीरा साहिब के लिए रवाना हुए। यात्रा सिख समाज की आस्था, परंपरा और सामूहिक एकजुटता का प्रतीक मानी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा का संदेश पूरे देश के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह से जुड़े पवित्र स्थलों पर आयोजित होला मोहल्ला साहस, सेवा और राष्ट्रभक्ति की परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सिख संगत द्वारा यह आयोजन लगातार 25वें वर्ष किया जा रहा है, जो समाज की संगठित शक्ति और धार्मिक आस्था को दर्शाता है। कार्यक्रम में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा सहित सिख समाज के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी माता का मथुरा, वृंदावन से था लगाव**

# हितानन्द शर्मा की माता को मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अर्पित किए श्रद्धासुमन, कहा-उनका जाना अपूरणीय क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानन्द शर्मा के अशोकनगर जिले के ग्राम मढ़ी, महिदपुर स्थित निवास पहुंचकर उनकी माता जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए बाबा महाकाल से प्रार्थना कर श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की है। उन्होंने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि जनक दुलारी शर्मा धार्मिक प्रवृत्ति, सादगीपूर्ण जीवन एवं संस्कारवान व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं।

उन्होंने समाज एवं परिजनों को सामाजिक मूल्यों, राष्ट्रीय भावना और सेवा संस्कारों से प्रेरित किया था, जिन्हें सभी अम्मा राधे-राधे कहकर पुकारते थे। उनका मथुरा, वृंदावन से काफी लगाव रहा और हमेशा आना-जाना लगा रहता था। उनका निधन हम सबके लिए अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई होना संभव नहीं है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी, सुरेन्द्र शर्मा, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी एवं बृजेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।





श्रद्धासुमन अर्पित करते सीएम एवं वरिष्ठ पदाधिकारीगण।

**अद्वितीय प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उच्च आदर्शों की धनी थीं**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि जनक दुलारी शर्मा अद्वितीय प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और उच्च आदर्शों की धनी थीं। उनका जीवन सादगी, सेवा और संस्कारों की अमूल्य धरोहर रहा। उन्होंने अपने बच्चों को बचपन से ही 'राष्ट्र प्रथम' की भावना, देशसेवा का संकल्प और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का पाठ पढ़ाया। उनका निधन न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

# जुए के फड़ पर बड़ी छापामार कार्रवाई, 16 जुआरी मौके से गिरफ्तार

दुर्ग। अमलेश्वर थाना और एसीसीयू की टीम ने कृष्णा वाटिका रिसॉर्ट में जुए के बड़े फड़ पर कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रिसॉर्ट में बड़ी संख्या में लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना के आधार पर रविवार देर रात पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान मौके से 16 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जुआरियों के पास से 3 लाख 59 हजार रुपये बरामद किए। इसके अतिरिक्त 22 मोबाइल फोन, तीन कार और तीन मोटर साइकिल भी जब्त की गईं। जब्त सामान की अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़े गए जुआरी रायपुर और दुर्ग जिले के अमलेश्वर क्षेत्र के निवासी हैं। वे रिसॉर्ट में बैठकर ताश पत्ती से जुआ खेल रहे थे। दुर्ग ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने इस संयुक्त कार्रवाई की जानकारी दी।

■ पुलिस ने जुआरियों के पास से 3 लाख 59 हजार रुपये बरामद किए

# लक्ष्मणबन बस्ती पहुंचे उद्योग मंत्री देवांगन, पीड़ित परिवार से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

2 दिन पहले संजय नगर स्थित लक्ष्मणबन बस्ती में बाउंड्रीवाल गिरने से धनेश कर्ष पिता मुकेश कर्ष उम्र 4 वर्ष की दबने से मौत हो गई। वहीं सोनू कर्ष 20 वर्ष, विशाल यादव 18 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। नगर विधायक एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन रविवार की देर शाम संजय नगर स्थित लक्ष्मणबन बस्ती पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले। उन्होंने परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन मकान पर जेएसईबी मशीन से काम चल रहा था। अचानक से बाउंड्री गिर गई। हादसे में मासूम की मौत और दो घायल हो गए। इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों ने कोतवाली थाने का घेराव करते हुए ठीक सामने मुख्य मार्ग पर कार्रवाई की मांग को लेकर चक्काजाम किया था।



चिंतन

# जंग रुकवाने को शांति समर्थक देश आगे आएं

पश्चिम एशिया में बढ़ता सैन्य टकराव एक बार फिर पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहा है। हाल के हमलों में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई कार्रवाई ने हालात को और विस्फोटक बना दिया है। बिना दूरगामी परिणामों की परवाह किए किए गए ऐसे हमले केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनका दुष्प्रभाव आम नागरिकों तक पहुंचता है। सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान जाना, रिहायशी इमारतों और बुनियादी ढांचे का नष्ट होना, अस्पतालों और जरूरी सेवाओं का ठप पड़ना ये सब संकेत हैं कि यह संघर्ष यदि नहीं रुका तो एक गहरे मानवीय संकट में बदल सकता है। युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा हमेशा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। जब बम गिरते हैं तो सीमाएं नहीं देखते, वे स्कूल, बाजार, घर और सपनों को भी तबाह कर देते हैं। खाद्य आपूर्ति बाधित होती है, दवाइयों की कमी हो जाती है और विस्थापन की समस्या विकराल रूप ले लेती है। यदि यह टकराव लंबा खिंचता है, तो प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को खाने के लाले पड़ सकते हैं। शरणार्थियों की नई लहरें पैदा होंगी, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव बढ़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले ही कई संकटों से जूझ रही है, ऐसे में तेल आपूर्ति और व्यापार मार्गों पर असर पड़ने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा सकती हैं। इजराइली हमलों के बाद क्षेत्रीय संगठनों की सक्रियता भी चिंता का विषय है। हिजबुल्ला जैसे संगठन यदि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संघर्ष में कूदते हैं, तो हालात बहुपक्षीय युद्ध का रूप ले सकते हैं। इससे न केवल संघर्ष का दायरा बढ़ेगा, बल्कि नियंत्रण और भी कठिन हो जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब क्षेत्रीय युद्धों में बाहरी और गैर-राज्य तत्व शामिल होते हैं, तो शांति की राह और लंबी तथा जटिल हो जाती है। ऐसे समय में शांति समर्थक देशों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक मंच पर प्रभाव रखने वाले देशों जैसे रूस, भारत और चीन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे केवल बयानबाजी तक सीमित न रहें, बल्कि ठोस कूटनीतिक पहल करें। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर सक्रिय हस्तक्षेप, आपातकालीन बैठकें और तत्काल युद्धविराम का प्रस्ताव इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। इन देशों के पास न केवल राजनीतिक प्रभाव है, बल्कि वे संवाद के ऐसे सेतु भी बन सकते हैं जिन पर चलकर विरोधी पक्ष वार्ता की मेज तक पहुंचें। हालांकि, ताकतवर देश होने के नाते पहल की पहली जिम्मेदारी अमेरिका पर ही आती है। यदि वह ईमानदारी से मध्यस्थता की भूमिका निभाए और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर तनाव घटाने की दिशा में कदम बढ़ाए, तो समाधान की संभावना प्रबल हो सकती है। शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल सैन्य क्षमता नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में संयम और नेतृत्व दिखाना भी है। यदि अमेरिका इस विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने की दिशा में ठोस प्रयास करे, तो अन्य देश भी सहयोग देने को आगे आएंगे। सामूहिक कूटनीति ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। युद्ध का लंबा चलना किसी के हित में नहीं है। इससे न तो स्थायी सुरक्षा मिलती है और न ही राजनीतिक समाधान निकलता है। इसके विपरीत, यह कट्टरता को बढ़ावा देता है, नई पीढ़ियों में अविश्वास बोता है और मानवता को गहरे घाव देता है। इसलिए आज आवश्यकता है साहसिक शांति पहल की ऐसी पहल जो हथियारों की आवाज को खामोश कर सके और संवाद की आवाज को बुलंद करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

# खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति

> सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं।

अमेरिका और इजराइल के संयुक्त मामले में ईरान के सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्लाह अल खामेनेई का मारा जाना 21वीं सदी की ऐसी बड़ी घटना है जिसका प्रभाव कई रूपों में संपूर्ण विश्व पर पड़ेगा। इस्लामी शासन होने के कारण वे व्यावहारिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की भूमिका खामेनेई की नीतियों के क्रियान्वयन की रही है। अयातुल्लाह होने के कारण उन्हें विश्व भर के शिया मुसलमान अपने शीर्ष मजहबी नेता के रूप में देखते थे। पाकिस्तान, ईरान, भारत सहित कई देशों में शिया मुसलमानों का विरोध सामने है। किंतु यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के एक भी पड़ोसी देश ने ईरान का पक्ष नहीं लिया है। हालांकि पिछले वर्ष खामेनेई ने संपूर्ण विश्व के मुसलमानों की एकता का आह्वान किया था। ईरान और उसके बाहर उनके समर्थकों की कल्पना में कभी उनके इस तरह की मौत की बात नहीं आई होगी। हालांकि पिछले वर्ष जून में पहले इजराइल और बाद में अमेरिका के हमले के समय अटकलें लगी थी कि शायद वे देश छोड़कर चले गए। ऐसा हुआ नहीं।

इस घटना की संपूर्ण परिणतियों का स्पष्ट पूर्वावलोकन अभी कठिन है। इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि ईरान में 1979 से इस्लामी क्रांति का एक दौर तत्काल समाप्त हो गया है। ऐसा नहीं है कि इस्लामी क्रांति के बाद हुए परिवर्तनों, स्थापित ढांचें, विचारधाराएं समाप्त हो गईं हैं पर कम से कम उस रूप में आने वाले लंबे समय तक मुक्त और स्वतंत्र शिया इस्लामी शासन नहीं हो सकता। यह कथन सामान्य क्रांतियों के संदर्भ में है कि क्रांति के शिशु ही क्रांति को खा जाते हैं। ईरान के इस्लामी क्रांति के बारे में भी तत्काल यह निष्कर्ष सही दिखता है। सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों को शैतान कहा गया। यह व्यावहारिक तौर पर विश्व में एक इस्लामी विद्रोह की सत्ता का स्वरूप था। सच कहें तो इसी अतिवादी भाव के व्यवहार ने ईरान को उस अवस्था में पहुंचा दिया जहां उसका शांत, स्थिर, सशक्त और सुरक्षित रहना असंभव था। जब आप किसी एक देश के धरती पर नहीं रहने के अधिकार की घोषणा करेंगे और उसके अनुसार देश का व्यवहार होगा, बाहर अलग-अलग हिंसक समूह पैदा कर उसकी मदद करेंगे तो इसकी प्रतिक्रिया आपको झेलनी पड़ेगी। आखिर कोई देश ऐसे शासन को कायम रहने देने के पक्ष में क्यों होगा जो उसके अंत को अपना लक्ष्य बनाकर काम कर रहा हो?

इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं। अमेरिकी कर्मचारियों के हाथ बांध कर बाहर लाया गया, वे बंधक बनाए गए। तब से हर अमेरिकी राष्ट्रपति की कामना होती थी ईरान से इस्लामी शासन का अंत हो। तत्कालीन ईरानी शासक राजा शाह



पहलवी को अपने परिवार और समर्थकों के साथ अमेरिका में शरण लेनी पड़ी। आज उनके पुत्र रेजा शाह पहलवी और परिवार अमेरिका में ही है। पिछले लगभग 3 महीने से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों में हमने देखा कि लोग उनकी तस्वीरें लिए वापस आओ के नारे लगा रहे थे। ये लोग अमेरिका से भी हस्तक्षेप की भी मांग कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विरोधियों का समर्थन किया, ईरान को चेतावनी दी पर तत्काल सीधा हस्तक्षेप नहीं किया। कुछ वक्तव्यों और घटनाओं से लग रहा था कि डोनाल्ड ट्रंप इस बार परिणामकारी सैन्य हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई शासन को चेतावनी दी, न्यूक्लियर कार्यक्रमों को समाप्त करने की शर्तें रखी, ओमान में बातचीत भी आरंभ की किंतु सब रणनीति के तहत था। उसके साथ-ईरान के आसपास अब्राहम लिंकन जैसा सबसे बड़ा नौसैनिक बेरा और अन्य तैयारी होती रही।

दरअसल, 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा उत्सव मना रहे निर्दोष निरपराध यहूदियों पर हमला कर लगभग 1200 लोगों का सरेआम कत्लेआम और बंधक बना लेने की घटना ने पश्चिम एशिया खासकर ईरान इजराइल, ईरान अमेरिका संबंधों को ऐसे मोड़ पर ला दिया जिसे अयातुल्लाह सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों, प्रमुख कमांडरों और रक्षा मंत्री आदि की मृत्यु की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुती अयातुल्लाह के ईरान के ही गैर राज्यीय आतंकवादी समूह हैं।

इजराइल और अमेरिका का ऑपरेशन तभी से आगे बढ़ने लगा। लेबनान में हिजबुल्लाह तथा गाजा में हमास को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कार्रवाई आरंभ की। हिजबुल्लाह प्रमुख नजीबुल्लाह और उसके ज्यादातर शीर्ष साथियों की मृत्यु, उसके केंद्र काफी हद तक नष्ट होने आदि के साथ उसकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि पहले की तरह संघर्ष नहीं कर सकते थे। गाजा में भी संघर्ष जारी रहा और अपने लोगों को सुरक्षित लाने की विवशता रहते हुए भी इजरायल ने हमास के ढांचे को जितना संभव था अंत करने की कोशिश की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद कुछ समय के लिए लगा कि शायद इजरायल की उनको लेकर अपेक्षाएं गलत साबित हो सकतीं हैं, लेकिन 22 जून 2025 को अमेरिका के शक्तिशाली जीबी 57ए/ बी मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेट या एमोपी जिसे बंकर बस्टर बम भी कहा जाता है, के हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण फोर्डो, नतांज और इस्फाहान न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट किया। वस्तुतः अमेरिका और इजराइल क्रमबद्ध तरीके से यहां तक पहुंचे हैं। ईरान पर पिछले एक दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों ने उसके तेल व्यापार को लगभग समाप्त कर दिया और आर्थिक संकट बढ़ता गया। डोनाल्ड ट्रंप ने उन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के उपाय किए और उनके तेवर ऐसे थे जिसका असर हुआ। इस बीच ईरान रिवॉल्यूशनरी कोर्प्स गार्ड से लेकर प्रमुख रक्षा वैज्ञानिकों आदि की हत्यायें होती रहीं । इजरायल ने भी बीच-बीच में हमले किए।

अभी भविष्य की स्पष्ट तस्वीर नहीं प्रस्तुत की जा सकती। ईरान के बचे-खुचे कमांडर अपनी शक्ति से संघर्ष करेंगे, दुनिया भर के शिया अतिवादी समूह अपने स्तर से हिंसा और विरोध करेंगे, लेकिन ईरान के शासन का लंबे समय तक समूचे देश पर नियंत्रण रहना कठिन होगा। ईरान पर कब्जा कर किसी को सत्ता पर बिठाना अमेरिका के लिए कठिन है। बड़ी संख्या में ईरानी भी किसी बाहरी हस्तक्षेप वाले शासन को स्वीकार नहीं करेंगे। जो भी हो 1979 इस्लामी क्रांति के सिद्धांत वाली ऐसी शासन व्यवस्था वहां कायम नहीं रह सकती, जिसका संपूर्ण देश पर प्रभावी नियंत्रण हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

त्योहार
ममता कुशवाहा



# रंग, रिवाज़ और रज़ामंदी होली के बदलते मायने

होली भारतीय समाज का ऐसा पर्व है, जो रंगों, हंसी और आपसी मेल-जोल के माध्यम से जीवन की नीरसता को तोड़ता है। यह उत्सव ऋतुओं के परिवर्तन का संकेत देता है, सामाजिक दूरी को कम करता है और मनुष्य के भीतर दबे उल्लास को बाहर आने का अवसर देता है। परंतु समय के साथ होली केवल आनंद और रंगों का पर्व भर नहीं रही, बल्कि इसके साथ उन्माद, अराजकता और सहमति जैसे जटिल प्रश्न भी जुड़ते चले गए हैं। आज होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के मनोविज्ञान को परखने का एक आईना भी बन चुकी है। भारतीय परंपरा में होली का मूल भाव समरसता का रहा है। यह वह दिन था जब ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, स्त्री-पुरुष की दीवारें कुछ समय के लिए ढह जाती थीं। लोग एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते और पुराने वैर-भाव भूल जाते थे। रंग यहां केवल भौतिक तत्व नहीं, बल्कि समानता और साझेपन का प्रतीक था। होली का हास्य, फाग और ठिठोली जीवन के तनाव को हल्का करने का सामाजिक उपकरण भी रहा है। किंतु परंपरा और आधुनिकता के बीच के तनाव ने इस उत्सव के स्वरूप को कहीं-कहीं विकृत भी किया है। सामूहिक उत्सवों का मनोविज्ञान व्यक्ति के एकांत व्यवहार से भिन्न होता है। जब व्यक्ति भीड़ का हिस्सा बनता है, तो उसका विवेक कई बार समूह की मानसिकता में विलीन हो जाता है। होली जैसे पर्व में यह प्रक्रिया और तीव्र हो जाती है। रंग, संगीत, नशा और भीड़, ये सभी मिलकर एक ऐसा वातावरण रचते हैं, जिसमें व्यक्ति स्वयं को जवाबदेही से मुक्त समझने लगता है। यही वह बिंदु है, जहाँ उत्सव धीरे-धीरे उन्माद में बदलने लगता है। व्यक्ति वह आचरण करने लगता है, जिसे वह सामान्य परिस्थितियों में गलत मानता। सामूहिक उन्माद का मनोविज्ञान बताता है कि भीड़ में व्यक्ति की पहचान धुंधली हो जाती है। वह "मैं" से "हम" में बदल जाता है, और यह "हम" कई बार अनियंत्रित हो सकता है। होली के दौरान यह उन्माद अक्सर "बुरा न मानो होली है" जैसे वाक्यों के पीछे छिपा दिया जाता है। यह वाक्य परंपरागत रूप से सौहार्द और मज़ाक का संकेत था, लेकिन आज कई बार इसे असहमति को कुचलने के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। मज़ाक और उत्पीड़न के बीच की महीन रेखा यहीं टूटती है। यहीं से सहमति का प्रश्न जन्म लेता है। किसी पर रंग डालना, पानी फेंकना या स्पर्श करना तब तक उत्सव का हिस्सा है, जब तक वह सामने वाले की इच्छा से हो। जैसे ही यह इच्छा अनदेखी होती है, उत्सव हिंसा का रूप ले लेता है भले ही वह हिंसा शारीरिक न होकर मानसिक या भावनात्मक क्यों न हो। समाज में लंबे समय तक यह मान्यता रही कि होली के दिन सब कुछ "चल जाता है", लेकिन आधुनिक संवेदनशीलता इस धारणा को चुनौती देती है। आज यह प्रश्न अधिक मुखर है कि क्या परंपरा के नाम पर किसी की असहमति को नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? विशेषकर महिलाओं के संदर्भ में यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है। कई स्त्रियों के लिए होली आनंद का नहीं, बल्कि भय और असहजता का दिन बन जाती है। अनचाहा स्पर्श, अश्लील टिप्पणियां और जबरन रंग लगाना, इन सबको सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है, क्योंकि इन्हें उत्सव के आवरण में ढक दिया जाता है। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत नैतिकता का नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक चेतना का सवाल है। यदि समाज उत्सव के नाम पर असहमति को कुचलता है, तो वह मूलतः अपने ही मानवीय मूल्यों से समझौता करता है। होली और उन्माद का एक पहलू नशे से भी जुड़ा है। भांग और शराब जैसे पदार्थ व्यक्ति के संयम को और कम कर देते हैं। नशे में व्यक्ति अपने व्यवहार के परिणामों के प्रति और अधिक असंवेदनशील हो जाता है। सामूहिक नशा सामूहिक उन्माद को जन्म देता है, जहां किसी एक का गलत आचरण भी पूरे समूह द्वारा सही ठहराया जाने लगता है। इस स्थिति में नैतिकता व्यक्तिगत नहीं रहती, बल्कि भीड़ द्वारा तय की जाती है और यही सबसे खतरनाक स्थिति होती है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि होली स्वभावतः हिंसक या नकारात्मक पर्व है। वास्तव में होली हमें आईना दिखाती है हमारे समाज के भीतर छिपे उल्लास का भी और हमारी असंवेदनशीलता का भी। यदि हम चाहें, तो होली को फिर से वही बना सकते हैं, जो वह मूलतः थी- रंगों का, रिश्तों का और सम्मान का पर्व। इसके लिए ज़रूरी है कि हम उत्सव को उन्माद से अलग करें और परंपरा को मानवीय मूल्यों के साथ पुनर्परिभाषित करें। जब रंग सहमति से लगेंगे और हँसी किसी की पीड़ा पर नहीं, बल्कि साझे आनंद पर आधारित होगी, तभी होली वास्तव में अपने अर्थ को साकार कर पाएगी।

( लेखिका वरिष्ठ शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## पैसा, सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

अंतर्मन




आज की पाती

### विज्ञान वरदान बने, अभिशाप नहीं

28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों और लोगों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना भी है। हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरज-चांद तक नए-नए आविष्कार करने की ओर अग्रसर हो गया है। हमारे देश के वैज्ञानिक भी उन देशों से कम नहीं हैं, जो तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको सुपर पावर मानते हैं। अगर सरकारें विज्ञान की पढ़ाई को देश में दुरुस्त करने के लिए गंभीरता दिखाएं तो हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ दे। यह प्रश्न भी अहम है कि विज्ञान एक वरदान है या अभिशाप? यह मानव के वश में ही है कि विज्ञान को अभिशाप बनने से रोका जाए। तभी वह वरदान बना रहेगा। *- प्रदीप सोनी, भाटापारा*

ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बनेंगी बेटियां



'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार', सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सभी कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समृद्ध दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। **-द्रौपदी मुर्मु,** राष्ट्रपति

### तनाव से भारत चिंतित



पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### घुसपैठिए छीन रहे अवसर



बंगाल के युवाओं को मिलने वाले अवसर घुसपैठिए छीन रहे हैं। राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। टीएमसी ने सीएए के बारे में भी झूठ फैलाया, क्योंकि वे इन घुसपैठियों को बसाना चाहते हैं। टीएमसी की सरकार हर स्तर पर भारतीय संविधान का गला घोंट रही है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### नशे की लत घातक



हम मद्यपान पर नियंत्रण के प्रयासों का पूरा समर्थन करते हैं, क्योंकि नशे की लत परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। शराब के सेवन और निर्माण पर रोक लगाने का विचार सामाजिक दृष्टि से उचित है। इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। **-चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

## नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में मनाई जा रही होली



नेपाल में सोमवार को होली का उत्सव शुरू हो गया और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति पौडेल ने देश के पहाड़ी जिलों में मनाए जा रहे रंगों के त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। हालांकि, तराई क्षेत्र में यह त्योहार मंगलवार को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही देश में सामाजिक सद्भाव और एकता बनाए रखने में मदद कर सकता है। उत्सव की औपचारिक शुरूआत सात फरवरी को काठमांडू के बसंतपुर दरबार चौक पर 32 फुट से अधिक लंबी बांस की छड़ी 'चिर' की स्थापना के साथ हुयी। रंग-बिरंगे कपड़े छड़ी पर बांधे गए, जो उत्सव के प्रारंभ का प्रतीक था। हालांकि, लोग होली का मुख्य दिन फाल्गुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाते हैं, जो हिंदू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना है और मुख्य रूप से सर्दियों से वसंत ऋतु में आने का प्रतीक है। सोमवार की आधी रात नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनावों से पहले चुनाव प्रचार का आखिरी दिन भी है।

ऑफ बीट

## बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# पश्चिम बंगाल के लोग अब बदलाव की तलाश में, भ्रष्टाचार चरम पर: शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिण 24 परगना के रायदीघी से भाजपा की ''परिवर्तन यात्रा'' का किया शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना के रायदीघी से भारतीय जनता पार्टी की "परिवर्तन यात्रा" का शुभारंभ करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग अब बदलाव की तलाश में हैं। अमित शाह ने कहा कि यहां के लोग सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के कुशासन से व्याकुल हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार के शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है और राज्य सरकार विकास को ठप्प करने के लिए जिम्मेदार है। केंद्रीय गृह मंत्री ने घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया और भाजपा के उस पुराने आरोप को दोहराया कि अवैध अप्रवासन राज्य में एक बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है।



### ममता अपने भतीजे को सीएम बनाना चाह रहीं

अपने संबोधन में शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व पर तीखा हमला किया। वंशवादी राजनीति के प्रचलन का आरोप लगाते हुए उन्होंने दावा किया कि परिवारवाद पूरे देश में फैल रहा है और आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में अभिषेक बनर्जी को अगले मुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शाह ने राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और अन्य पार्टी नेताओं की उपस्थिति में यात्रा का उद्घाटन किया। भाजपा ने घोषणा की है कि विधानसभा चुनावों से पहले चलाए जा रहे राज्यव्यापी प्रचार अभियान के तहत पश्चिम बंगाल के नौ अलग-अलग स्थानों से परिवर्तन यात्रा निकाली जाएगी।

# बंगाल में 480 कंपनियों की होगी तैनाती

चुनाव के मद्देनजर पश्चिम बंगाल में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निर्वाचन आयोग ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती का अंतिम खाका जारी कर दिया है। दूसरे चरण की तैनाती के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 480 कंपनियों को चरणबद्ध तरीके से तैनात किया जा रहा है।



आयोग के अनुसार 10 मार्च से कई जिलों में अतिरिक्त कंपनियां सक्रिय हो जाएंगी। पहले चरण में 280 कंपनियां पहले ही राज्य के अलग-अलग जिलों में तैनात की जा चुकी हैं। अब शेष 280 कंपनियों का भी जिला-वार आवंटन तय कर दिया गया है। राज्य में सबसे अधिक केंद्रीय बलों की तैनाती उत्तर 24 परगना में की जा रही है। यहां तीन पुलिस जिलों और दो पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्रों को मिलाकर 10 मार्च से कुल 58 कंपनियां तैनात होंगी।

## नितिन नवीन ने सिलीगुड़ी में ट्रेड, कॉमर्स और बिज़नेस सेक्टर के प्रोफेशनल्स को किया

# ममता सरकार की अराजकता के कारण 6 हजार से अधिक कंपनियां पलायन कर गईं: नवीन

## भाजपा अध्यक्ष बोले, तृणमूल सरकार में बंगाल को कॉरिडोर और गेटवे बनाकर बांग्लादेश के लोगों

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में ट्रेड, कॉमर्स और बिज़नेस सेक्टर के प्रोफेशनल्स को संबोधित किया। इससे पूर्व उन्होंने दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डुआर्स के जाने-माने गोरखा संगठनों और प्रमुख लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पश्चिम बंगाल में, तृणमूल कांग्रेस के शासन में चल रहे भ्रष्टाचार और कटमनी के खेल की जमकर आलोचना की। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ममता बनर्जी, बंगाल को कॉरिडोर और गेटवे बनाकर बांग्लादेश के लोगों की घुसपैठ करा रही, राज्य से औद्योगिक इकाइयां पलायन कर रही हैं और राज्य में कानून व्ययस्थ पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। कार्यक्रम के दौरान सिलीगुड़ी के सांसद राजू बिस्टा, पश्चिम बंगाल विधानसभा के मुख्य सचेतक डॉ शंकर घोष, विधायक आनंदमई बर्मन, अरुण मंडल, जिलाध्यक्ष इंदिरा बोस सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

### पीएम ने पश्चिम बंगाल को विशेष महत्व दिया

नवीन ने कहा कि सत्य है कि पिछले 15 वर्षों में 6000 से अधिक कंपनियां, जो पश्चिम बंगाल में व्यवसाय करती थीं, पलायन कर अन्य प्रांतों में चली गईं। इससे बड़े क्षेत्र को मिलने वाले रोजगार के अवसर समाप्त हो गए, और यह स्थिति पिछले 15 वर्षों में देखने को मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पश्चिम बंगाल को विशेष महत्व दिया है। कई वंदे भारत ट्रेनें इस केंद्र से प्रारंभ हो रही हैं और यहां तक आ रही हैं। गुवाहाटी सहित पूरे नॉर्थ ईस्ट को जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। यहीं से कोलकाता, बनारस तथा पटना के माध्यम से मुगलसराय क्षेत्र को भी कनेक्टिविटी प्रदान की जा रही है।




### भारत की अर्थव्यवस्था में बंगाल की हिस्सेदारी घटी

नवीन ने कहा कि एक समय बंगाल एक बड़ा औद्योगिक क्षेत्र था, लेकिन आज इसका पतन तेजी से हो रहा है। राज्य सरकार ने जिस प्रकार इस क्षेत्र को महत्व देना चाहिए था, वह महत्व नहीं दिया। केवल इस इलाके की नहीं, बल्कि पूरे बंगाल की स्थिति पर विचार करना चाहिए। एक समय भारत की अर्थव्यवस्था में बंगाल की भागीदारी 10 प्रतिशत से अधिक थी यानी देश की समग्र वृद्धि में लगभग 10 प्रतिशत योगदान बंगाल की अर्थव्यवस्था का होता था, जो अब घटकर लगभग 5 प्रतिशत रह गया है। यह गिरावट अपने आप में बहुत बड़ी है। जब यह कहा जाता है कि बंगाल के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है, तो ये आँकड़े उसी तथ्य को स्पष्ट करते हैं। कई बड़ी कंपनियों का पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि जब उस समय की कम्युनिस्ट सरकार मारुति के सेंटर को यहां स्थापित होने की अनुमति नहीं दे रही थी, तब टाटा के मुद्दे पर एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया गया था। आज उस आंदोलन को

### भारतीय नागरिकों को अधिकार मिलेंगे

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि यह अत्यंत चिंता का विषय है, जब बांग्लादेशी घुसपैठ की बात की जाती है तो उसे अलग दृष्टि से देखा जाता है। भारत में रहने वाले प्रत्येक नागरिक, चाहे वह हिंदू हो, मुस्लिम हो, सिख हो या ईसाई, सभी को उनका अधिकार मिलेगा। लेकिन विदेश के लोगों को लाकर भारत में बसाना और उन्हें यहाँ के लोगों के अधिकार देना स्वीकार नहीं किया जा सकता। पीएम नरेंद्र मोदी जी जब कोई योजना लाते हैं तो उसका उद्देश्य केवल यह होता है कि जो गरीब है उसे लाभ मिले और जो पिछड़ा है वह आगे बढ़े। परंतु यह स्वीकार्य नहीं हो सकता कि कोई व्यक्ति देश को आश्रयस्थल समझकर यहाँ के नागरिकों का अधिकार छीन ले। जब केंद्रीय सहायता की चर्चा होती है तो आँकड़ों पर ध्यान देना चाहिए। पिछले 10 वर्षों में, जब केंद्र में वर्तमान सरकार नहीं थी और कांग्रेस तथा टीएमसी समर्थित सरकार थी, तब बंगाल के विकास के लिए लगभग साढ़े चार लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए। जबकि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बंगाल के विकास पर खर्च की गई। पहले पूरे बंगाल में कोई एम्स नहीं था और उपचार के लिए दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब राज्य में एम्स की स्थापना हुई है, जो वर्तमान सरकार की देन है। रेलवे क्षेत्र में भी यूपीए सरकार के 10 वर्षों में लगभग 15,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था, जबकि पिछले 11 वर्षों में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है।

### ममता बांग्लादेशियों की घुसपैठ करवा रहीं

नवीन ने कहा कि बंगाल को कॉरिडोर और गेटवे बनाकर बांग्लादेश के लोगों की घुसपैठ कराई जा रही है, जिससे कई राज्यों की जनसांख्यिकी प्रभावित हो रही है। राज्य को जो नुकसान हो रहा है, उसके संबंध में वे पहले ही एक आँकड़ा प्रस्तुत कर चुके हैं और ये वही आँकड़े हैं जो डिलीट हो चुके हैं। 50 लाख से अधिक मामलों की जाँच इस समय निर्वाचन आयोग द्वारा न्यायपालिका और सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में की जा रही है। इन्हीं

### सीमा पर फेंसिंग लगाने से किया मना

जब केंद्र ने सीमा पर फेंसिंग के लिए जमीन मांगी ताकि बॉर्डर को सील किया जा सके, तब उस जमीन की फाइल वर्षों तक लंबित रखी गई। जमीन इसलिए नहीं दी गई क्योंकि सीमा पर फेंसिंग हो जाने से ममता बनर्जी के वोट बैंक को नुकसान पहुंचता। ममता बनर्जी आखिर किसके पक्ष में हैं? यदि वे सच में बंगाल के लोगों के साथ होतीं, तो उनके साथ ऐसा सौतेला व्यवहार नहीं किया जाता।

### बंगाल में वसूली का खेल जारी

उन्होंने कहा कि व्यवसायियों के लिए सबसे बड़ा विषय सुरक्षा का होता है। जिस प्रकार से पूरे बंगाल में वसूली का खेल चल रहा है, उससे सभी भली-भांति परिचित हैं। गिट्टी और बालू खरीदने पर भी टैक्स देना पड़ता है और यदि मोहल्ले में कोई नया विकास कार्य करना हो तो उसके लिए भी टैक्स देना पड़ता है। यदि यह टैक्स सरकार के खाते में जाता तो किसी को आपत्ति नहीं होती, लेकिन जब वह ममता बनर्जी के खाते में जाता है तो तकलीफ होती है। मैं यह विषय विशेष रूप से इसलिए उठा रहा हूं क्योंकि सामने ऐसे व्यवसायी और बुद्धिजीवी उपस्थित हैं, जो समाज को दिशा देने की क्षमता रखते हैं। आप सभी लोगों का मत देश को सुरक्षित करेगा, बंगाल को नया और विकसित बंगाल बनाने में सहयोग देगा और भारत को विकसित भारत बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा।

# भारत-कनाडा के बीच यूरेनियम आपूर्ति और लघु मॉड्यूलर रिएक्टर पर समझौता कांग्रेस की देन

## जयराम रमेश ने किए कई दावे

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली



भारत और कनाडा के बीच यूरेनियम की आपूर्ति तथा लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण में सहयोग को लेकर एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस समझौते को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा है कि यह 2008 में हुए भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते का ही परिणाम है।

### ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारत का पहला वाणिज्यिक परमाणु ऊर्जा संयंत्र महाराष्ट्र स्थित तारापुर एटॉमिक पावर स्टेशन में स्थापित किया गया था। इसके बाद कनाडा ने भारत को भारी जल रिएक्टर स्थापित करने में तकनीकी सहयोग दिया। तमिलनाडु के कलपक्कम सहित अन्य स्थानों पर स्थापित इन रिएक्टरों को कनाडा ड्यूटेरियम यूरेनियम तकनीक के कारण 'कैंडू रिएक्टर' कहा गया। लेकिन 18 मई 1974 को राजस्थान के पोखरण में भारत द्वारा किए गए शांतिपूर्ण परमाणु विस्फोट के बाद कनाडा ने अपना सहयोग रोक दिया था। उस समय कई पश्चिमी देशों ने भारत के परमाणु कार्यक्रम पर आपत्ति जताई थी।

### 2008 का समझौता बना आधार

जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि भारत और कनाडा के बीच आज जो समझौता संभव हुआ है, उसकी पृष्ठभूमि अक्टूबर 2008 में हुए भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते से जुड़ी है। यह समझौता तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की दृढ़ इच्छाशक्ति और लगातार प्रयासों का परिणाम था।

उन्होंने यह भी कहा कि उस समय भारतीय जनता पार्टी ने इस समझौते का जोरदार विरोध किया था, लेकिन इसी समझौते के कारण भारत को वैश्विक परमाणु व्यापार में भागीदारी का अवसर मिला और अन्य देशों के साथ सहयोग के रास्ते खुले।

### लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों का महत्व

लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों को भविष्य की सुरक्षित, स्वच्छ और किफायती परमाणु ऊर्जा तकनीक माना जा रहा है। इनका आकार पारंपरिक परमाणु संयंत्रों की तुलना में छोटा होता है, जिससे इन्हें स्थापित करना अपेक्षाकृत आसान होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे भारत की ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

स्टडी इन इंडिया एजु-डिप्लोमैटिक एन्क्लेव 2026 में शिक्षा मंत्री बोले

# नई शिक्षा नीति से वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में भारत की स्थिति हुई मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि वर्ष 2047 तक, जब देश आजादी के 100 साल पूरे करेगा, तब तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है। भारत की ताकत उसकी युवा आबादी है। बड़ी संख्या में युवा पढ़ रहे हैं, नए विचार ला रहे हैं और नई तकनीक पर काम कर रहे हैं। धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में आयोजित स्टडी इन इंडिया एजु-



धर्मेंद्र प्रधान

डिप्लोमेटिक एन्क्लेव 2026 में बोल रहे थे। यहां उन्होंने 50 से अधिक देशों के राजनयिकों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार चाहती है कि दुनिया के बड़े विश्वविद्यालय भारत में अपने परिसर

### भारत वैश्विक शैक्षणिक केंद्र बन रहा

शिक्षा मंत्री ने विदेशी उच्च शिक्षा संस्थानों से भारत की तेजी से विकसित हो रही, नवाचार-आधारित शिक्षा प्रणाली के साथ सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत अब सिर्फ पढ़ाई करने की जगह नहीं, बल्कि एक बड़ा शैक्षणिक केंद्र बन रहा है। भारत चाहता है कि न केवल विदेशी संस्थान बल्कि दूसरे देशों

# यूट्यूबर सलीम पर हमला करने वाला ढेर

**गाजियाबाद।** यूट्यूबर सलीम वास्तिक की गला रेतकर हत्या का प्रयास करने वाले दो



कट्टरपंथियों में से एक पुलिस ने रविवार की रात लोनी थाना क्षेत्र में एनकाउंटर में ढेर कर दिया। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। वहीं इस पुलिस ऑपरेशन में दो पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हो गए हैं।


हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
लेकर आए हैं

आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट

दिनांक: 18 से 21 मार्च, 2026

| नीलामी की तिथि | सम्पत्तियों का ब्यौरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 18 मार्च, 2026 (बुधवार) | • आवासीय व व्यावसायिक साईट्स (प्रेफरेंशियल)<br>• नर्सिंग होम साईट्स<br>• क्लिनिक साईट्स<br>• सभी स्कूल साईट्स | सभी ज़ोन |
| 19 मार्च, 2026 (गुरुवार) | • आवासीय व व्यावसायिक साईट्स (सामान्य) | गुरुग्राम और रोहतक ज़ोन |
| 20 मार्च, 2026 (शुक्रवार) | • आवासीय व व्यावसायिक साईट्स (सामान्य) | फरीदाबाद, हिसार और पंचकूला ज़ोन |
| 21 मार्च, 2026 (शनिवार) | मेजर साईट्स<br>• व्यावसायिक साईट्स<br>• होटल साईट्स<br>• अस्पताल साईट्स<br>• संस्थागत साईट्स<br>• बहु मंज़िला ईमारत साईट्स | सभी ज़ोन |

नोट: ई-नीलामी नीति दिनांक 19.09.2025 की धारा संख्या 4 में संशोधन के अनुसार, मेजर साईट्स (केवल व्यावसायिक साईट्स, होटल साईट्स एवं बहु-मंज़िला ईमारत) के लिए अब सिर्फ न्यूनतम तीन (3) ई.एम.डी. अनिवार्य होंगी, जिसकी 21.03.2026 को नीलामी है।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरु की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसाइटी/समिति भाग ले सकते हैं।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ईमेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
hsvphry.org.in. Hsvphry

स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें एच एस वी पी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hsvphry.org.in
ADVT 004/26


महाराष्ट्र के पालघर में ओलियम गैस लीक

# फैला धुंआ, सड़कों पर बेहोश हुए लोग, 2 किमी तक असर

आसपास की फैक्ट्रियां खाली कराईं

आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर पहुंची

एजेंसी ⏭ पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक रासायनिक यूनिट से दोपहर को ओलियम (फ्यूमिंग सल्फ्यूरिक एसिड) गैस का रिसाव हुआ। गैस लीक शुरू होते ही कंपनी के कर्मचारी जान बचाकर बाहर भागने लगे। आसपास की अन्य इकाइयों से करीब 2600 कामगारों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया। कई लोग सड़क पर ही बेहोश होते हुए दिखाई दिए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि एमआईडीसी डी-जोन क्षेत्र में स्थित भागेरिया केमिकल्स कंपनी (पूर्व में जेनिथ केमिकल्स के नाम से जानी जाती थी) की इकाई से जहरीली गैस का रिसाव हुआ, जिसके चलते जिला प्रशासन और आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत कार्रवाई की।



गैस लीक से सड़कों पर प्रभावित पीड़ित

### लोगों में दहशत का माहौल

स्थानीय निवासियों और कामगारों में घबराहट का माहौल रहा। खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन दल मौके पर पहुंचे और लीकेज बंद करने की कोशिशें की गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर टेंडर, आपदा प्रबंधन टीमें और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। ओलियम गैस को रोकने और टैंक को सुरक्षित करने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

### दोपहर 2 बजे शुरू हुआ रिसाव

जानकारी के अनुसार, गैस लीकेज दोपहर करीब 2 बजे उस टैंक/सिस्टम से शुरू हुआ जिसमें ओलियम भरा था। दरअसल ओलियम हवा के संपर्क में आते ही सल्फर डाइऑक्साइड और अन्य सल्फर ऑक्साइड में बदल जाता है, जिसके कारण क्षेत्र में घने धुएं के बादल फैलने लगे। लीक के समय हवा पश्चिम से पूर्व दिशा में बह रही थी, जिससे गैस तेजी से दूर तक पहुंच गई। इसका प्रभाव 2 किलोमीटर के दायरे तक महसूस किया गया। गैस के संपर्क में आए लोगों में घबराहट फैल गई। उन्होंने लाल आंख और तेज जलन, गले में खराश, सूखापन और सांस लेने में मुश्किल, सीने में जलन, मितली और घबराहट जैसी स्थिति बताई।

## खबर संक्षेप

### होंडा मोटरसाइकिल की बिक्री में 34% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की फरवरी, 2026 में कुल बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 5,67,351 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने की तुलना में काफी अधिक है।कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। फरवरी की कुल बिक्री में घरेलू बाजार में बेची गई 5,13,190 इकाइयां और 54,161 इकाइयों का निर्यात शामिल है।

### बजाज ऑटो की बिक्री फरवरी में 27% बढ़ी



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड की कुल वाहन बिक्री फरवरी में 27 प्रतिशत बढ़कर 4,48,259 इकाई हो गई। पिछले साल इस महीने में यह आंकड़ा 3,52,071 इकाई रहा था। पिछले महीने उसकी कुल घरेलू बिक्री 2,32,581 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि के 1,83,415 इकाई के आंकड़े की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है।

# होर्मुज से आवाजाही बहाल न होने पर 100 डॉलर प्रति बैरल हो सकते हैं दाम

## पश्चिम एशिया में संकट गहराया...

## कच्चा तेल करीब 10 प्रतिशत उछला



एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के समन्वित हमलों के बाद पश्चिम एशिया में जंग के हालात से सोमवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया। ऊर्जा आपूर्ति शृंखला में व्यवधान की आशंका से कारोबारियों में बेचैनी देखी गई। होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर यातायात जल्द बहाल नहीं होने की स्थिति में कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर जा सकती हैं।

कारोबारी इस आशंका पर दांव लगा रहे हैं कि ईरान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों से कच्चे तेल की आपूर्ति धीमी पड़ सकती है या ठप हो सकती है। क्षेत्र में हमलों, खासकर फारस की खाड़ी के संकरे प्रवेश मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे दो जहाजों पर हमले के कारण निर्यात क्षमता प्रभावित हुई है।

### सात-आठ देशों को होता है इस मार्ग से निर्यात

यह तेल मार्ग विश्व का सबसे अहम 'चोकपॉइंट' (संकरा रणनीतिक मार्ग) माना जाता है। होर्मुज जलडमरुमध्य के उत्तर में ईरान स्थित है, जबकि इस रास्ते से सऊदी अरब, कुवैत, इराक, कतर, बहरीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान का तेल एवं गैस निर्यात होता है।

- वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया
- आपूर्ति शृंखला में व्यवधान की आशंका से कारोबारियों में बेचैनी देखी गई
- लंबे संघर्ष से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है

### ईरान का अधिकांश तेल निर्यात चीन को

ईरान प्रतिदिन लगभग 16 लाख बैरल तेल का निर्यात करता है, जिसका अधिकांश हिस्सा चीन को जाता है। यदि ईरान का यह निर्यात बाधित होता है तो चीन को वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत तलाशने पड़ सकते हैं, जिससे वैश्विक ऊर्जा कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है।

### ओपेक उत्पादन बढ़ाने जा रहा

पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) ने कहा कि वह अप्रैल में प्रतिदिन 2,06,000 बैरल उत्पादन बढ़ाने जा रहा है। उत्पादन बढ़ाने वाले देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, यूएई, कुवैत, कजाखस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं।

### आपूर्ति का पांचवां हिस्सा होर्मुज से गुजरता है

*रिस्टैड एनर्जी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉर्ज लियोन ने कहा, /"वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। ऐसे में बाजार इस बात को लेकर अधिक चिंतित है कि कच्चे तेल की खेप वास्तव में यहां से जा पाएगी या नहीं। यदि खाड़ी क्षेत्र में आवाजाही बाधित होती है तो अतिरिक्त उत्पादन से तत्काल राहत सीमित रहेगी।/"*

### 73 डॉलर पर कारोबार कर रहा

*ऊर्जा क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में हमले लंबे समय तक जारी रहे तो कच्चे तेल और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। सीएमई ग्रुप के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका में उत्पादित वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) कच्चा तेल सोमवार सुबह करीब नौ प्रतिशत चढ़कर 73 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।*

### कच्चा तेल 80 डॉलर के करीब पहुंच गया

*शुक्रवार को यह लगभग 67 डॉलर पर था। फैक्टसेट के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 10 प्रतिशत चढ़कर 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया। शुक्रवार को ब्रेंट क्रूड 72.87 डॉलर प्रति बैरल पर रहा था। ऊर्जा विश्लेषण कंपनी रिस्टैड एनर्जी ने कहा कि प्रतिदिन लगभग 1.5 करोड़ बैरल यानी वैश्विक आपूर्ति का करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।*

# विमानन व हॉस्पिटेलिटी के शेयरों में बड़ी गिरावट 1048 अंक गिरा सेंसेक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- कच्चे तेल की कीमतों में उछाल का पड़ा असर
- निवेशकों ने इन कंपनियों के शेयरों में की मुनाफावसूली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र बंद होने से विमानन एवं यात्रा कारोबार से जुड़ी कंपनियों के शेयर सोमवार को बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विमान ईंधन एटीएफ के महंगा होने की आशंका से निवेशकों ने इन शेयरों में मुनाफावसूली की।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का परिचालन करने वाली इंटरग्लोब एविएशन का शेयर बीएसई पर कारोबार में 7.50 प्रतिशत तक लुढ़कने के बाद 6.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। स्पाइसजेट एयरलाइन के शेयर में भी 9.20 प्रतिशत तक की गिरावट आई और यह 5.72 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। ऑनलाइन ट्रैवल कंपनियों में यात्रा ऑनलाइन 9.59 प्रतिशत टूट गया, ईजी ट्रिप प्लानर्स में 7.08 प्रतिशत, टीबीओ टेक में 4.04 प्रतिशत, थॉमस कुक इंडिया में 3.57 प्रतिशत और ली ट्रेवेन्यूज टेक्नोलॉजी के शेयर में 2.08 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार में व्यापक बिकवाली के बीच बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 2,743.46 अंक यानी 3.37 प्रतिशत टूटकर 78,543.73 अंक पर आ गया था। हालांकि, निचले स्तर पर खरीदारी आने से अंत में यह 1,048.34 अंक यानी 1.29 प्रतिशत के नुकसान के साथ 80,238.85 अंक पर बंद हुआ। खासकर खाड़ी देशों के प्रमुख विमानन केंद्रों के जरिये भारत-यूरोप मार्ग पर उड़ानों में व्यवधान की स्थिति बनी है। भारतीय टूर ऑपरेटर संघ (आईएटीओ) ने बताया कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगने से बुकिंग रद्द होने और यात्रा कार्यक्रम में बदलाव के अनुरोधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### रुपया 42 पैसे गिरकर 91.50 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के कारण वैश्विक स्तर पर जोखिम से बचने की धारणा प्रबल होने से सोमवार को रुपया 42 पैसे की भारी गिरावट के साथ 91.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इन सैन्य हमलों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया है और अमेरिकी मुद्रा की मांग में तीव्र वृद्धि हुई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## वनतारा का एक साल : उपचार, पुनर्वास और वन्यजीव संरक्षण में गढ़ी नई मिसाल



**जामनगर।** गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा ने एक वर्ष का सफर पूरा करते हुए वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के बाद बीते एक वर्ष में वनतारा, घायल और संकटग्रस्त वन्यजीवों के बचाव, अत्याधुनिक उपचार और विज्ञान आधारित संरक्षण के एक समग्र मॉडल के रूप में उभरा है। उद्योगपति अनंत अंबानी की परिकल्पना से शुरू हुई इस पहल ने पहले ही वर्ष में हजारों वन्यजीवों को नया जीवन देने का प्रयास किया है। शेर, चीते जैसी बड़ी बिल्लियों, सरीसृपों, प्राइमेट्स, पक्षियों और अन्य स्तनधारियों सहित विभिन्न प्रजातियों के जानवरों को बचाकर उनका उपचार किया गया, जबकि कई स्वस्थ होने के बाद दोबारा प्राकृतिक आवासों जैसे जंगलों में लौटाए गए। संरक्षण के प्रति उनके प्रयासों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली और उन्हें ग्लोबल ह्यूमेन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वनतारा को ग्लोबल ह्यूमेन कंज़र्वेशन सर्टिफ़िकेशन, और प्राणि मित्र अवॉर्ड 2025 जैसे पुरस्कारों से नवाजा गया है। वनतारा ने विशेष रूप से उन जानवरों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया, जिन्हें शोषण या कठिन परिस्थितियों से मुक्त कराया गया था। लकड़ी ढुलाई, सर्कस और सवारी जैसी गतिविधियों से बचाए गए 250 से अधिक हाथियों को यहां दीर्घकालिक चिकित्सा और पुनर्वास सुविधा मिल रही है। इसके साथ ही हजारों मगरमच्छों और अन्य वन्यजीवों के लिए वैज्ञानिक निगरानी और पोषण आधारित देखभाल व्यवस्था विकसित की गई है।

## मास्टर और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए आवेदन आमंत्रित किया



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के अध्यक्ष प्रो. योगेश सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (क्यूआईपी) के अंतर्गत पूर्णकालिक पीजी और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की घोषणा की और इसके लिए डेडिकेटेड पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि क्यूआईपी का मुख्य लक्ष्य देशभर के डिग्री और डिप्लोमा स्तर के संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों की शैक्षणिक दक्षता, अध्यापन क्षमता और शोध कौशल को सुदृढ़ करना है। यह कार्यक्रम शिक्षकों को गहन विषय-ज्ञान और आधुनिक शिक्षण-कौशल से सशक्त बनाएगा, जिससे भारत में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता और मजबूत होगी।

## अक्षय पात्र ने दिल्ली में मॉर्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम लॉन्च किया



नई दिल्ली। भारत सरकार के पीएम पोषण (मिड-डे मील योजना) के कार्यान्वयन भागीदार द अक्षय पात्र फाउंडेशन ने दिल्ली में मॉर्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया। यह पहल बाल पोषण को सुदृढ़ करने के साथ-साथ फाउंडेशन के उस संकल्प को भी साकार करती है कि भारत में कोई भी बच्चा भूख के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। इस पहल का उद्देश्य पिछले 6 वर्षों में अक्षय पात्र के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए 90,000 स्कूली बच्चों को रेडी-टू-ईट मॉर्निंग एनर्जी स्नैक्स प्रदान करना है। मॉर्निंग न्यूट्रिशन प्रोग्राम प्रारंभिक पोषण की उस महत्वपूर्ण आवश्यकता को संबोधित करेगा, जो बच्चों के संज्ञानात्मक विकास, कक्षा में सहभागिता और दीर्घकालिक अधिगम परिणामों को सीधे प्रभावित करती है।

## सेवा संकल्प प्रस्ताव भारत की विकास यात्रा में एक नया अध्याय



**नई दिल्ली।** भारत की विकास यात्रा में नए आरंभ के प्रतीक सेवा संकल्प प्रस्ताव को आज उर्वरक विभाग में दोहराया गया। यह संकल्प 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा भाव और राष्ट्र निर्माण के व्यापक लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपनाया गया है। आज ऊर्वरक विभाग, कर्तव्य भवन में रजत कुमार मिश्र, सचिव, उर्वरक विभाग की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री प्रतिपादित सेवा संकल्प को दोहराया गया तथा इसके उद्देश्य और क्रियान्वयन के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। यह आयोजन 24 फरवरी को मोदी की अध्यक्षता में नए प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की ऐतिहासिक प्रथम बैठक के अनुरूप था।

## इंफ्रास्ट्रक्चर से डेमू ट्रेन की उपलब्धता और यात्री सुविधा में सुधार किए

**मालीगांव।** पूर्वोत्तर और आस-पास के क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने, यात्रियों की सुविधा बेहतर करने और परिचालन अवसंरचना को सुदृढ़ करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) निरंतर मजबूत कर रहा है। हालिया पहलों की एक श्रृंखला में शुरू किए गए कई पहलों में इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेड और डेमू रेक को बढ़ाना शामिल है। इससे इस क्षेत्र को व्यापक सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलेगा। एक उल्लेखनीय विकास में, न्यू बंगाईगांव कैरेज एंड वैगन कारखाना के नवनिर्मित डेमू शेड में एक लोड बॉक्स टेस्टिंग की सुविधा शुरू कर दी गई है। कारखाना ने आवश्यक इलेक्ट्रिकल संशोधन सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं, जिसमें नए शेड में ही केबल एक्सटेंशन का प्रावधान और लोड बॉक्स टेस्टिंग करने के लिए एक अतिरिक्त पैनल लगाना शामिल है। यह आधुनिक व्यवस्था टेस्टिंग कार्यों के लिए सुरक्षित और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करता है। इस सुविधा के चालू होने से, डेमू रेक के ड्राइविंग पावर कार्स (डीपीसी) को अब उसी शेड में टेस्ट किया जाएगा।

## आज दिल्ली क्षेत्र से उत्तर रेलवे द्वारा 22 स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए, खासकर होली का त्योहार मनाने के लिए देश के पूर्वी हिस्सों में जाने वालों की सुविधा के लिए दिल्ली एरिया के स्टेशनों पर बेहतर इंतज़ाम किए हैं। आज, दिल्ली एरिया के बड़े स्टेशनों से 22 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई । 01.03.2026 को, 22 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं और दिल्ली एरिया से लगभग 3.36 लाख यात्री अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए , यानी पिछले साल की इसी तारीख (होली से 3 दिन पहले 11.03.2025) की तुलना में 18.07% ज़्यादा। पिछले पाँच दिनों में, दिल्ली एरिया से लगभग 14 लाख यात्रियों ने यात्रा की है। दिल्ली एरिया के बड़े स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ की लगातार मॉनिटरिंग के आधार पर, कल, 03.03.2026 को 22 स्पेशल ट्रेनें चलाने की योजना है। उत्तर रेलवे के अधिकारी यात्रियों के लिए आसान और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली एरिया के बड़े स्टेशनों पर भीड़ की स्थिति पर लगातार नज़र रख रहे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता / निर्माण, उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली एकल पैकेट पद्धति ई–निविदा के आधार पर नीचे लिखे हुए कार्य के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थल | उत्तरी रेलवे के दिल्ली–रेवाड़ी खंड पर बिजवासन में कोचिंग/ माल ढुलाई हैंडलिंग टर्मिनल के विकास के संबंध में प्लेटफार्मों और स्टेबलिंग लाइनों, रास्तों, जल निकासी कार्यों में नालियों पर नाली कवर प्रदान करना और लगाना और अन्य विविध संबंधित कार्य। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 09 (नौ) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 371.40 लाख |
| 4. | धरोहर राशि (जो कि ऑनलाइन जमा की जानी है) | रु. 3,35,700/– |
| 5 | ई–निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खुलने की तिथि और समय | निविदा दस्तावेज 15.00 बजे दिनांक 03.03.2026 से 24.03.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाइट अर्थात् www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। |
| 6. | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | 24.03.2026 को 15.00 बजे तक निविदाकर्ता द्वारा 03.03.2026 से 24.03.2026 तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर निविदा दस्तावेज अपलोड की जा सकती है। |
| 7 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.00 बजे दिनांक 24.03.2026 को खोली जाएंगी। उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी विस्तृत सूचना देखी जा सकती है। |

No-547-ACS-DRNCOVER-BWSN-CSB Dated- 02.03.2026 706/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मिडिल ईस्ट तनाव से एशियाई देशों में बढ़ा जोखिम: मूडीज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष तेज होने से भारत और एशिया के अन्य वस्तु आयातक देशों के लिए जोखिम बढ़ गया है। ऊर्जा और व्यापार मार्ग बाधित होने से आपूर्ति एवं कीमतों पर दबाव बढ़ सकता है। मूडीज एनालिटिक्स ने सोमवार को यह आशंका जताई। ईरान पर अमेरिका एवं इजराइल की साझा सैन्य कार्रवाई और उसके बाद ईरान के जवाब हमलों से कच्चे तेल एवं गैस की आपूर्ति के प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। यह जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग है, जहां से दुनिया के समुद्री मार्ग से होने वाले कच्चे तेल निर्यात का लगभग एक-तिहाई और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की करीब 20 प्रतिशत खेप गुजरती है।

### ब्याज दरों में कटौती रोकनी पड़ सकती है

शेयर बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट देखी गई। मूडीज ने आगाह किया कि ऊंची जिंस कीमतें उपभोक्ता एवं उत्पादक मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं, जिससे केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरों में कटौती रोकनी पड़ सकती है या दरें बढ़ानी पड़ सकती हैं। ऐसा होने पर आयात बिल बढ़ेगा, व्यापार घाटा बढ़ेगा और मुद्रा पर भी दबाव पड़ सकता है।

### भारत तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक भारत अपनी जरूरत का लगभग आधा कच्चा तेल इसी मार्ग से आयात करता है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से लाल सागर और व्यापक पश्चिम एशिया में और बाधाओं का जोखिम बढ़ गया है।

## कॉलेज में खेली गई फूलों की होली प्रेम, रंग और भाईचारा का प्रतीक



**गुरुग्राम।** सेक्टर 34 में स्थित डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रांगण में रंगोत्सव के त्योहार पर फूलों की होली खेली गई। जिसमें गुरुग्राम के जाने माने नृत्य कलाकारों ने राधा-कृष्ण के रूप में अपनी प्रस्तुति देकर समारोह को यादगार बनाया। इस दौरान संस्था के वाइस चेयरमैन श्री बिजेंदर गहलोत जी और कॉलेज की एमडी डॉ प्रीति गहलोत जी एवं डायरेक्टर प्रो आर सी कुहाड़ जी ने सभी को होली की शुभकामनाएँ प्रेषित की और सभी को रंगों का यह पर्व मिल-जुलकर मनाने का संदेश दिया। कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर डॉ मुकेश यादव जी ने बताया कि होली का त्योहार हमारे जीवन में सामाजिक एकता, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करता है। भारतीय संस्कृति की यही एक खूबसूरती है कि हम त्योहारों पर आपसी मनमुटाव भुलाकर एक हो जाते हैं। रजिस्ट्रार प्रोफेसर टीआर नरूला जी ने बताया कि वैसे तो यह त्योहार रंगों का त्योहार है परंतु पक्के रंगों में तरह तरह के केमिकल मिले होते हैं और ये पक्के रंग हानिकारक होते हैं इसलिए पक्के और पानी में घुलने वाले रंगों से हमें परहेज करना चाहिए और हमें सूखे रंगों यानि गुलाल और अबीर से होली खेलना चाहिए, संभव हो तो फूलों से होली खेलना चाहिए।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **पन्ना सिंह, पुत्रः** श्री दीपा सिंह, **पताः** मकान न. डी–17, मानसरोवर पार्क, शाहदरा, दिल्ली, ने **FIR No. 418/2017, U/s: 380/411 IPC, थानाः तीमारपुर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पन्ना सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **पन्ना सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 418/2017, U/s: 380/411 IPC, थानाः तीमारपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **पन्ना सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह, एल.डी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी –02
जिला केन्द्रीय, कमरा न. 26
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

DP/2693/N/2026
(Court Matter)

## राशिफल

- **मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।
- **वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न
- **मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।
- **कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।
- **कन्या** — पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।
- **तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।
- **वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।
- **धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर–परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।
- **मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।
- **कुंभ** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।
- **मीन** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 6155



***बाएँ से दाए-***
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

***ऊपर से नीचे***
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

### शब्द पहेली -6154 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बं | दा | न | वा | ज | | आ | स | मा | न |
| न | दी | | र | | ल | बा | दा | | र | जा |
| व | | ज | म | ज | म | | ब | री | | क |
| जी | म | ना | | | ह | ठ | | ता | क | त |
| व | | चा | | जे | ल | | पे | | ता | |
| न | ग | र | से | ठ | | फ | ट | का | र | ना |
| | री | | ना | | स | ना | | रो | | म |
| सु | ब | ह | | दा | म | | | बा | री | क |
| र | | क | श | | झ | न | का | र | | र |
| ता | प | | प | र | दा | | म | | क | ण |
| ल | थ | प | थ | | र | च | ना | का | र | |



5 मार्च को शाम 7 बजे वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल

# टीम इंडिया की लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम छठी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं यह लगातार तीसरा मौका है जब टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंची है। रोमांचक तथ्य यह है कि पिछली दो बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करने वाली टीम इंडिया का सामना इस बार भी इंग्लैंड से ही है। इस तरह टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार भारत-इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। पिछले दो मौकों में एक बार इंग्लैंड और एक बार भारतीय टीम विजेता रही है। पिछले दोनों मौकों पर जिस टीम ने सेमीफाइनल जीता था, आगे चलकर वही टीम चैंपियन बनी थी। टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च को शाम 7 बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है।





## 2024 में भारत ने जीता था खिताब

टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में एक बार फिर रोहित की कप्तानी वाली टीम इंडिया और बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड आमने-सामने थी। जॉर्जटाउन में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 171 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पूरी टीम 16.4 ओवर में 103 रन पर सिमट गई थी और 68 रन से मैच हार गई। भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

## 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का हुआ था सामना

टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का सामना हुआ था। एडिलेड में हुए इस मैच में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 6 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 170 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीता था। फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

## पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए भारत-इंग्लैंड



टी20 वर्ल्ड कप में भारत-इंग्लैंड पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए, जिसमें युवराज सिंह ने लगातार 6 गेंदों पर छक्के लगाते हुए तूफानी अर्धशतक लगाया। भारत ने 4 विकेट खोकर 218 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी और भारत ने 18 रन से मैच अपने नाम कर लिया।

## 2009 में इंग्लैंड ने लिया था बदला

टी20 वर्ल्ड कप 2009 में इंग्लैंड ने अपनी पिछली हार का बदला लिया। लंदन में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 5 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। यूसुफ पठान ने 17 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 33 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके।

## 2012 में हारी थी इंग्लैंड

टी20 वर्ल्ड कप 2012 में ग्रुप-ए के इस मैच में भारत ने गौतम गंभीर (45), रोहित शर्मा (नाबाद 55) और विराट कोहली (4) की शानदार पारियों के दम पर 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.4 ओवरों में 80 रन पर ऑलआउट हो गई।

# मैंने सुनी अंतरात्मा की आवाज, फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया था

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने कहा, 'मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था।'



### हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे, 'क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं।

### यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था

सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, ' यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया।' सैमसन ने कहा, 'यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा।' उन्होंने कहा, ''आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं।''

### मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया

सैमसन ने कहा,'' मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि 'संजू, तुमने इसी प्रारुप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं।' जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा, ' भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।'

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपनः संयुक्त 20वें स्थान पर रही दीक्षा

**वोलोंगोंग।** कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर महिला एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रही। दीक्षा ने पहले दौर में छह ओवर 77 का स्कोर बनाया था और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बाद हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतिम दौर में 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा। फ्रांस की खिलाड़ी अगाथे लैस्ने ने खिताब जीता। उन्होंने 16 अंडर के कुल स्कोर के साथ थाईलैंड की एप्रिल अंगुरसारानी और कोरिया की सूमिन ओह पर एक शॉट से जीत हासिल की।

### अनुष का शानदार स्कोर आत्मविश्वास भरा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ बेल्जियम ड्रेसेज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने आने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन यात्रा शुरू की। अग्रवाला ने अपने आठ साल के घोड़े फ्लोरियाना के साथ ऑर्डर में 14वें नंबर से शुरुआत करते हुए 68.85 प्रतिशत के शानदार स्कोर से आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन दिया, जिससे वह कुल मिलाकर चौथे नंबर पर रहे। वह अपने 10 साल के घोड़े फ्लिन के साथ लौटे, जिसमें उन्होंने पांचवें नंबर से शुरुआत की और इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन देते हुए 70.3 प्रतिशत का व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया। 70 प्रतिशत का स्कोर हासिल करना दबाव में निरंतरता और संयम दिखाता है।



### नई दिल्ली में एसजेएफआई का राष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। पिछले 30 वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि एसजेएफआई का वार्षिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) इस सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें एसजेएफआई अपनी स्थापना की स्वर्ण जयंती भी मनाएगा।




# दुबई में फंसी सिंधु, ऑल इंग्लैंड ओपन में बाहर रहना तय

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।



### लक्ष्य का मुकाबला शी यु ची से

भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है।

### मालविका का सामना युफेई से

*महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी।*

*पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की सायका हिरोटा और अयाको सकुरामोतो से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो का मुकाबला मलेशिया के हू पांग रॉन और चेंग सु यिन से, जबकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे का फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से होगा।*

# टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारत आएगी अफगानिस्तान टीम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान के बीच अक्सर टी20 मुकाबले खेले जाते हैं, लेकिन जल्द ही अफगानिस्तान और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट और वनडे सीरीज होने वाली है। बीसीसीआई ने भारत-अफगानिस्तान के बीच होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज का ऐलान कर दिया है। एकमात्र टेस्ट 6 से 10 जून तक न्यू चंडीगढ़ में खेला जाएगा।



### 14 जून को वनडे सीरीज का पहला मुकाबला

तीन वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 14 जून को धर्मशाला में, दूसरा मैच 17 जून को लखनऊ में और तीसरा मैच 20 जून को चेन्नई में खेला जाएगा। तीनों वनडे दोपहर 1:30 बजे से खेले जाएंगे। भारत और अफगानिस्तान के बीच अब तक एकमात्र टेस्ट खेला गया है। 2018 में बेंगलुरु में खेले गए इस टेस्ट में भारतीय टीम ने पारी और 262 रन से जीत हासिल की थी। 107 रन की पारी खेलने वाले शिखर धवन प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे थे।

# इंटर मियामी जीता : मेस्सी ने एमएलएस टूर्नामेंट में अब तक दागे 52 गोल



एजेंसी ▶▶| ऑरलैंडो

लियोनेल मेस्सी ने दूसरे हाफ में दो गोल किए, जबकि डिफेंडर टेलास्को सेगोविया ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की, जिससे मौजूदा चैंपियन इंटर मियामी ने एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में ऑरलैंडो सिटी को 4-2 से हराकर इंटर एंड कंपनी स्टेडियम में पहली बार जीत हासिल की।

पहले हाफ में दो गोल से पिछड़ने के बाद मियामी की तरफ से पहला गोल दूसरे हाफ के चौथे मिनट में माटेओ सिल्वेट्टी ने किया। मेस्सी ने सेगोविया से पास लेकर 57वें मिनट में अपना पहला गोल किया और इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। सेगोविया ने 85वें मिनट में गोल करके मियामी को बढ़त दिलाई।

मेस्सी ने 90वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके मियामी की जीत सुनिश्चित कर दी। अर्जेंटीना का यह स्टार खिलाड़ी इस तरह से एमएलएस में 52 गोल कर चुका है। मार्को पासलिच ने इवान एंगुलो से पास पर 18वें मिनट में गोल करके ऑरलैंडो सिटी को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके छह मिनट बाद मार्टिन ओजेडा ने गोल किया, जिससे ऑरलैंडो सिटी को 2-0 की बढ़त मिल गई, जो हाफ टाइम तक बरकरार रही।

### ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

**तेहरान।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।' विश्व कप में ईरान को ग्रुप जी में रखा गया है और उसे इंग्लेवुड, कैलिफोर्निया में 15 जून को न्यूजीलैंड और 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ मैच खेलने हैं। इसक बाद वह 26 जून को सिएटल में मिस्र के खिलाफ पहले दौर का अपना अंतिम मैच खेलेगा। विश्व कप फुटबॉल 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा।

# बीसीसीआई ने स्पेशल कैंप के लिए जहीर-हरभजन से किया कॉन्टैक्ट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता





बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

### ऑफ स्पिनरों को करेंगे तैयार हरभजन

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं, जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'यह एक स्वागत योग्य पहल है, जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।'

# बाबर आजम, शाहीन और सलमान पर पीसीबी ने ठोका 50 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इस वर्ल्ड कप में उनकी टीम सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई और सुपर-8 से ही बाहर हो गई। इस खराब प्रदर्शन को देखने के बाद पाकिस्तानी प्लेयर्स पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों पर जुर्माना लगा दिया है।

ये जुर्माना पाकिस्तान टीम के बड़े प्लेयर्स शाहीन अफरीदी, बाबर आजम और कप्तान सलमान अली आगा पर भी लगाया गया है। इन तीनों ही प्लेयर्स ने इस वर्ल्ड कप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। रिपोर्ट के अनुसार,



जारी टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की खराब परफॉर्मेंस का असर अब उनके खिलाड़ियों पर देखने को मिला है। यह उनके लिए महंगी साबित हुई है, क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़े खिलाड़ियों पर 5 मिलियन (50 लाख पाकिस्तानी रुपए) का जुर्माना लगाया है। यह फैसला भारत से मिली शर्मनाक हार के ठीक बाद लिया गया था। सूत्रों के मुताबिक पीसीबी के अधिकारियों ने खिलाड़ियों से साफ कह दिया है कि प्लेयर्स के साथ बहुत लाड़-प्यार हो गया। आगे से फाइनेंशियल फायदे सिर्फ अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर ही मिलेंगे।

दरअसल पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में नीदरलैंड्स से हारने से बाल-बाल बचा था। इसके बाद उन्होंने यूएसए को हराया था। हालांकि भारत के खिलाफ मैच में पाक प्लेयर्स से बेहतर परफॉर्मेंस की उम्मीद थी, लेकिन वहां भी उनकी टीम भारत के हाथों बुरी तरह पीट गई।

प्राग शतरंज महोत्सवः समय की कमी के कारण गंवाना पड़ा अंक

# गुकेश की गलती और अब्दुसत्तोरोव ने जीता एक और मैच

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा।



### फोरस्ट विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंचे

इस बीच नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जो पांच मैचों में अपनी चौथी जीत के बाद लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांचवें दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराया। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को पांच मैचों में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने हराया।

### दिव्या ने टूर्नामेंट में दर्ज की अपनी पहली जीत

चैलेंजर्स वर्ग में विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने साथी भारतीय खिलाड़ी सूर्य शेखर गांगुली को हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोव को जबकि ईरान के परहम मगसूदलू ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराया।




ब्रिटिश पीएम ने समझौते के बाद भी डिएगो गार्सिया एयरबेस का इस्तेमाल नहीं करने देने पर भड़के ट्रंप

# प. एशिया में तनाव के बीच ट्रंप-स्टार्मर आमने-सामने, कहा प्रधानमंत्री ने एयरबेस का पहले इस्तेमाल नहीं करने दिया

**1** कीर ने कहा-विशेष और सीमित रक्षा उद्देश्यों के लिए ही डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल करने देंगे

**2** रविवार रात अचानक स्टार्मर का बदल गया रुख

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




पश्चिम एशिया में इजराइल और ईरान के बीच टकराव के कारण हालात चिंताजनक हैं। अमेरिका-इजराइल एक साथ ईरान पर हमले कर रहे हैं। जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने भी अमेरिका के कई सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों से हमले किए हैं। पश्चिम एशिया में वैश्विक ताकतों के टकराव से उपजे तनावपूर्ण हालात के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर आमने-सामने आ गए हैं। ट्रंप ने आरोप लगाया है कि ब्रिटिश पीएम ने उन्हें ईरान पर हमले के लिए डिएगो गार्सिया एयरबेस का इस्तेमाल नहीं करने दिया। उन्हें ऐसे व्यवहार पर गहरा अफसोस हुआ है।ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह ईरान पर हमले के लिए डिएगो कार्सिया सैन्य अड्डे के इस्तेमाल की अनुमति न देने पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर से बहुत निराश हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री का शुरू में अमेरिकी सेनाओं को चागोस द्वीप समूह के इस सैन्य अड्डे का इस्तेमाल करने से रोकना ऐसा था, जैसा दोनों देशों के संबंधों में पहले कभी नहीं हुआ। ब्रिटेन ने अंतरराष्ट्रीय कानून का हवाला देते हुए पहले अमेरिका को डिएगो गार्सिया और आरएएफ फेयरफोर्ड जैसे ठिकानों से हमले करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, रविवार रात स्टार्मर का रुख बदला। उन्होंने कहा कि वह 'विशेष और सीमित रक्षा उद्देश्यों' के लिए ही डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल करने देंगे। ट्रंप ने कहा कि स्टार्मर ने फैसला बदलने में बहुत ज्यादा समय लगा दिया।



## चागोस समझौते को ट्रंप ने वापस लिया

*डिएगो कार्सिया को लेकर इस विवाद के चलते राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रधानमंत्री के उस विवादित चागोस समझौते से समर्थन वापस ले लिया, जिसके तहत हिंद महासागर के इस क्षेत्र का स्वामित्व मॉरीशस को सौंपकर सैन्य अड्डा वापस लीज पर लेने की योजना थी। ट्रंप ने कहा, अचानक मॉरीशस ने मालिकाना हक का दावा करना शुरू कर दिया। उन्हें (कीर स्टार्मर) पर डटे रहना चाहिए था और इसे अपने पास रखना चाहिए था या फिर स्पष्ट तौर पर सौंप देना चाहिए था। लेकिन नहीं, हम कीर से बहुत निराश हैं।*

## ट्रंप ने ब्रिटेन में मौतों के लिए जिम्मेदार ईरान को माना

ईरान पर अमेरिकी हमलों के दो दिन बाद ट्रंप ने कहा कि यह अभियान तय समय से काफी आगे चल रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि स्टार्मर को शुरू से ही डिएगो गार्सिया के इस्तेमाल की अनुमति देनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान आपके देश (ब्रिटेन) के कई लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, ऐसे लोग हैं जो हाथ, पैर और चेहरे खो चुके हैं। इनमें से 95 फीसदी मामलों के पीछे ईरान है। हालांकि, उन्होंने किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं किया।

## जंग के बीच ईशा अबू धाबी में फंसीं, माधवन अमेरिका में





**नई दिल्ली।** इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष की खबरें और हवाई क्षेत्र बंद होने के विजुअल्स इंटरनेट पर वायरल हुए, वैसे ही अजित कुमार और आर माधवन जैसे बड़े सितारों के नाम ट्रेंड करने लगे। चूंकि इन दोनों अभिनेताओं का दुबई में अपना घर है और वे अक्सर वहां समय बिताते हैं, इसलिए प्रशंसक उनकी सुरक्षा को लेकर रियल-टाइम अपडेट्स की मांग करने लगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अफवाहों और प्रशंसकों की बेचैनी को देखते हुए बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट की गई। आर माधवन ने स्वयं इस बात की पुष्टि की है कि वह वर्तमान में दुबई में नहीं, बल्कि अपने परिवार के साथ यूनाइटेड स्टेट्स में हैं। उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनकी फिक्र और दुआओं के लिए धन्यवाद दिया। माधवन ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक मिडिल ईस्ट के हालात सामान्य नहीं हो जाते, वे अमेरिका में ही रुकेंगे। उनके इस सीधे और स्पष्ट जवाब ने सोशल मीडिया पर चल रही अनवेरिफाइड रिपोर्ट्स और अफवाहों पर विराम लगा दिया, जिससे प्रशंसकों ने राहत की सांस ली।

टैंकर में करीब 59,463 मीट्रिक टन कच्चा माल लदा हुआ था

## ओमान के पास ऑयल टैंकर पर ईरान का हमला, एक भारतीय की दर्दनाक मौत

**एजेंसी,नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में भड़की युद्ध की आग अब समंदर के रास्तों को भी अपनी चपेट में ले रही है। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ओमान के तट के करीब एक बड़े तेल टैंकर पर हमला हुआ है। इस खौफनाक हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई । यह घटना अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरी है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले इस कॉमर्शियल ऑइल टैंकर का नाम 'एमकेडी व्योम' है। जानकारी के मुताबिक, यह जहाज मस्कट गवर्नरेट के तट से लगभग 52 नॉटिकल मील की दूरी पर था, जब एक मानव रहित नाव ने इसे अपना निशाना बनाया। जिस वक्त यह हमला हुआ, टैंकर में करीब 59,463 मीट्रिक टन कच्चा माल लदा हुआ था। ड्रोन के टकराते ही जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और भीषण आग लग गई। इसी धमाके की चपेट में आने से एक




भारतीय क्रू मेंबर की दर्दनाक मौत हो गई। राहत की बात यह रही कि हमले के तुरंत बाद रैस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। जहाज पर कुल 21 क्रू मेंबर मौजूद थे, जिनमें 16 भारतीय, चार बांग्लादेशी और एक यूक्रेन का नागरिक शामिल था। पनामा के झंडे वाले एक अन्य व्यापारिक जहाज 'एमवी सैंड' ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन सभी 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## पाकिस्तान का दावा- मार गिराए 350 तालिबानी, रमजान में चल रही जंग और तेज

- ***साढ़े 5 सौ से ज्यादा लोग हुए घायल***
- ***अफगान का दावा पाक के दो मिलिट्री बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट पर कब्जा किया***



**इस्लामाबाद ।** इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच भारत के पड़ोस में भी युद्ध तेज हो रहा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध का आज चौथा दिन है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में अब तक 350 से ज्यादा तालिबान लड़ाके मारे गए हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दावा किया है कि उनके मुल्क ने अफगानिस्तान के 41 ठिकानों पर हमले किए हैं। इन हमलों में तालिबान की 130 चौकियों को तबाह कर दिया गया है। इसके अलावा 530 लोग जख्मी हुए हैं और साढ़े 3 सौ लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले ऐलान किया था कि अफगानिस्तान के साथ अब हम खुली जंग में हैं। उनका कहना था कि तालिबान ने हमारी सीमा में घुसकर हमले किए हैं और अब हम उनका जवाब देंगे। इसके बाद पाकिस्तान ने काबुल, कंधार समेत अफगानिस्तान के बड़े शहरों को टारगेट करते हुए हमले किए थे।

हिंसक प्रदर्शन के चलते सुरक्षा अलर्ट जारी

## पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर वीजा सेवाएं की गईं स्थगित

***इस्लामाबाद।*** *पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि लाहौर और कराची में जारी प्रदर्शन और हिंसा, साथ ही इस्लामाबाद और पेशावर में अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी कर्मचारियों को सीमित गतिविधि और घर पर रहने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा चेतावनी में अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचार पर नजर रखने, भीड़ से दूर रहने, अपने आसपास सतर्क रहने और अपने रजिस्ट्रेशन को अपडेट रखने की सलाह दी गई है। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि कराची और लाहौर के वाणिज्य दूतावास, तथा इस्लामाबाद अमेरिकी दूतावास में 2 मार्च के सभी वीजा अपॉइंटमेंट और अमेरिकी नागरिक सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके बाद एक अमेरिकी रूढ़िवादी (कंजरवेटिव) कार्यकर्ता ने अमेरिका के विदेश विभाग से मांग की है कि पाकिस्तानियों के सभी वीजा, यहां तक कि ग्रीन कार्ड भी रद्द कर दिए जाएं।*

पश्चिम-एशिया तनाव के बीच पीएम की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक, दिए जरूरी निर्देश

# अब तक इजरायल, यूएई, सऊदी अरब और बहरीन जैसे देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हुई मामले पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बने हुए चिंताजनक हालातों के बीच केंद्र सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रही है। जिसमें एक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार देर-रात केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक आपातकालीन उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें मुख्य रूप से सभी पक्षों से जल्द से जल्द हर तरह की शत्रुता को समाप्त कर बातचीत और कूटनीति की ओर लौटने पर जोर दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर पीएम क्षेत्र में शामिल अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत भी कर रहे हैं। जिसमें तनाव को कम करने के अलावा इलाके में बड़ी तादाद में रह रहे भारतीयों के हितों को सुरक्षा प्रदान करने पर खासा जोर दिया जा रहा है। यहां बता दें कि सीसीएस की बैठक में प्रधानमंत्री के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस.जयशंकर, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री सहित अन्य वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अपनी तमिलनाडु यात्रा से लौटने के तुरंत बाद इस बैठक में भाग लिया। उधर, मामले पर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने ईरान, ओमान, इजरायल, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर और यूएई के विदेश मंत्रियों से बातचीत की है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से हुई बातचीत को लेकर उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में बताया कि ईरान और इस समूचे क्षेत्र में हालिया घटनाक्रमों पर भारत की गहरी चिंता से हम सहमत हैं। गौरतलब है कि क्षेत्र के तनावपूर्ण हालातों के बीच आगामी वक्त में पीएम की दुनिया के कुछ अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत का ये सिलसिला चलता रहेगा। जिसमें कुछ और देशों के नाम भी शामिल हो सकते हैं।

- क्षेत्र के अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ जारी प्रधानमंत्री की बातचीत का सिलसिला
- जयशंकर ने ईरान समेत अन्य देशों के विदेश मंत्रियों से की बातचीत



### सीसीएस की बैठक में परखे सुरक्षा हालात

*एक सरकारी बयान के मुताबिक, पीएम मोदी की अध्यक्षता में बीते 1 मार्च को हुई सीसीएस की बैठक में पश्चिम-एशिया में लगातार बदल रही स्थिति की व्यापक रूप से समीक्षा की गई है। इस दौरान उन्हें 28 फरवरी को ईरान में हुए हवाई हमलों और उसके बाद कई खाड़ी देशों में हुए हमलों से तनाव में हुई बढ़ोतरी के बारे में अवगत कराया गया। समिति ने इस पूरे क्षेत्र में बड़ी तादाद में रह रहे प्रवासी भारतीय समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर रूप से चिंता जाहिर की है। साथ ही समिति ने इस इलाके से होकर यात्रा कर रहे देश के नागरिकों और बोर्ड परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को हो रही परेशानियों की समीक्षा की। क्षेत्रीय सुरक्षा, आर्थिक-वाणिज्यिक गतिविधियों पर पड़ने वाले व्यापक प्रभावों की चर्चा भी सीसीएस की बैठक में की गई। समिति ने सभी संबंधित विभागों को उक्त घटनाक्रम के तहत प्रभावित भारतीयों को सहायता प्रदान करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने का निर्देश दिया है।*

### इजरायल, यूएई संग हुई बातचीत का सार

*प्रधानमंत्री ने अपनी कुछ एक्स पोस्ट के जरिए बताया कि तनाव के बीच उनकी इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब और बहरीन के शीर्ष नेताओं के साथ टेलीफोन पर बातचीत हुई है। जिसमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हुई बातचीत को लेकर पीएम ने पोस्ट में लिखा, हमारी वार्ता में वर्तमान में क्षेत्र में बनी हुई स्थिति पर चर्चा की गई है। जिसमें हालिया घटनाक्रम के बारे में मैंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को भारत की चिंताओं से अवगत कराया और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया है। इसके अलावा मैंने जल्द दुश्मनी को खत्म करने की आवश्यकता पर देश की स्थिति को पुनः दोहराया है। उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ हुई बातचीत को लेकर कहा कि मैंने राष्ट्रपति के समक्ष उनके देश पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की है और इनमें जान गंवाने लोगों के प्रति गहन संवेदना प्रकट की है। भारत इस कठिन समय में यूएई के साथ एकजुटता से खड़ा है। भारत तनाव कम करने, क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा-स्थिरता का समर्थन करता है। मैंने राष्ट्रपति नाहयान को यूएई में रहने वाले भारतीय समुदाय की देखभाल करने के लिए धन्यवाद दिया है।*

### सऊदी, बहरीन के नेताओं से भी हुई चर्चा

*प्रधानमंत्री ने सोमवार को सऊदी अरब के युवराज और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान से पश्चिम-एशिया की बदलती स्थिति पर टेलीफोन के जरिए संवाद किया। सऊदी अरब में हाल ही में हुए हमलों की पुरजोर निंदा की गई। जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। मैं और प्रधानमंत्री सलमान इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही मैंने इस मुश्किल समय में भारतीय समुदाय की ध्यान रखने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री मोदी की बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा के साथ भी बातचीत हुई है। जिसे लेकर उन्होंने एक्स पोस्ट में बताया कि मैंने राजा खलीफा को कहा कि भारत, बहरीन पर हुए हमलों की निंदा करता है और इस मुश्किल वक्त में वहां के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। बहरीन में भारत के लोगों को दिए गए उनके अटूट समर्थन के लिए मैंने उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109